CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

35 YEARS देशबन्धु

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, बुधवार, 7 मई 2025 । वर्ष – 35 । अंक – 7 । पृष्ठ – 12 । मूल्य – 4.00 रु



■ कौन चाहता है युद्ध और क्या हासिल होगा उससे
■ जातिवार जनगणना से जुड़ी अपार संभावनाएं
पृष्ठ 4

■ अमेरिका छोड़ने वाले अवैध अप्रवासियों को मिलेगा 1, डॉलर का स्टाइपेंड
■ इजरायल ने हिज्बुल्लाह के हथियार ठिकानों पर किया हमला
पृष्ठ 9

नेतृत्व की मांगों को पूरा करना 'बहुत कठिन' हो रहा था : कोहली
पृष्ठ 10

# पाकिस्तान बॉर्डर के पास हवाई अभ्यास करेगा भारत

## युद्ध की आशंका के बीच भारतीय वायु सेना आज और कल युद्धाभ्यास करेगी

**नई दिल्ली**, 6 मई (एजेंसियां)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बहुत ज्यादा बढ़ गया है। युद्ध की आशंका के बीच भारतीय वायुसेना भारत–पाक सीमा के दक्षिणी भाग पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले का अभ्यास करेगी। ये हवाई एयर एक्सरसाइज बुधवार और गुरुवार को होगा।

■ **प्रभावित क्षेत्रों मेंजहाज, ड्रोन के उड़ने पर पाबंदी रहेगी**

जानकारी के अनुसार, भारत ने भारत–पाकिस्तान सीमा के दक्षिणी भाग पर 7 और 8 मई को होने वाले बड़े पैमाने के हवाई अभ्यास के लिए एयरमेन को नोटिस जारी किया है। यह अभ्यास भारत की नियमित परिचालन तत्परता अभ्यास का हिस्सा है, जिसमें भारतीय वायु सेना राजस्थान में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर युद्धाभ्यास करेगी। नॉटम के अनुसार, यह अभ्यास 7 मई को रात 9:30 बजे शुरू होगा और 8 मई को सुबह 3:00 बजे तक जारी रहेगा। इससे प्रभावित क्षेत्रों में किसी भी जहाज और ड्रोन के उड़ने पर पाबंदी रहेगी।



### राफेल, सुखोई कई विमान करेंगे युद्धाभ्यास

भारतीय वायुसेना अधिकारी के एक अधिकारी ने कहा कि एयरफोर्स 7 मई से भारत–पाकिस्तान सीमा पर रेगिस्तानी क्षेत्र और आस–पास के इलाकों में युद्धाभ्यास करेगी जिसमें राफेल, मिराज 2000 और सुखोई–30 सहित सभी अग्रणी फाइटर जेट शामिल होंगे। युद्धाभ्यास का समय और स्थान महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस क्षेत्र में हाल ही में सीमा पार की घटनाओं के बाद तनाव बढ़ गया है।

### प्रधानमंत्री से मिलने पहुंचे डोभाल

पाकिस्तान से बढ़ते तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उच्च स्तरीय बैठक जारी है। मंगलवार को उनसे मिलने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल प्रधानमंत्री आवास पहुंचे थे। यहां उनकी काफी देर बातचीत हुई है।

### देश के 250 से ज्यादा जिलों में होगी मॉक ड्रिल

देश के 250 से ज्यादा जिलों में 7 मई बुधवार को एक बड़ी सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही है। गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिए हैं कि वे इस अभ्यास को गंभीरता से लें और अपनी सुरक्षा तैयारियों को परखें। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन की अध्यक्षता में मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में लोगों की सक्रिय सहभागिता के साथ 'मॉक' अभ्यास करने पर विस्तार से चर्चा की गई। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच उभरे ''नए और जटिल खतरों'' को देखते हुए गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों से बुधवार को मॉक ड्रिल करने को कहा है। सभी राज्यों में अधिकारी मॉक ड्रिल के दौरान शिक्षण संस्थानों के छात्रों, सरकारी और निजी संस्थानों के कर्मचारियों, अस्पताल कर्मचारियों, रेलवे और मेट्रो अधिकारियों के अलावा पुलिस, अर्धसैनिक और रक्षा बलों के वर्दीधारी कर्मियों को भी शामिल करेंगे।

#### मशालें, मोमबत्तियां, नकदी तैयार रखें

गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, नागरिकों को यह हिदायत भी दी जाएगी कि वे मेडिकल किट, राशन, टॉर्च और मोमबत्तियां अपने घरों पर रखें। इसके अलावा कैश भी साथ रखें, क्योंकि इमरजेंसी में मोबाइल और डिजिटल ट्रांजैक्शन फेल हो सकते हैं।

# झारखंड शराब घोटाले की आंच छत्तीसगढ़ तक

## सीबीआई करेगी जांच, साय सरकार ने दी सहमति

**रायपुर**, 6 मई (देशबन्धु)। झारखंड में शराब नीति में बदलाव कर करोड़ों रुपये के घोटाले को अंजाम देने के मामले की जांच अब सीबीआई करेगी। छत्तीसगढ़ सरकार ने इसके लिए अधिसूचना जारी करते हुए दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 की धारा 6 के तहत सीबीआई को छत्तीसगढ़ में जांच के लिए सहमति दी है। यह मामला रायपुर स्थित आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) द्वारा दर्ज अपराध से जुड़ा है।



**साय सरकार ने जारी किया नोटिफिकेशन**–छत्तीसगढ़ से फैला घोटाले का नेटवर्क

बता दें कि यह घोटाला झारखंड की आबकारी नीति में बदलाव के जरिए रचा गया था, जिसकी योजना छत्तीसगढ़ में बनी। आरोप है कि रायपुर से डुप्लिकेट होलोग्राम लगाकर शराब की आपूर्ति झारखंड में की गई, जिससे सरकारी राजस्व को भारी नुकसान हुआ। ईओडब्ल्यू ने पिछले साल इस मामले में एफआईआर दर्ज की थी, लेकिन जब उनके अधिकारी जांच के लिए झारखंड पहुंचे, तो वहां के अधिकारियों ने सहयोग नहीं किया। इसके बाद जांच को केंद्रीय एजेंसी सीबीआई को सौंपने का निर्णय लिया गया।

**घोटालेबाजों की बढ़ी मुश्किलें**

बता दें कि इस जांच के दायरे में छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के आरोपी पूर्व आईएएस अफसर अनिल टुटेजा, सलाहकार अधिकारी अरुणपति त्रिपाठी, कारोबारी अनवर ढेबर, झारखंड के आबकारी सचिव विनय कुमार चौबे और संयुक्त आबकारी आयुक्त गजेन्द्र सिंह, सिद्धार्थ सिंघानिया, विधु गुप्ता, निरंजन दास और अन्य की मुसीबतें अब और बढ़ने वाली हैं।

**सिंडिकेट और शराब दुकानों में घोटाले का तरीका**–गौरतलब है कि झारखंड में स्लरू-10 लाइसेंस मॉडल पर आधारित नई शराब नीति बनाई गई, जो पूरी तरह छत्तीसगढ़ की तर्ज पर थी। इसके तहत पुरानी ठेका प्रणाली को खत्म कर एक चहेती एजेंसी को आपूर्ति का ठेका दिया गया। आरोप है कि सिंडिकेट ने नकली होलोग्राम का उपयोग कर करोड़ों रुपये की अवैध कमाई की।

**अब क्या होगा आगे?**

सीबीआई की टीम अब एफआईआर की कॉपी के आधार पर झारखंड में नए सिरे से जांच करेगी और जिन लोगों के नाम ईओडब्ल्यू की चार्जशीट में हैं, उनसे पूछताछ के बाद गिरफ्तारी की संभावना भी जताई जा रही है। इस जांच से झारखंड–छत्तीसगढ़ के राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है।

**क्या है छत्तीसगढ़ शराब घोटाला?**

यह घोटाला 2019 से 2022 के बीच राज्य की सरकारी शराब दुकानों से अवैध तरीके से शराब बेचने का था, जिससे सरकार को करोड़ों का नुकसान होने का आरोप है। इस घोटाले में लगभग दो हजार ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## सार संक्षेप

### पूर्व मंत्री जनार्दन रेड्डी को सात साल की सजा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व मंत्री गली जनार्दन रेड्डी और तीन अन्य लोगों को एक विशेष अदालत ने सात साल की सजा सुनाई है। यह सजा उन्हें ओबुलापुरम अवैध खनन केस में दी गई है। वहीं कोर्ट का फैसला आते ही सीबीआई की टीम ने जनार्दन रेड्डी और बाकी दोषियों को अपनी हिरासत में ले लिया। यह मामला सालों पुराना है, जिसमें जनार्दन रेड्डी और उनके साथियों पर आरोप था कि उन्होंने नियमों का उल्लंघन कर के गैरकानूनी तरीके से खनन किया और करोड़ों रुपये का नुकसान सरकार को पहुंचाया।

### 25 मई को खुलेंगे हेमकुंड साहिब के कपाट

**चमोली।** उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित हेमकुंड साहिब के कपाट इस वर्ष 25 मई को श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। समुद्र तल से 14,5 फीट की ऊंचाई पर स्थित इस पवित्र स्थल तक पहुंचने वाले 6 किलोमीटर लंबे 'गुरु आस्था पथ' पर बर्फ की मोटी चादर और भारी हिमखंड पसरे हुए हैं। इन्हें हटाने के लिए भारतीय सेना की विशेष टुकड़ी और गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के सेवादार युद्ध स्तर पर कार्य कर रहे हैं।

### चिनाब का प्रवाह रोकने से पाकिस्तान में पानी की किल्लत

**इस्लामाबाद।** भारत की ओर से पाकिस्तान में चिनाब नदी का प्रवाह रोके जाने के बाद नदी का जलस्तर कई गुना कम हो गया है, जिससे इस्लामाबाद में पानी की काफी किल्लत हो गयी है। पाकिस्तान ने भारत पर पहलगाम आतंकी हमले के बाद 'जल युद्ध' में शामिल होने का आरोप लगाया है। भारत ने सोमवार को इस्लामाबाद को सूचित किए बिना जम्मू के बगलिहार और सलाल पनबिजली बांधों के माध्यम से पाकिस्तान में चिनाब नदी का प्रवाह रोक दिया, जिससे पहले से ही पानी की कमी से जूझ रहा देश दहशत में आ गया।

### स्कॉर्पियो व ट्रैक्टर की टक्कर में आठ बारातियों की मौत

**कटिहार।** बिहार में देर रात स्कॉर्पियो और ट्रैक्टर की टक्कर में आठ बारातियों की मौत हो गई। यह दुर्घटना कुर्सेला थानाक्षेत्र के एस एच 77 दियारा चांदपुर टिकापट्टी बजरंगबली मंदिर के पास हुई। इस दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

# ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा : साय

**रायपुर**, 6 मई (देशबन्धु)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत–पाक के बीच युद्धवार जारी है। आपातकालीन स्थिति से निपटने केंद्र सरकार के निर्देश पर कल देशभर में मॉक ड्रिल होगी। छत्तीसगढ़ के दुर्ग में भी मॉक ड्रिल होगी।



**दुर्ग में आज मॉक ड्रिल**

इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, जिस तरह की कायराना हरकत आतंकवादियों ने की है, जाति धर्म पूछकर गोली मारा गया है, इसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा। ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा। सीएम साय ने कहा, पहले जवाब दिया गया था इसलिए अपने हद में थे। अब दुस्साहस किया गया है उसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। प्रधानमंत्री ने कहा है कि वो सोच नहीं सकते उतना बड़ा नुकसान होगा। इंतिजार करिये मोदी ने कहा है तो कुछ बड़ा ही होगा।

# केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह 13 को आएंगे!

**रायपुर**, 6 मई (देशबन्धु)। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के 13 मई को छत्तीसगढ़ यात्रे पर आने की संभावना जताई है। अपने प्रवास के दौरान वे प्रदेशवासियों को बड़ी सौगात देने वाले हैं। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के दौरे को लेकर छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जानकारी दी है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का छत्तीसगढ़ दौरा जल्द होने जा रहा है। वे तीन लाख आवासों का वितरण करेंगे। हमारी सरकार 18 लाख आवासों की गारंटी को पूरा करेगी।



**उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दी जानकारी**

# तारलागुड़ा के उपसरपंच की नक्सलियों ने की हत्या

**सुकमा**, 6 मई (देशबन्धु)। सोमवार के दोपहर को जिले के जगरगुंडा थाना तारलागुड़ा के उप सरपंच की नक्सलियों ने हत्या कर दी। ग्रामीण वेशभूषा में पहुँचे नक्सलियों ने उप सरपंच को घर से पकड़ कर बेनपल्ली के जंगल ले जाकर रस्सी से गला घोट कर नक्सलियों ने हत्या की। मृतक मुचाकी रामा निर्विरोध उप सरपंच निर्वाचित हुए थे। कोंटा एएसपी आकाश राव ने बताया कि जगरगुंडा थाना के ग्राम तारलागुड़ा के उपसरपंच मुचाकी रामा निवासी ग्राम बेनपल्ली की कल दोपहर 3:00 बजे अज्ञात नक्सलियों द्वारा हत्या किए जाने की सूचना मिली थी।



जिस पर तत्काल पुलिस टीम ग्राम बेनपल्ली रवाना हुई व मृतक के शव को सुरक्षित निकला गया व अग्रिम वैधानिक कार्यवाही हेतु भेजा गया। पुलिस टीम द्वारा मौके मे सर्चिंग जारी है, प्रारंभिक पतासाजी के अनुसार कल दोपहर घर से बुलाकर नक्सलियों द्वारा मृतक की हत्या की है। जगरगुण्डा थाना में पुलिस द्वारा इस घटना पर कार्रवाई की जा रही है।

## तेन्दूपत्ता पारिश्रमिक वितरण में घोटाला

# 11 वनोपज समिति प्रबंधक बर्खास्त, संचालक मंडल भंग

**जगदलपुर**, 6 मई (देशबन्धु)। सुकमा जिले में तेन्दूपत्ता संग्राहकों को दी जाने वाली प्रोत्साहन पारिश्रमिक राशि के वितरण में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार उजागर हुआ है। इस गंभीर मामले में बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए 11 प्राथमिक वनोपज समिति प्रबंधकों को उनके पद से हटा दिया गया है। साथ ही इन समितियों के संचालक मंडल को भी भंग कर दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, एंटी करप्शन ब्यूरो ने पहले ही सुकमा के डीएफओ को निलंबित कर गिरफ्तार कर लिया था। अब समिति प्रबंधकों को हटाने और संचालक मंडल को भंग करने के साथ ही संबंधित नोडल अधिकारियों के विरुद्ध भी कार्रवाई की अनुशंसा की गई है।



गौरतलब है कि सीजन वर्ष 2021 में 31,356 संग्राहकों को 4.53 करोड़ रुपये और वर्ष 2022 में 18,918 संग्राहकों को 3.32 करोड़ रुपये प्रोत्साहन पारिश्रमिक दिए जाने थे। इनमें से 2021 के 10,131 संग्राहकों को 1.38 करोड़ रुपये और 2022 के 5,739 संग्राहकों को 74 लाख रुपये की राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की गई थी। हालांकि, बाकी संग्राहकों के बैंक खाते उपलब्ध न होने के कारण शासन द्वारा नगद भुगतान की अनुमति दी गई थी। इसके तहत राशि जिला यूनियन ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# आज आएंगे 10वीं और 12वीं बोर्ड के परिणाम

**रायपुर**, 6 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं और 12वीं बोर्ड के परिणाम घोषित करने के लिए अपनी तैयारियां पूरी कर ली है। जानकारी के अनुसार, 10वीं और 12वीं बोर्ड के परिणाम 7 मई को जारी हो सकती है।





छत्तीसगढ़ की 10वीं और 12वीं बोर्ड के परिणाम 7 मई को जारी हो सकते हैं। प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने परिणाम की घोषणा के लिए अपनी तैयारियां पूरी कर ली है। प्रदेश के दसवीं और बारहवीं के पांच लाख से ज्यादा छात्रों का इंतज़ार ख़त्म होने वाला है।

**मार्च महीने में खत्म हुई थी परीक्षा**–छत्तीसगढ़ 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं मार्च महीने में खत्म हुई थी। कक्षा 10वीं की परीक्षा 24 मार्च को, जबकि 12वीं की परीक्षा 28 मार्च को खत्म हो चुकी है। इस साल छत्तीसगढ़ बोर्ड 10वीं, 12वीं की बोर्ड परीक्षा में पांच लाख छात्र–छात्राओं ने भाग लिया था। अब इन छात्रों को अपने रिजल्ट के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा।



## कांग्रेस अध्यक्ष खरगे का दावा

# मोदी को आतंकी हमले की खुफिया रिपोर्ट मिली थी

◆ **प्रधानमंत्री मोदी ने इसीलिए रद्द किया था जम्मू-कश्मीर दौरा**

**रांची**, 6 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे झारखंड की राजधानी रांची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने मंगलवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी को जम्मू–कश्मीर में हुए आतंकी हमले की खुफिया रिपोर्ट मिली थी, जिसके बाद ही उन्होंने केंद्र शासित प्रदेश का अपना दौरा रद्द कर दिया था। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम हमले से तीन दिन पहले प्रधानमंत्री को एक खुफिया रिपोर्ट भेजी गई थी। इसलिए उन्होंने कश्मीर जाने का अपना कार्यक्रम रद्द कर दिया। मैंने यह बात एक अखबार में भी पढ़ी।

झारखंड की राजधानी रांची में 'संविधान बचाओ' रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रमुख ने दावा किया कि सर्वदलीय बैठक के दौरान पीएम मोदी ने स्वीकार किया कि खुफिया जानकारी में खामी थी। उन्होंने पूछा, 'क्या केंद्र को पहलगाम हमले में हुई मौतों के लिए जवाबदेह नहीं होना चाहिए, जब उसने खुफिया जानकारी में खामी स्वीकार कर ली है।' उन्होंने एलान किया कि कांग्रेस पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ किसी भी कार्रवाई के लिए केंद्र के साथ खड़ी है, क्योंकि देश सर्वोच्च है और पार्टी, धर्म और जाति से परे है। उन्होंने सरकार से तीखे सवाल करते हुए कहा कि आतंकी हमले की खुफिया रिपोर्ट होने के बाद भी केंद्र ने पहलगाम में अधिक सुरक्षा बल क्यों नहीं तैनात किए? क्या केंद्र को पहलगाम हमले में जानमाल के नुकसान के लिए जवाबदेह नहीं होना चाहिए, जब उसने खुद खुफिया चूक स्वीकार कर ली है।

पहलगाम हमले के बाद

## सुको का महाराष्ट्र चुनाव आयोग को आदेश

# चार हफ्ते में स्थानीय निकाय चुनावों की अधिसूचना जारी करे

**नई दिल्ली**, 6 मई (एजेंसियां) उच्चतम न्यायालय ने स्थानीय निकाय चुनाव संपन्न कराने के लिए समय सीमा तय करते हुए मंगलवार को महाराष्ट्र राज्य चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वह राज्य में स्थानीय निकाय चुनावों की अधिसूचना (चार सप्ताह के अंदर) समेत सभी प्रक्रिया चार महीने के भीतर पूरी करे। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने यह आदेश पारित किया।

पीठ ने इसके साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनावों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण का मुद्दा वर्ष 2022 की बंठिया आयोग की रिपोर्ट से पहले की तरह ही रहेगा। शीर्ष अदालत ने कहा कि स्थानीय निकायों के लिए समय–समय पर चुनाव के माध्यम से जमीनी स्तर पर लोकतंत्र के संवैधानिक जनादेश का सम्मान किया जाना चाहिए और इसे सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

# भारत–ब्रिटेन के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता

**नई दिल्ली**, 6 मई (एजेंसियां)। भारत और ब्रिटेन ने एक ऐतिहासिक और महत्त्वपूर्ण 'मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए)' और 'दोहरा योगदान सम्मेलन समझौते' को अंतिम रूप दे दिया है। यह समझौता दोनों देशों के व्यापारिक रिश्तों को मजबूती देगा और कई क्षेत्रों में नई संभावनाएं खोलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने ब्रिटेन के समकक्ष कीर स्टार्मर से बातचीत के बाद इसकी घोषणा की।



एफटीए एक ऐसा समझौता है, जिसमें दो देश एक–दूसरे के साथ वस्तुओं और सेवाओं का व्यापार आसान और सस्ता बनाते हैं। इसमें कर (आयात शुल्क) कम किए जाते हैं या हटाए जाते हैं, जिससे दोनों देशों के कारोबारियों को फायदा होता है। भारत और यूके के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और डबल योगदान संधि के तहत कई लाभ प्राप्त होंगे। साथ ही यह समझौता दोनों देशों के व्यापारिक रिश्तों को मजबूती देगा और कई क्षेत्रों में नई संभावनाएं खोलेगा।

**मजबूत साझेदारी की दिशा में बड़ा कदम: मोदी**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, इससे दोनों देशों के छोटे और बड़े व्यवसायों को फायदा होगा। नौकरी के नए मौके बनेंगे, खासकर युवा पेशेवरों और उद्यमियों के लिए। द्विपक्षीय व्यापार में बड़ा इजाफा होगा, जिससे दोनों की अर्थव्यवस्थाओं को मजबूती मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा, यह समझौता सिर्फ व्यापार का नहीं, बल्कि एक मजबूत और गहरी साझेदारी की दिशा में बड़ा कदम है।

## स्वास्थ्य | देश में जीवन प्रत्याशा बढ़कर 72 वर्ष हुई

# मानव विकास सूचकांक में 130 वें स्थान पर भारत

**नई दिल्ली, 6 मई (एजेंसियां)। राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, आयुष्मान भारत, जननी सुरक्षा योजना और पोषण अभियान जैसी सरकारी राष्ट्रीय योजनाओं, अभियानों और कार्यक्रमों से 193 देशों के वैश्विक मानव सूचकांक में भारत 130 वें स्थान पर पहुंच गया है।**

*संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की मंगलवार को जारी रिपोर्ट ए मैटर ऑफ चॉइस: पीपुल एंड पॉसिबिलिटीज इन द एज ऑफ एआई में कहा गया है कि वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत की मानव विकास प्रगति जारी और मानव विकास निरंतर प्रगति कर रहा है तथा 193 देशों में 133 वें स्थान से बढ़कर 130 वें स्थान पर आ गया है। रिपोर्ट के अनुसार भारत का मानव विकास सूचकांक वर्ष 2022 में 0.676 से बढ़कर वर्ष 2023 में 0.685 हो गया। इससे देश मध्यम मानव विकास श्रेणी में आ गया है। भारत जल्दी जो उच्च मानव विकास 0.700 के करीब पहुंच जाएगा। देश में जीवन प्रत्याशा वर्ष 1990 में 58.6 वर्ष से बढ़कर वर्ष 2023 में 72 वर्ष हो गई है, जो सूचकांक शुरू होने के बाद से अब तक का सबसे अधिक रिकॉर्ड है।*

*रिपोर्ट में कहा गया है कि राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, आयुष्मान भारत, जननी सुरक्षा योजना और पोषण अभियान जैसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों ने इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विशेष रूप से स्कूली शिक्षा के औसत वर्षों और प्रति व्यक्ति राष्ट्रीय आय में वृद्धि हुई है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की भारत में रेजिडेंट प्रतिनिधि एंजेला लुसिगी ने कहा ने कहा कि महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास, सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने के साथ, भारत समावेशी विकास और मानव विकास पर निरंतर प्रगति हासिल करने के लिए अच्छी स्थिति में है। वर्ष 1990 के बाद से भारत के मानव विकास सूचकांक में 53 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, जो वैश्विक और दक्षिण एशियाई औसत दोनों से अधिक तेज़ है। इस प्रगति में आर्थिक विकास और लक्षित सामाजिक सुरक्षा और कल्याण कार्यक्रमों का योगदान हुआ है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, समग्र शिक्षा अभियान, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 जैसी योजनाओं ने परिणामों को बेहतर बनाया है। रिपोर्ट के अनुसार आर्थिक मोर्चे पर, भारत की प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय चार गुना से अधिक बढ़ गई है, जो वर्ष 1990 में 2167.22 डालर से बढ़कर वर्ष 2023 में 9046.76 डालर हो गई है।*

# दिनदहाड़े हाईवे पर स्नैचिंग, महिला से 21,000 और मोबाइल की लूट दो आरोपी गिरफ्तार

**मुंगेली,** 06 मई (देशबन्धु)। नेशनल हाईवे-130 पर महिला से दिनदहाड़े स्नैचिंग की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को मुंगेली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन में की गई, जिसमें साइबर सेल और थाना सरगांव की विशेष टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 29 अप्रैल को रायपुर जिले की रहने वाली श्रीमती ईश्वरी दयाराम कैवर्त अपने बेटे मिनेश के साथ स्कूटी से बिलासपुर से तिल्दा जा रही थीं। लगभग शाम 4.50 बजे चंद्रखुरी ओवरब्रिज के पास एक बिना नंबर की पल्सर बाइक पर सवार तीन युवकों ने उनका पीछा किया और तेजी से हाथ में रखे पर्स को झपट कर फरार हो गए। पर्स में ?21,000 नगद, ओप्पो कंपनी का मोबाइल सिम सहित),



एटीएम, क्रेडिट कार्ड और चार्जर था प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना सरगांव में अपराध क्रमांक धारा 304, 3(5) बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने साइबर सेल और सरगांव पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई।

विकास यादव (19 वर्ष), निवासी ग्राम अमने, थाना कोटा, और मंजित जांगड़े (19 वर्ष), निवासी ग्राम डिघोरा, थाना हिर्री, को गिरफ्तार किया गया आरोपियों ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि पर्स से प्राप्त ?21,000 को आपस में बाँट लिया था और मोबाइल मंजित जांगड़े के पास रखा गया। प्रकरण में संलिप्त एक अन्य आरोपी अब भी फरार है, जिसकी तलाश सरगर्मी से की जा रही है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक सुशील कुमार बंछोर, सत्येन्द्र पुरी गोस्वामी, सउनि. अजय चौरसिया, रवि कुमार जांगड़े, लोकेश राजपूत, नरेश यादव, भेषज पाण्डेकर, रामकिशोर कश्यप, बसंत डाहिरे, हेमसिंह ठाकुर, रिपीन बनर्जी और राहुल यादव ने उल्लेखनीय योगदान दिया।

# खरीफ फसलों की तैयारी के तहत किसानों से खाद-बीज का कराएं उठाव : कलेक्टर

## मौसमी बीमारियों से निपटने कार्य योजना बनाकर करें तैयारी

## राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लाएं प्रगति

**गौरेला पेंड्रा मरवाही,** 06 मई (देशबन्धु)। साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों के निराकरण और विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उपलब्धि की समीक्षा की। अरपा सभा कक्ष में आयोजित बैठक में उन्होंने आगामी खरीफ फसलों की तैयारी के तहत किसानों से खाद एवं बीज का उठाव कराने के साथ ही किसानों का आय बढ़ाने के लिए धान के अलावा अरहर, उड़द, मूंग, मूंगफली आदि खरीफ फसलों के लिए प्रेरित करने कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने मौसमी बीमारियों से निपटने के लिए कार्य योजना बनाकर सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए।



कलेक्टर ने सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की और लंबित प्रकरणों को तत्काल निराकृत करने के साथ ही मुख्यमंत्री जनशिकायत, मुख्यमंत्री जनदर्शन, पीएमओ पोर्टल एवं ई-समाधान पोर्टल में दर्ज प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की और लंबित प्रकरणों को शीघ्रता से निराकृत करने संबंधित विभागों को निर्देश दिए। उन्होंने सीमांकन, त्रुटि सुधार, विवादित नामांतरण, विवादित खाता विभाजन, व्यपवर्तन, वृक्ष कटाई, डिजिटल हस्ताक्षर, नक्शा बटांकन आदि लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सामान्य क्षेत्रों में स्वीकृत एवं अप्रारंभ 758 और पीएम जनमन योजना के तहत अप्रारंभ 106 आवासों को शीघ्र प्रारंभ कराने कहा।

कलेक्टर ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, आयुष्मान कार्ड, संस्थागत प्रसव, सिकलसेल स्क्रीनिंग, पेयजल की स्थिति, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, जन औषधि केन्द्र, पेंशन प्रकरण, आश्रम-छात्रावास, पीएमश्री स्कूल, सड़क निर्माण, सिंचाई परियोजना आदि की समीक्षा की और लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सुशासन तिहार के तृतीय चरण में आयोजित हो रहे समाधान शिविरों में आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण की जानकारी से ग्रामीणों को अवगत कराने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में वनमंडलाधिकारी श्रीमती ग्रीष्मी चांद, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, अपर कलेक्टर श्रीमती नम्रता आनंद डोंगरे, एसडीएम पेण्ड्रारोड सुश्री ऋचा चंद्राकर एवं एसडीएम मरवाही प्रफुल्ल रजक सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# सेतगंगा समाधान शिविर में कलेक्टर ने बच्चों को बांटी सुपोषण टोकरी और कराया अन्न प्राशन



**मुंगेली,** 06 मई (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत सेतगंगा, मंगलवार को जिला प्रशासन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से विशेष पहल करते हुए अन्न प्राशन संस्कार एवं सुपोषण टोकरी का वितरण किया गया।कलेक्टर कुंदन कुमार के निर्देशानुसार आयोजित इस शिविर में विभाग द्वारा जानकारी, सेवाएं और योजनाओं का लाभ देने हेतु स्टाल लगाया गया। श्रीमती संजुला शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में कार्यक्रम संचालित किया गया।शिविर के दौरान प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के अंतर्गत श्रीमती खुशबू उजागर मांडले द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसे मौके पर ही स्वीकृत कर त्वरित समाधान किया गया। विभाग की ओर से 5 अन्न प्राशन संस्कार कराए गए तथा 5 सुपोषित बच्चों को सुपोषण टोकरी प्रदान की गई। इस वितरण कार्यक्रम में कलेक्टर कुंदन कुमार, श्रीकांत पांडे (अध्यक्ष, जिला पंचायत), राम कमल सिंह (अध्यक्ष, जनपद पंचायत) और श्रीमती रजनी मानिक सोनवानी (जिला पंचायत सदस्य) की गरिमामयी उपस्थिति रही इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती संजुला शर्मा, परियोजना अधिकारी राजेन्द्र गेंदले (मुंगेली), श्रीमती उमा कश्यप (परियोजना अधिकारी, मुंगेली 02) तथा पर्यवेक्षकों की उपस्थिति रही।

# समाधान शिविर में अधिकारी रहे नदारत

**तखतपुर** 06 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार में आज विभाग के अधिकारी ही उपस्थित नही रहे पहले सुशासन तिहार का समाधान शिविर की तिथि आयी इसके बाद विभाग से इसी दिन कार्यशाला के लिए रायपुर सीएमओं, इंजीनियर और अध्यक्ष को बुला लिया जिसके कारण समाधान शिविर में उचित जवाब देने के लिए जवाबदार अधिकारी नही था सुशासन तिहार में नाली सफाई के लिए दिए गए आवेदन का भी निराकरण नही हो पाया है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पूरे प्रदेश सुशासन तिहार मनाया गया जिसमें पूरे प्रदेश में आवेदन लिए गए जिसमें मांग, शिकायत, निर्माण, पेंशन, आवास सहित अन्य समस्याओं को लेकर नगरवासीयों ने आवेदन दिए थे इन आवेदनों का अभी तक निराकरण होता हुआ नही दिख रहा है। निराकरण करने के लिए प्रदेश में अलग अलग तिथि में समाधान शिविर का आयोजन किया गया है आज नगरपालिका तखतपुर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया था शिविर में मुख्य नगरपालिका अधिकारी, इंजीनियर को प्रमुख रूप से रहना



था विभाग द्वारा इस शिविर में उपस्थित आवेदनकर्ता की शिकायतों और मांग संबंधी आवेदनों का निराकरण करना था पर समाधान शिविर की तिथि 6 मई को तय की गई थी इसी बाद में नगरीय निकाय प्रशासन द्वारा आदेश आया कि रायपुर में कार्यशाला का आयोजन किया गया है जिसमें मुख्य नगरपालिका अधिकारी, इंजीनियर, नगरपालिका अध्यक्ष को जाना था और रायपुर चले गए और लेखापाल संजीत आस्थाना और लिपिक दौलत मिश्रा दोनों शिविर में उपस्थित तो थे पर किस समस्या का निराकरण क्या किया गया है इसकी पूर्ण रूप से जानकारी नही दे पा रहे थे नाली सफाई के लिए दिए गए आवेदनों का भी निराकरण अभी तक नही हुआ है इसके अलावा अभी तक जो मांगे आयी है और उन्हें राज्य शासन को भेज दिया गया है।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जनता को गुमराह किया जा रहा है आवेदन लेकर भी निराकरण नही किया जा रहा है छत्तीसगढ़ की सरकार पानी, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य सहित अन्य जन सुविधाओं को उपलब्ध कराने में फैल है। बिहारी देवांगन अध्यक्ष नगर कांग्रेस कमेटी तखतपुर।

समाधान शिविर में पहुंचें आवेदकों को दिए गए आवेदन के संबंध में जानकारी प्रभारी अधिकारी द्वारा दी गई है समाधान शिविर की तिथि आने के बाद कार्यशाला रायपुर में होने की जानकारी दी गई जिसमें उच्चाधिकारीयों का आदेश का पालन कर रायपुर में जाना पड़ा। अमरेश सिंह सीएमओं नगरपालिका तखतपुर।

# नगर पंचायत बरेला में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

## 100 से अधिक लोगों की हुई जांच

**मुंगेली** 06 मई (देशबन्धु)। नगर पंचायत बरेला में मंगलवार को एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें वयोवृद्धों, टी.बी., कुष्ठ रोगियों, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हीमोग्लोबिन (एच.बी.), नेत्र विकार एवं मौसमी बीमारियों से ग्रसित करीब 102 लोगों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं।शिविर का शुभारंभ स्थानीय ग्रामीणजनों की उपस्थिति में हुआ। शिविर प्रभारी डॉ. मनीष बंजारा ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य ग्रामीण व शहरी गरीब तबके को प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना था। उन्होंने बताया कि शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और लाभ प्राप्त किया।शिविर में



विभिन्न रोगों की जांच के साथ-साथ लोगों को स्वास्थ्य से जुड़ी सावधानियों, प्राथमिक उपचार और सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। विधिक चेतना और समय पर स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करने जैसे विषयों पर भी जोर दिया गया।डॉ. बंजारा ने मधुमेह और उच्च रक्तचाप से बचाव के लिए विशेष रूप से चार प्रमुख उपाय बता संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद, तनाव प्रबंधन उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इन उपायों को अपने दैनिक जीवन में शामिल करें ताकि वे दीर्घकालिक रूप से स्वस्थ रह सकें। इस स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन में चन्द्रशेखर अग्रवाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही शिविर में जगदीश टंडन, रजनी जान, ललित सोनवानी, शारदा पाठक, अनिल साहू, ललिता साहू, दुर्गा, युवराज, ओमप्रकाश एवं डेविड जान सहित अनेक लोगों ने सहयोग प्रदान किया।


**कार्यालय नगर पालिक निगम जोन क्रं .02 बिलासपुर (छ.ग.)**
**मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक/332/न.पा.नि./लो.नि.वि./2024-25 बिलासपुर, दिनांक 05.05.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र 'अ' में त्रि-लिफाफा पद्धति से पी.डब्लयू.डी. रोड/भवन/नाली एसओआर 01.01.2015 एवं पी.एच.ई. एसओआर 01.06.2020 से कम या अधिक पर मुहरबंद निविदा पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट में आमंत्रित की जाती है:-

(1) निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय - दिनांक 26.05.2025 सायं 3.30 बजे तक।
(2) निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि व समय - दिनांक 26.05.2025 सायं 4.00 बजे।

| क्र. | कार्य का नाम एवं विवरण | अनु. लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 12 में 02 नग बोर खनन, पावर पंप सहित एवं पाईप लाईन विस्तार कार्य। | 7.00 | 7000.00 | 750.00 |

नोट:- कार्य का विस्तृत विवरण/निविदा शर्तों एवं अन्य जानकारी का अवलोकन कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा में किया जा सकता है। निविदा संबंधी समस्त जानकारी www.bilaspurnagarnigam.com में देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
जोन क्रं.02,
नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)

Green City, Clean City, Dream City.



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**

(1) निविदा सूचना क्रमांक:- एसएनटी-आर-2025-10, दिनांक 02.05.2025
**कार्य का नाम:** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में वीओआईपी आधारित ट्रेन नियंत्रण संचार प्रणाली का प्रावधान।
**निविदा मूल्य :** रु. 20208665.38, **ईएमडी :** रू.251100.00, **कार्य पूर्णता की अवधि:** 09 (नौ) माह।
बिडर्स अपना मूल / संशोधित बिड्स केवल 30.05.2025 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। मैनुअल ऑफर्स इस निविदा के विरुद्ध स्वीकार नहीं होंगे। विस्तृत विवरण हमारे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता द.पू.मध्य रेलवे, रायपुर
PR/R/Sr.DSTE/AAA/26
South East Central Railway @secrail


## प्रथम पृष्ठ का शेष

### झारखंड शराब घोटाले...

करोड़ रुपये के नुकसान का खुलासा हुआ है। ईडी की जांच में यह सामने आया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के शासनकाल में आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के एमडी ए.पी. त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर के गठजोड़ ने यह घोटाला किया। ईडी ने इस मामले में 28 दिसंबर 2024 को कवासी लखमा और उनके परिवार के सदस्यों के घरों पर छापे मारे थे और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज व डिजिटल डिवाइस जब्त किए थे, जिनमें अपराध से अर्जित आय के सबूत मिले थे।

### 11 वनोपज समिति प्रबंधक...

को हस्तांतरित की गई, लेकिन जिन 11 समितियों ङ्क सुकमा, फूलबगड़ी, दुब्बाटोटा, जगरगुण्डा, मिचीगुड़ा, बोड़केल, कोंटा, जग्गावरम, गोलापल्ली, किस्टाराम और पालाचलमा में यह राशि वितरित होनी थी, वहां किसी भी संग्राहक को भुगतान नहीं किया गया।

इस खुलासे के बाद जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की विस्तृत जांच जारी है और आगे और भी अधिकारियों की भूमिका पर कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र-1, बिलासपुर (छ.ग.)**

ज्ञाप क्र-2967/ NIT-1/ 2025-26/ व.ले.लि./ दिनांक : 02.05.2025
निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि:- 09/05/2025 अपरान्ह 5.30 बजे
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 15/05/2025 अपरान्ह 5.30 बजे
निविदा खोलने की तिथि :- 16.05.2025 अपरान्ह 11.30 बजे
प्रत्येक निविदा प्रपत्र की क्रय राशि रू. 750/-
निविदाकरों की श्रेणी ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द'' से ''अ'' तक

| ए.आई.टी.क्र निविदा क्र. | कार्य का नाम No.of Calls एवं कार्य की अवधि | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू.में) बैंक साल्वेंसी (रू.में) |
|---|---|---|
| 01 T0005 | वर्ष 2025-26 के वार्षिक संधारण मद अंतर्गत उपसंभाग क्र. 1 बिलासपुर के विभिन्न मुख्य जिला मार्गो में पेच रियेपर कार्य। (प्रथम आमंत्रण) 04 माह वर्षा ऋतु सहित। | 10.00<br>7500.00<br>150000.00 |
| 01 T0006 | वर्ष 2025-26 के वार्षिक संधारण मद अंतर्गत उपसंभाग क्र. 2 बिलासपुर के विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम.एवं बी.टी.पेच रिपेयर त्वरित मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण) 04 माह वर्षा ऋतु सहित। | 10.00<br>7500.00<br>150000.00 |
| 01 T0007 | वर्ष 2025-26 के वार्षिक संधारण मद अंतर्गत उपसंभाग कोनी बिलासपुर के विभिन्न मार्गों में मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण) 04 माह वर्षा ऋतु सहित। | 10.00<br>7500.00<br>150000.00 |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/ pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. संभाग क्र.-1,
बिलासपुर (छ.ग.)
जी- 252600670/2



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

जिला जल एवं स्वच्छता सरगुजा की ओर कार्यपालन अभियंता सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा एकीकृत पंजीयन व्यवस्था के अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित (पम्प स्थापना, टंकी निर्माण एवं पाईप लाईन कार्य तथा अन्य कार्य) हेतु पत्रक 'अ' (प्रतिशत दर) ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र | निविदा सूचना क्रमांक एवं दिनांक | सिस्टम क्रमांक | ब्लाक | ग्राम | लागत (रू.लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 09/29.04.2025 (प्रथम आमंत्रण) | 167664 | मैनपाट | राजापुर | 70.64 |
| 2 | 10/ 29.04.2025 (प्रथम आमंत्रण) | 167666 | लुण्ड्रा | डुमकी | 39.06 |

बिड सबमिशन की अंतिम 16.05.2025 समय :- 17:30 बजे तक।
उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा के सामान्य शर्तें धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
अम्बिकापुर
जी- 252600703/1


## निधन

### राघवेंद्र पाण्डेय



**तखतपुर।** बेलसरी निवासी राघवेंद्र पाण्डेय (टिंकू) 30 वर्ष का 6 मई को निधन हो गया। वे दिनेश पाण्डेय के पुत्र एवं पिंकु, नानू पाण्डेय के भाई थे। इनका अंतिम संस्कार बेलसरी में किया गया।

### चंदराम सिंगरौल



**तखतपुर।** ग्राम गिरधौना निवासी चंदराम सिंगरौल 80 वर्ष का 6 मई को निधन हो गया। वे शंकर सिंगरौल के पुत्र, बुधराम, केदार, द्वारिका के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम गिरधौना में किया गया।


**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
विवाह प्र.क्र. 122/ब-121/ 2024-2025
ग्राम नवापारा तहसील बलौदा
**// ईश्तहार //**

आवेदक श्री आनंद कुमार ओग्रे उम्र 37 वर्ष पिता दयाल ओग्रे जाति सतनामी एवं आवेदिका श्रीमती गंगेश्वरी ओग्रे उम्र 35 वर्ष पति श्री आनंद कुमार ओग्रे जाति सतनामी दोनों निवासी ग्राम नवापारा तहसील व थाना बलौदा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
बनाम
छत्तीसगढ़ शासन
आम जनता ग्राम नवापारा तहसील बलौदा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री आनंद कुमार ओग्रे उम्र 37 वर्ष पिता दयाल ओग्रे जाति सतनामी एवं आवेदिका श्रीमती गंगेश्वरी ओग्रे उम्र 35 वर्ष पति श्री आनंद कुमार ओग्रे जाति सतनामी दोनों निवासी ग्राम नवापारा तहसील व थाना बलौदा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया है कि हम दोनों का विवाह दिनांक 14.01.2025 को सामुदायिक भवन नवापारा तहसील बलौदा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) में सम्पन्न हुआ है। और अपने अनुष्ठापित विवाह का पंजीयन कर विवाह प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 28.05.2025 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 24.04.2025 को न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
सील विवाह अधिकारी जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)



**न्यायालय तहसीलदार, तहसील-सीपत, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
रा.प्र.क्र. ब121/ 24-25
साकिन - जांजी
पेशी - 19/05/2025

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम जांजी को सूचित किया जाता है कि आवेदक हुलासराम पिता स्व. महात्तम, जाति-सतनामी निवासी-जांजी तहसील-मस्तूरी, जिला-बिलासपुर के द्वारा मौजा जांजी प.ह.नं. 18 तहसील-सीपत जिला-बिलासपुर स्थित भूमि ग्राम जांजी स्थित भूमि ख.नं 588/1 रकबा 0.0160 हे. भूमि का ऋण-पुस्तिका गुम हो जाने से द्वितीय प्रति ऋण-पुस्तिका बनाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया है। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति-दावा हो तो दिनांक 19/05/2025 तक अपना आपत्ति-दावा पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
ईश्तहार आज दिनांक 23/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया है।
सील तहसीलदार सीपत



**न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
क्रमांक/ / ना.तह./ वाचक / 2025
बिलासपुर, दिनांक 28/04/2025
पक्षकार- उत्तम कुमार साहू विरूद्ध निखिल कुमार वगैरह
प्रकरण क्र........... / अ-6-अ/ 2024-25

ग्राम/ मौजा-सरकण्डा प.ह.नं. 32 के सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक उत्तम कुमार साहू पिता मनोहर लाल साहू निवासी- सरकण्डा बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा मौजा सरकण्डा प.ह.नं. 32 तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 631 का टुकड़ा रकबा 0.05 एकड़ भूमि को कृष्ण कुमार, बसंत कुमार साहू, अरविन्द कुमार साहू, उत्तम कुमार साहू के क्रय किया गया है। वर्तमान में उक्त भूमि कृष्णकुमार पिता मनोहर लाल के नाम पर दर्ज है। आवेदक के द्वारा खसरा नं. 631/4 रकबा 0.0200 हे. भूमि में अपना नाम पर दर्ज/ सुधार/ त्रुटि सुधार किये जाने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत् आवेदन प्रस्तुत किया है।
यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 09/05/2025 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।
आज दिनांक 28/04/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।
सील नायब तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)



**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी किशन साहू पिता मगन लाल साहू निवासी सिरगिट्टी तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ख.नं. 477/3 रकबा 0.1401 हेक्टेयर भूमि मौजा सिरगिट्टी प.ह.नं. 41 रा.नि.मं. सिरगिट्टी तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है, जिसमें से भूमिस्वामी द्वारा रकबा 688 वर्गफुट को मेरे पक्षकार कृष्ण कुमार निर्मलकर पिता अर्जुन लाल निर्मलकर निवासी जूना बिलासपुर (छ.ग.) के पास विक्रय करने का पक्का सौदा तय करके बतौर बयाना प्राप्त कर लिया गया है। उक्त भूमि की रजिस्ट्री पंजीयन कार्यालय के समक्ष निकट भविष्य में होना है यदि उक्त भूमि के विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्धशासकीय संस्था, फर्म, सोसायटी, पारिवारिक सदस्य या अन्य किसी को किसी भी प्रकार की आपत्ति या उजरदावा हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर संपूर्ण दस्तावेज सहित मेरे निम्न पते पर प्रस्तुत कर सकते हैं, समय बाद की गई आपत्ति झूठा व नाजायज एवं शून्य माना जावेगा तथा मेरे पक्षकार के पक्ष में बैनामा पंजीयन करा लिया जावेगा।
सो सूचना जानें।
बिलासपुर,
दिनांक- 06-05-2025
(चन्द्रशेखर द्विवेदी)
अधिवक्ता,
जूना बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. 94241 63479



**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं भू-अर्जन अधिकारी तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक 06/अ-82/2022-23 तखतपुर दिनांक.............
कलेक्टर अनुमोदन क्रमांक 440/ दिनांक 20.06.2024

**प्रारूप - ''क''**

राज्य शासन के कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग कोटा के लिए खपरी एनिकट एवं पहुंच मार्ग निर्माण के लिए प्रभावित ग्राम खपरी, प.ह.नं. 27, रा.नि.मं. जरौंधा, तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) के भूमि क्रय किया जाना प्रस्तावित है यदि किसी व्यक्ति को भूमि के स्वत्व के संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अंदर आधर सहित लिखित आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में जमा किया जा सकता है।

| क्र. | जिला | तहसील | प.ह.न. | ग्राम | कृषक का नाम पिता का नाम | खसरा क्रमांक | क्रय किये जाने वाली भूमि का रकबा | | भूमि एवं परिसम्पत्ति का निर्धारित प्रतिफल | पुनर्वास अनुदान भूमि के मुआवजा का 50 प्रतिशत जो अधिकतम 5.00लाख तक है | कुल देय राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | ए. | हे. | | | |
| 1 | बिलासपुर | तखतपुर | 27 | खपरी | बृजराज किशोर पिता बी.पी. महदेवा | 248/2 | 0.19 | 0.077 | 464618 | 232309 | 696927 |
| 2 | बिलासपुर | तखतपुर | 27 | | शिवम बाजपेयी पिता अनिल बाजपेयी | 248/1 | 0.16 | 0.065 | 392210 | 196105 | 588315 |
| योग | - | - | - | - | - | 02 | 0.35 | 0.142 | 856828 | 4128414 | 1285242 |

कलेक्टर महो.से अनुमोदित।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
एवं भू-अर्जन अधिकारी तखतपुर
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
जी- 252600657/1

# देश

उवाच

पहलगाम आतंकवादी हमले पर जहां पूरा देश आक्रोशित है ओर शोक मना रहा है, वहीं कश्मीरी ने एक कदम और आगे बढ़ते हुए पूर्ण बंद का आह्वान किया है और आतंकवादी हमले के विरोध में लोग सड़कों पर उतर आए हैं।

–महबूबा मुफ्ती, पीडीपी अध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34° | 23° |
| मुंबई | 32° | 29° |
| कोलकाता | 27° | 26° |
| चेन्नई | 31° | 29° |

# बैंक ने अर्थशास्त्री सुब्रमण्यम की किताब की खरीद में किया बड़ा घोटाला : कांग्रेस

■ किताब की दो लाख प्रतियां खरीदने पर करोड़ों खर्च करने पर वित्त मंत्री से मांगी सफाई

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस ने केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त एक चर्चित अर्थशास्त्री की किताब की दो लाख प्रतियां खरीदने पर करोड़ों रुपए खर्च करने को एक बड़ा घोटाला बताते हुए वित्त मंत्री से सफाई मांगी है। कांग्रेस सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पूर्व आर्थिक सलाहकार के वी. सुब्रमण्यम की पुस्तक खरीदने में सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक ने साढ़े सात करोड़ रुपए खर्च किए और उन्हें अब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत के कार्यकारी निदेशक से हटा दिया है जबकि छह माह का उनका कार्यकाल अभी बाकी था। आईएमएफ की पाकिस्तान को कर्ज देने को लेकर नौ मई को एक बैठक होनी है और उससे पहले सुब्रमण्यम को हटाकर सरकार ने सबको चौंका दिया है। कांग्रेस पहले ही सरकार से आग्रह कर चुकी है कि पाकिस्तान को कर्ज देने के लिए होने वाली आईएमएफ की बैठक में भारत को इसका कड़ा विरोध करना चाहिए।



आईएमएफ की पाकिस्तान को कर्ज देने को लेकर बैठक होनी है और उससे पहले सुब्रमण्यम को हटाकर सरकार ने सबको चौंका दिया : सुप्रिया श्रीनेत

उन्होंने कहा कि सच यह है कि सरकार ने यह निर्णय जबरदस्त घपलेबाजी के चलते लिया है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के आधिकारिक दस्तावेजों से पता चला है कि बैंक ने सुब्रमण्यन की लिखी पुस्तक की दो लाख प्रतियां खरीदने का आर्डर दिया है और इस पर साढ़े सात करोड़ रुपए खर्च होने हैं। इसके लिए 3.5 करोड़ रुपए का भुगतान पहले ही किया जा चुका है। इनमें 1,89,450 प्रतियां पेपर बैक और 10,422 हार्ड कवर की प्रतियां शामिल थीं। इन किताबों को बैंक के क्षेत्रीय और आंचलिक कार्यालयों, खाताधारकों, स्कूल और कॉलेजों में बांटा जाना था। बैंक के 18 जोनल ऑफिस हैं और हर ऑफिस को 10,525 प्रतियां दी जानी थीं।

## मोदी सरकार को मजबूरन सुब्रमण्यन को पद से हटाना पड़ा : कांग्रेस

कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि ऐसा लगता है कि इस खुलासे के कारण मोदी सरकार को मजबूरन सुब्रमण्यन को उनके पद से हटाना पड़ा है। यह वही सुब्रमण्यम हैं जिन्होंने प्रधानमंत्री के मुख्य आर्थिक सलाहकार रहते हुए 2019-20 के आर्थिक सर्वे में थालीनॉमिक्स की चर्चा की थी। यह अलग बात है कि एक साधारण वेज थाली की कीमत सिर्फ एक साल में 52 प्रतिशत बढ़ गई है। उन्हें सुब्रमण्यन की किताब की दो लाख प्रतियां खरीदने का ऐसे वक्त पर आर्डर दिया गया है, जब देश बेरोजगारी और महंगाई से जूझ रहा है।

### कांग्रेस ने सरकार, सरकारी बैंक व वित्त मंत्रालय से पूछे सवाल

कांग्रेस प्रवक्ता ने इस बारे में सरकार, सरकारी बैंक और वित्त मंत्रालय से सवाल करते हुए कहा है कि उसे बताना चाहिए कि उसने श्री सुब्रमण्यन की किताब की दो लाख प्रतियां खरीदने में साढ़े सात करोड़ रुपए खर्च करने के लिए अपने बोर्ड या वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग से अनुमति ली थी। सवाल यह भी है कि भाजपा ने प्रधानमंत्री की छवि सुधारने के लिए यह पैसा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को नहीं दिया था। यह पैसा जनता का था तो इसका दुरुपयोग क्यों किया गया और क्या खाताधारक को इस बारे में कोई जानकारी दी गई। उन्होंने इसे हितों का टकराव बताया और कहा कि वित्त मंत्रालय को इसकी जांच करनी चाहिए है कि यह कैसे हुआ। बैंक के महाप्रबंधक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुश्री मणिमेखलाई ने क्या अपने सेवा विस्तार की पैरवी के लिए यह अपरोक्ष रिश्वत दी। उनका कार्यकाल जून में समाप्त हो रहा है। उनका कहना था कि यह गंभीर मामला है और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को इस लेन-देन पर सफाई देनी चाहिए। बैंक एसोसिएशन ने भी इस फिजूलखर्ची और पैसे की बर्बादी की जांच की मांग की है।

## हेमंत सोरेन ने राज्यपाल संतोष गंगवार से की भेंट

**रांची,** 6 मई (एजेंसियां)। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने हाल ही के विदेश भ्रमण के दौरान राज्य में औद्योगिक निवेश के लिए किए गए प्रयासों के बारे में राज्यपाल को अवगत



कराया। इस मौके पर मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी व विधानसभा सदस्य कल्पना सोरेन भी उपस्थित थीं। बाद में झारखंड के राज्यपाल-सह-राज्य के गंगवार से विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका के पूर्व सिंडिकेट सदस्य गुंजन मरांडी ने राज भवन में भेंट की। भेंट के क्रम में मरांडी ने राज्यपाल का ध्यान विश्वविद्यालय में छात्र हितों की अनदेखी तथा भ्रष्टाचार की ओर आकृष्ट कराया। साथ ही उन्होंने विवि में पुस्तकालय अध्यक्षों की नियुक्ति के विषय में भी आवश्यक कार्रवाई के लिए अनुरोध किया। इसके बाद राज्यपाल गंगवार से सरायकेला नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी ने राज भवन में भेंट की। राज्यपाल से उन्होंने विश्वविख्यात छऊ नृत्य से जुड़े राष्ट्रीय नृत्य कला केंद्र, सरायकेला में रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति किए जाने का अनुरोध किया।

## दिल्ली विश्वविद्यालय का परिपत्र भेदभावपूर्ण : जेकेएसए

**श्रीनगर,** 6 मई (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर छात्रसंघ (जेकेएसए) ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की ओर से जारी उस परिपत्र को तत्काल वापस लेने का आग्रह किया है,जिसमें जम्मू-कश्मीर के छात्रों का कथित तौर पर विवरण मांगा गया है। जेकेएसए के मुताबिक डीयू से संबद्ध कई कॉलेजों ने जम्मू-कश्मीर के छात्रों से स्थायी और वर्तमान पता, संपर्क नंबर, ईमेल आईडी और पाठ्यक्रम जैसे व्यक्तिगत विवरण मांगे गए हैं जबकि कथित तौर पर अन्य राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों के छात्रों से ऐसा कोई डेटा नहीं मांगा गया है।

परिपत्र को भेदभावपूर्ण और राष्ट्रीय मुख्यधारा में कश्मीरी युवाओं के भावनात्मक और सामाजिक एकीकरण के लिए हानिकारक बताते हुए जेकेएसए ने दावा किया है कि इस चुनिंदा जांच ने कश्मीरी छात्रों में डर और चिंता पैदा कर दी है, जो अब अपने शैक्षणिक वातावरण में लक्षित और असुरक्षित महसूस करते हैं। शाह को लिखे पत्र में कहा गया है, यह कदम चुनिंदा निगरानी के खतरनाक पैटर्न को दर्शाता है जो युवाओं को अलग-थलग कर देता है तथा उनके इरादे, पहचान और देशभक्ति पर अनुचित संदेह पैदा करता है।यह विशेष रूप से परेशान करने वाला है

J & K Students Association

■ जम्मू कश्मीर छात्रसंघ ने शाह को लिखा पत्र

कि यह निर्देश ऐसे समय में आया है जब पहलगाम त्रासदी के बाद पूरे भारत में कश्मीरी छात्रों को पहले से ही उत्पीड़न और बदनामी का सामना करना पड़ रहा है। जेकेएसए ने कहा कि सुरक्षा और समावेश की पेशकश करने के बजाय संस्थान प्रशासनिक आवश्यकताओं की आड़ में उन्हें अलग-थलग कर रहे हैं। हाल के हफ्तों में देश के विभिन्न हिस्सों में कश्मीरी छात्रों द्वारा उत्पीड़न और धमकी का सामना करने की कई रिपोर्टें आई हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय का विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर के छात्रों से विस्तृत व्यक्तिगत जानकारी की मांग करना उनकी भेद्यता, भय और बहिष्कार की भावना को और बढ़ाती है। दिलचस्प तथ्य यह भी है कि दिल्ली विश्वविद्यालय ने यह तर्क दिया है कि यह डेटा संग्रह भारत के गृह मंत्रालय के निर्देशों पर आधारित है। केंद्रीय गृह मंत्री से इस मामले का तत्काल संज्ञान लेने का किया आग्रह।

## सार संक्षेप

### कुपवाड़ा में भूस्खलन से एक व्यक्ति की मौत

**श्रीनगर।** उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में मंगलवार को पत्थर निकालने के दौरान भूस्खलन हो जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। यह घटना द्रुगमुल्ला में हुई, जहां दो व्यक्ति पत्थर निकालने में लगे थे। मृतक की पहचान द्रुगमुल्ला कुपवाड़ा निवासी हबीबुल्लाह मलिक के रूप में हुई है। अधिकारियों के अनुसार, द्रुगमुल्ला निवासी मलिक और इम्तियाज अहमद पीर भूस्खलन की चपेट में आने के कारण घायल हो गए और उन्हें उप-जिला अस्पताल (एसडीएच) कुपवाड़ा ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मलिक को मृत घोषित कर दिया।

### तेतुलिया जमीन मामले में बोकारो में ईडी की छापेमारी

**रांची।** झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय बोकारो में जमीन कारोबार से जुड़े लोग के ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। ईडी की टीम मंगलवार को बोकारो के चास स्थित राणा प्रताप नगर में महेश नागिया के घर पर पहुंची और छापेमारी कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार महेश का तेतुलिया मौजा के ज़मीन के फर्जीवाड़ा में शामिल अजहर और अख्तर हुसैन के साथ था। इस कारण से महेश के यहां ईडी ने दबिश दी है। ईडी की टीम दो जगहों पर छापेमारी कर रही है। महेश नागिया जमीन और पेंट कारोबार से जुड़े है। पिछले 22 अप्रैल को ईडी ने रांची सहित 15 ठिकानों में छापेमारी की थी।

### मप्र बोर्ड परीक्षाओं में छात्राओं ने मारी बाजी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को राज्य माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्य प्रदेश द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा के परिणामों की घोषणा की। हाईस्कूल और हायर सेकंडरी दोनों ही परीक्षाओं में छात्राओं ने बाजी मारी है, जिस पर मुख्यमंत्री ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। डॉ. यादव ने इस अवसर पर कहा कि यह सफलता लक्ष्य के प्रति समर्पण, अथक परिश्रम और लगन का सुफल व प्रमाण है। प्रदेश की प्रतिभाशाली बेटियों ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध कर अपने अभिभावकों, शिक्षकों के साथ मध्यप्रदेश को गौरवान्वित किया है।

### ओबीसी के लिए जातिवार जनगणना महत्वपूर्ण : पाटिल

**पुणे।** इंडिया अगेंस्ट करप्शन (आईएसी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमंत पाटिल ने मंगलवार को कहा कि देश में अनुसूचित जाति, (एससी) अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए जातिवार जनगणना कराने का फैसला बहुत महत्वपूर्ण है। 1931 के बाद से देश में जातिवार जनगणना नहीं हुई है। पाटिल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वह कर दिखाया है जो पिछली केंद्र सरकारें नहीं कर पाईं।

## ओम बिरला ने पंडित मोतीलाल नेहरू को पुष्पांजलि की अर्पित



**नई दिल्ली,** 6 मई (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को पंडित मोतीलाल नेहरू की जयंती पर संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर संसद सदस्यों, पूर्व सदस्यों, लोक सभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। पंडित मोतीलाल नेहरू के चित्र का अनावरण भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने 30 मार्च 1957 को संविधान सदन (तत्कालीन संसद भवन) के केंद्रीय कक्ष में किया था। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने स्वतंत्रता सेनानी पंडित मोतीलाल नेहरू की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। खरगे ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा महान स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष, पं. मोतीलाल नेहरू जी की जयंती पर सादर श्रद्धांजलि। उनके द्वारा तैयार की गई नेहरू रिपोर्ट में सबसे पहले, सभी भारतीयों के लिए मतदान का अधिकार व मौलिक अधिकारों की अवधारणा का प्रावधान रखा गया।

# बिहार में मॉक ड्रिल को लेकर जुटा प्रशासन

■ दस मिनट के लिए बंद कर दी जाएगी शहर की बिजली

■ 80 जगहों पर बजाए जाएंगे सायरन

**पटना,** 6 मई (देशबन्धु)। पहलगाम में हुए हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। इस तनाव को देखते हुए केंद्र सरकार ने पूरे देश में मॉक ड्रिल करने का आदेश दिया है। सात मई को देशभर के 244 जिलों में होने वाले मॉक ड्रिल को लेकर युद्धस्तर पर तैयारियां हो रही हैं। पटना जिला प्रशासन भी इसकी तैयारियों में जुट गया है। मॉक ड्रिल के दौरान पूरे पटना शहर की बिजली 10 मिनट के लिए काट दी जाएगी और 80 जगहों पर सायरन बजाए जाएंगे। इस दौरान कुछ ऐसी बातें हैं जिन्हें फॉलो करना बेहद जरूरी है। ऐसे में बचाव से जुड़ी हर एक जानकारी को ध्यान से समझने की जरूरत होगी। पटना के डीएम चंद्रशेखर सिंह और एसएसपी आकाश कुमार ने बताया है कि भारत सरकार की तरफ से मॉक ड्रिल के लिए गाइडलाइन जारी की गई है। गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सिविल डिफेंस के अंतर्गत 244 जिले हैं, जहां पर 7 तारीख को मॉक ड्रिल करना है। सात मई को सड़कों पर चलने वाले लोग भी गाड़ी के लाइट को बंद कर लेंगे। इमरजेंसी सुविधा एंबुलेंस को इस व्यवस्था से छूट रहेगी। बुधवार को ब्लैकआउट के बाद बचाव और फ्रस्ट एड की व्यवस्था का आगे भी रिहर्सल होगा। पटना के एसएसपी अवकाश कुमार ने कहा कि युद्ध अभी नहीं छिड़ा है, यह बस एक रिहर्सल है। सड़कों पर चलने वाले लोग गाड़ियों को रोक दें। नागरिकों को जागरूक करने के लिए यह ड्रिल चल रहा है।

बिहार राज्य आपदा प्राधिकरण और नागरिक सुरक्षा निदेशालय मॉक ड्रिल की योजना बना रहे हैं। पटना के डीएम चंद्रशेखर अधिकारियों के साथ मीटिंग की।

मीटिंग में मॉक ड्रिल की तैयारियों का जायजा लिया गया। जानकारी के अनुसार, पटना में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गांधी मैदान स्थित ऑफिस, पटना यूनिवर्सिटी, पटना मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल और दूसरी जरूरी जगहों पर एक साथ सायरन बजेगा। इसके बाद फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस गाड़ियां सड़कों पर दौड़ेंगी।



### रोशनी का उपयोग न करने का किया आग्रह

बिहार के पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज, अररिया, पटना और बेगूसराय में मॉक ड्रिल करना है। अधिकारियों ने बताया कि 7 मई को शाम 7ः बजे से लेकर 7:1े तक ब्लैकआउट होगा। सभी लाइट को बंद करके वॉर लाइट सिचुएशन से बचने की तैयारी की जाएगी। पटना में भी बुधवार को 7ः से 7:1े तक पटना की बिजली काट दी जाएगी। पटना के लोगों से अपील है कि बिजली कटने के बाद रोशनी का उपयोग न करें। पटना में 8 जगह पर सायरन बजाया जाएगा। फायर ब्रिगेड और थानों की गाड़ियां सायरन बजाया जाएगा। पटना शहर में 8 जगह पर 6:58 में शाम को सायरन बजाया जाएगा।

# भूमि अधिग्रहण के नाम पर किसानों का हो रहा उत्पीड़न : अखिलेश यादव



■ झांसी और बबीना के 33 गावों के किसानों ने की सपा प्रमुख से मुलाकात

**लखनऊ,** 6 मई (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार भूमि अधिग्रहण के नाम पर गरीब किसानों का उत्पीड़न कर रही है। यादव ने मंगलवार को पार्टी दफ्तर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि बुन्देलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) के उत्पीड़न के शिकार झांसी और बबीना के 33 गावों के किसानों ने मंगलवार को उनसे मुलाकात कर न्याय दिलाने की मांग की है। किसानों की समस्या को लेकर नेता विरोधी दल विधान परिषद लालबिहारी यादव के नेतृत्व में सपा का प्रतिनिधिमण्डल झांसी और बबीना गया। वहां जिलाधिकारी से बात हुई जब जिलाधिकारी ने बात मान ली तो माना जाता है सरकार पूरा करेगी, लेकिन अधिकारी के ट्रांसफर के बाद किसानों की समस्या जस-की-तस है। उन्होंने कहा कि बबीना की तरह ही भाजपा सरकार ने अयोध्या के गरीबों और किसानों की जमीने छीन, ली थी, लूट की थी, मुनाफा कमाया था, उसी का परिणाम था कि प्रभु श्रीराम ने भाजपा को अयोध्या की धरती से हरा दिया था और पूरे देश में भाजपा की साम्प्रदायिक राजनीति के अंत का संदेश दिया था।

### किसानों की लड़ाई लड़ेगी सपा

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी किसानों की लड़ाई लड़ेगी। सरकार किसानों को जमीनों का बाजार भाव दे। जमीनों के बदले किसानों को बाजार भाव मिलना चाहिए। किसानों पर दबाव बनाकर किसी सहमति के कागज पर दस्तखत नहीं कराने चाहिए। यादव ने कहा कि जब भूमि अधिग्रहण नियम है तो सर्किल रेट बढ़ाकर किसानों को चार गुना मुआवजा देना चाहिए। झांसी-बबीना में जब सरकार ने ही किसानों को विस्थापित किया है। सरकार ने किसानों को जमीन दिया लेकिन वह किसानों के नाम नहीं हुई तो इसकी जिम्मेदारी सरकार की है। निर्माण कार्य हो रहे है। जमीन लगातार काम हो रहे है। जमीन सिकुड़ रही है। किसानों के साथ धोखा नहीं होना चाहिए।

## नीतीश ने कटिहार सड़क दुर्घटना पर जताया शोक

**पटना,** 6 मई (देशबन्धु)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कटिहार जिले के कुर्सेला थाना क्षेत्र में चांदपुर हनुमान मंदिर के पास स्कार्पियो और ट्रैक्टर के बीच टक्कर में आठ लोगों की हुई मौत पर आज गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। कुमार ने मंगलवार को अपने शोक संदेश में इस घटना को काफी दुखद बताया। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने



को ईश्वर से प्रार्थना की है। उन्होंने दुर्घटना में घायल हुए दो लोगों, जिनका इलाज पूर्णिया सदर अस्पताल में चल रहा है, के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री ने वज्रपात से पटना जिले में तीन तथा गया और अरवल में एक-एक व्यक्ति की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की और कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। उन्होंने आज ही मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रुपये अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिए हैं। कुमार ने अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें।

## पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में नया उप-मंडल बनेगा

**कोलकाता,** 6 मई (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को मुर्शिदाबाद जिले में फरक्का, धुलियान और सुती को मिलाकर एक नया उप-मंडल बनाने की घोषणा की। हिंसाग्रस्त मुर्शिदाबाद जिले के दौरे पर आईं बनर्जी ने कहा कि फरक्का, धुलियान और सुती लोकसभा चुनाव के दौरान मालदा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं तथा विधानसभा चुनाव के दौरान यही क्षेत्र मुर्शिदाबाद के अंतर्गत आते हैं, लेकिन प्रशासनिक कार्यभार को कम करने के लिए इन तीनों क्षेत्रों को मिलाकर नया उप-मंडल बनाया जायेगा। मुख्य कार्यालय तीनों स्थानों के बीच में स्थित होगा और यह कार्य अगले डेढ़ महीने में पूरा हो जाएगा। बांग्लादेश की सीमा से सटे मुर्शिदाबाद जिले में मुख्यमंत्री का दौरा गत 11 और 12 अप्रैल को वक्फ संशोधन अधिनियम के विरोध के दौरान व्यापक सांप्रदायिक दंगों के



■ ममता बनर्जी ने की नया उप-मंडल बनाने की घोषणा


तीन सप्ताह बाद हुआ है। दंगों में हरगोबिंद दास (71) और उनके बेटे चंदन दास (41) की उनके जाफराबाद गांव के घर में पीट-पीटकर हत्या कर दी गयी। वहीं समसेरगंज में एक अन्य युवक की कथित पुलिस गोलीबारी में मौत हो गई थी। बनर्जी ने लोगों से सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने का आग्रह किया और उन्हें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) या किसी भी कट्टरपंथी ताकतों द्वारा उकसाने से बचने की चेतावनी दी।

चुनौती | *अंतरराष्ट्रीय सीमा पर अपने नापाक इरादों को पूरा करने की तैयारी में जुटी पाक सेना*

# भारतीय पक्ष की ओर से भी मुंहतोड़ जवाब देने की तैयारी

**जम्मू,** 6 मई (देशबन्धु)। पाकिस्तानी सेना पूरी तरह से युद्ध की तैयारी में है। अंतरराष्ट्रीय सीमा पर उसकी रक्षा खाई पर जहां उसके टैंकों को धूल उड़ाते हुए देखा जा सकता है वहीं चिकन नेक, छम्ब तथा राजौरी पुंछ के सेक्टरों में मोर्चा संभालने वाले नए ब्रिगेडों की हरकतों को देख यह बात छुपी नहीं रह सकती।

कि पाक सेना अपने नापाक इरादों को पूरा करने की तैयारी में जुटी है। हालांकि भारतीय पक्ष की ओर से भी समुचित उत्तर देने की तैयारी है। पंजाब से सटे जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले की पहाड़पुर सीमा चौकी से लेकर अखनूर के छम्ब सेक्टर तक सीमा के उस पार पाक सेना के टैंक डिवीजनों की तैनाती को देख भारतीय पक्ष चिंतित है। सिर्फ टैंक डिवीजन ही नहीं बल्कि इस क्षेत्र में पाक सेना के दो ब्रिगेड भी तैनात हुए हैं पिछले



■ एलओसी पर प्रतिदिन नए मोर्चे खोल रही पाक सेना

एक सप्ताह के भीतर। नतीजतन सीमा के इस ओर का जनजीवन अब प्रभावित होने लगा है। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो पाकिस्तान से सटी 1202 किमी लम्बी सीमा पर युद्ध का माहौल बनने लगा है। सिर्फ माहौल ही नहीं बल्कि पाक सेना के साथ कई स्थानों पर सच में युद्ध हो रहा है। इसे युद्ध ही तो कहा जाएगा जिसमें पाक सेना भारतीय चौकिओं पर हमले कर रही हे। भयानक गोलाबारी कर भारतीय पक्ष को मजबूर कर रही है कि वह उसे करारा जवाब दे। युद्ध की तैयारी दोनों तरफ से है। सैनिक सूत्रों के अनुसार, 264 किमी लम्बी जम्मू सेक्टर की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तानी टैंक डिवीजनों की मौजूदगी के साथ ही तैनात किए गए सेना के दो ब्रिगेड अपने इलाके में उकसाने वाली कार्रवाइयां कर रहे हैं। सीमा पार के पाक गांव पूरी तरह से खाली होने लगे हैं तथा ब्लैकआउट के बीच क्षेत्र भूतहा लगने लगे हैं। हालांकि भारत की ओर से ऐसी तैयारियां का आरंभ बुधवसार शाम 7 बजे से किया जाने वाला है जिसमें ब्लैक आउट, खतरे के सायरन और हवाई हमलों के दौरान बचाव के तरीकों का प्रशिक्षा शामिल होगा। ठीक इसी प्रकार की स्थिति एलओसी पर भी है। अंतर सिर्फ इतना है कि एलओसी पर पाक सेना प्रतिदिन नए मोर्चे खोल रही है।

जहां परसों उसने राजौरी, पुंछ में भारतीय चौकिओं पर हमले किए वहीं आज उसके निशाने कश्मीर सीमा के कई सैनिक ठिकाने भी थे। लगातार 12वें दिन उसने लगभग पूरी एलओसी को गर्मा कर रखा हुआ है। पाक सेना की तैयारियों में उसकी वायुसेना भी पूरी मदद कर रही है। पाक सेना व वायुसेना की इन तैयारियों का मुहंतोड़ उत्तर देने के लिए भारतीय पक्ष ने भी तैयारी की है। लेकिन उसने युद्ध की तैयारी नहीं बल्कि अपनी भूमि की रक्षा करने के लिए तैयारी की है तभी तो भारतीय सेना अभी द्वितीय रक्षापंक्ति पर तैनात है जम्मू सेक्टर में तो टैंक डिवीजन तैनाती के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। यह अवश्य है कि एलओसी पर भारतीय सेना पाक सेना को मुहंतोड़ उत्तर दे रही है।

देशबन्धु

बिलासपुर, बुधवार 7 मई 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## मॉक ड्रिल: संयम और साहस दिखाने का समय

देश में आखिरी बार लगभग साढ़े पांच दशक पहले यानी 1971 में हुई भारत-पाकिस्तान जंग के दौरान बचाव के सायरन सुनाई दिये थे। उसके बाद अब एक बार फिर से यह नौबत आई है। पहलगाम (कश्मीर) के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बैसरन में 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने 26 सैलानियों और एक स्थानीय गाइड की हत्या कर दी थी। इसके कारण देश भर में पाकिस्तान के प्रति नाराज़गी है क्योंकि माना जा रहा है कि दहशतगर्द पाकिस्तानी जमीन से आये थे। जिस आतंकी संगठन ने इस कार्रवाई का जिम्मा अपने सिर पर लिया है उनको पहले से ही पाकिस्तानी सरकार, वहां की सेना और खुफिया एजेंसी आईएसआई द्वारा पोषित समझा जाता है। सरकार भी पाकिस्तान को मज़ा चखाने पर आमादा है तथा देश भी चाहता है कि सरकार कड़े कदम उठाये।

इसे लेकर सर्वदलीय बैठक में देश के सभी प्रमुख विपक्षी दलों ने सरकार के साथ अपनी एकजुटता दिखाई है। यह अलग बात है कि बैठक में स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अनुपस्थित थे। सऊदी अरब का दौरा बीच में छोड़कर मोदी के लौटने से अपेक्षा थी कि सरकार तत्काल कोई कार्रवाई करेगी। इसके विपरीत मोदी लौटकर बिहार में रैली को सम्बोधित करने चले गये, लेकिन वहां से उन्होंने ऐलान किया कि कायराना करतूत करने वालों को ऐसा कड़ा सबक सिखाया जाएगा जो अब तक नहीं देखा गया था। बाद में मोदी की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर तथा राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ हुई बैठकों ने भी आस बंधाई थी कि लोगों का खून व्यर्थ नहीं जायेगा। सोमवार को जब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री कार्यालय पहुंचे तो सरकार समर्थक मीडिया में इसे देश के मोर्चे पर एक कदम आगे जाना कहा गया। हालांकि अब माना जा रहा है कि मोदी के साथ राहुल की यह बैठक केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के नये प्रमुख के चयन को लेकर थी। यहां यह सब बतलाने का तात्पर्य यह है कि देश इस उम्मीद में है कि आतंकियों एवं पाकिस्तान के खिलाफ़ भारत तत्काल और कठोर कार्रवाई करे।

ऐसे में सोमवार को गृह मंत्रालय की ओर से एक परिपत्र जारी हुआ है जिसमें सभी 28 राज्यों के लगभग 250 जिलों के चयनित शहरों एवं 8 केन्द्र शासित प्रदेशों में मॉक ड्रिल करने का निर्देश दिया गया है। इसका उद्देश्य जनसामान्य को हवाई हमलों से बचाव का अभ्यास कराना है। बड़े पैमाने पर होने वाली मॉक ड्रिल यह संदेश भी देती है कि देश और उसकी जनता शारीरिक तथा मानसिक दोनों ही स्तरों पर लड़ाई का सामना करने के लिये तैयार है। यह सरकार की भी तैयारी को दर्शाता है जो एक तरफ़ आक्रमण के लिये खुद को तैयार कर रही है तो वहीं दूसरी ओर अपने नागरिकों के बचाव के प्रति भी चिंतित है। आशा की जानी चाहिये कि जिन शहरों में युद्धाभ्यास होगा, वहां के नागरिक गम्भीरतापूर्वक इसमें हिस्सा लेंगे। श्रेणीवार तीन तरह के शहरों को इसके लिये चयनित किया गया है लेकिन इस प्रदर्शन से उन शहरों के लोग भी लाभान्वित होंगे जिनका मॉक ड्रिल के लिये इस बार चयन नहीं किया गया है। आखिरकार युद्ध में कोई नहीं कह सकता कि दुश्मन किस शहर को अपने निशाने पर लेगा। 1971 में भी ऐसी सावधानी बरती गयी थी जब जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, पश्चिम बंगाल राज्यों के अनेक सीमावर्ती जिलों के कई शहरों में लोगों को ब्लैकआऊट में रहने का अभ्यास कराया गया था। इससे दहशत खत्म हुई थी तथा बतौर नागरिक लोगों ने भारत-पाक युद्ध का सामना बहादुरी से किया था।

अब बुधवार को होने वाले मॉक ड्रिल में ब्लैक आऊट होगा, सायरन बजेंगे तथा लोगों द्वारा खुद की सुरक्षा का अभ्यास होगा। उन्हें आपातकालीन शेल्टरों में जाने का प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशासन को वेबसाइटों तथा सोशल मिडिया पर नज़र रखने के लिये कहा गया है। इस दौरान फोटोग्राफी, वीडियो आदि बनाने व उन्हें सोशल मीडिया पर अपलोड करने से बचना होगा। वैसे गृह मंत्रालय ने कहा है कि लोगों में दहशत न हो इसके लिये ज़रूरी है कि वे इसके बारे में पहले से जानें। बुधवार की शाम को देश भर में एक साथ बजने वाले सायरन को लोगों को प्रतिसाद देना होगा क्योंकि यह जो कुछ भी कवायद हो रही है वह नागरिकों की सुरक्षा के लिये ही है। इसे गम्भीरता से लेना होगा। शत्रु देश की ओर से एयर स्ट्राइक होने पर सायरन के संकेतों को समझना और उसके अनुरूप व्यवहार करना होगा। इस दौरान कोई भी प्रकाश न हो तथा चयनित शहरों में पूरी तरह से अंधकार रहे। इसका उद्देश्य शत्रु के लड़ाकू विमानों की नज़रों से खुद को बचाना होता है। इस दौरान खिड़की-दरवाजों को पूरी तरह से बन्द रखा जाये तथा टॉर्च, नगदी, प्राथमिक उपचार की व्यवस्था कर रखी जाये। टीवी, रेडियो या मोबाइल से प्रशासन द्वारा दिये जाने वाले निर्देशों को जानते रहना ज़रूरी है।

शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के नेता संजय राऊत ने भी कहा है कि 'देश को 1971 के मॉक ड्रिल का अनुभव है। सरकार यदि यह करती है तो देश इसके लिये तैयार है।' भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने देशवासियों से अपील की है कि वे मॉक ड्रिल में हिस्सा लें। बुधवार के इस नागरिक अभ्यास से संदेश जायेगा कि देश तैयार है।

लेकिन इस बड़ी तैयारी के साथ यह ध्यान रखने की आवश्यकता है कि युद्ध के नाम पर अनावश्यक उन्माद न फैले, न ही इस पर कोई सनसनी कायम की जाए। यह समय संयम और साहस का परिचय देने का है।

# कौन चाहता है युद्ध और क्या हासिल होगा उससे

महाभारत के शांतिपर्व में कहा गया है-
'न युद्धात् परमं किंचिद् युद्धं सर्वं न संनादति।
युद्धेन संनादति सर्वं तस्माद् युद्धं परित्यजेत।।'
(युद्ध से बढ़कर कोई आपदा नहीं; युद्ध सब कुछ नष्ट कर देता है। इसलिए युद्ध का परित्याग करना चाहिए)।

भारत में जब कभी भी पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवादी जमात की ओर से कोई बड़ा हमला होता है और उसमें बड़ी संख्या में लोग मारे जाते हैं तो मीडिया और सोशल मीडिया में युद्ध के ढोल-नगाड़े बजने लगते हैं। इस समय भी यही हो रहा है। पिछले महीने की 22 तारीख को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर पूरा देश क्षुब्ध और उद्वेलित है। चूंकि हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े द रसिस्टेंस फ्रंट ने ली है, जिसे पाकिस्तानी सेना और वहां की खुफिया एजेंसी आईएसआई से खाद-पानी मिलता है।

पहलगाम हमले में जो लोग मारे गए हैं, वे सभी मध्यमवर्गीय परिवारों के होंगे। उनमें किसी ने अपना बेटा तो किसी ने पति, किसी ने अपना भाई और किसी ने पिता को खोया है। उन सभी के दर्दनाक तरीके से मारे जाने पर उनके परिवारजनों का दुख और गुस्सा जायज है और उसमें पूरे देश का शामिल होना भी लाजिमी है। फिर भी कॉरपोरेट घरानों से नियंत्रित टीआरपी-पिपासु टीवी चैनल भारतीय जन-मन के क्षोभ, शोक और आक्रोश का निर्लज्जता के साथ व्यापार कर रहे हैं।

जिस दिन पहलगाम में हमला हुआ उस दिन से आज तक दिल्ली और मुंबई स्थित टीवी चैनलों पर तीतर-बटेर छाप बहसों में रक्षा विशेषज्ञों के तौर पर शामिल रक्षा तथा विदेश मंत्रालय, सेना एवं खुफिया सेवाओं के पूर्व अफसर जनाक्रोश को युद्धोन्माद में बदलने की कोशिश कर रहे हैं। टीवी चैनलों के मूर्ख एंकर-एंकरनियां भी वीर बालकों की मुद्रा में उनके सुर में सुर मिला रही हैं। युद्धोन्माद पैदा करने के लिए इन टीवी चैनलों ने चंद पैसों पर आसानी से उपलब्ध हो जाने वाले पाकिस्तान के भी कुछ नेताओं, पूर्व नौकरशाहों, पूर्व सैन्य अफसरों को हायर कर रखा है।

ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है। दरअसल ये 'रक्षा विशेषज्ञ' किसी भी आतंकवादी हमले के बाद टीवी चैनलों के वातानुकूलित स्टूडियो में बैठकर पाकिस्तान को युद्ध के जरिये सबक सिखाने का सुझाव देते हैं और साथ ही यह रुदन भी कर डालते हैं कि भारतीय सेना के पास संसाधनों का अभाव है। अपनी ऐसी बातों से यह लोग आम लोगों पर यही प्रभाव छोड़ने की कोशिश करते हैं कि वे बहुत बहादुर और देशभक्त हैं, लेकिन बात इतनी सीधी नहीं है। दरअसल यह मामला उच्च तकनीक वाले हथियारों के अंतरराष्ट्रीय कारोबार से जुड़ा है।

भारत हथियारों का बहुत बड़ा खरीदार है, लिहाजा हथियार बनाने वाली कई विदेशी कंपनियों के हित भारत से जुड़े हैं। भारतीय सेना, सुरक्षा एजेंसियों, विदेश सेवा और रक्षा महकमे के कई पूर्व अफसर इन कंपनियों के परोक्ष मददगार होते हैं। यह कंपनियां ऐसे लोगों को उनके रिटायरमेंट के बाद अनौपचारिक तौर पर अपना सलाहकार नियुक्त कर लेती हैं। ये लोग इन कंपनियों के हथियारों की बिक्री के लिए तरह-तरह से माहौल बनाने का काम करते हैं। देश में युद्धोन्माद पैदा करना और सेना में संसाधनों का अभाव बताना भी उनके इसी उपक्रम का हिस्सा है। कहने की आवश्यकता नहीं कि इन लोगों को इस काम के लिए हथियार कंपनियों से अच्छा खासा 'पारिश्रमिक' मिलता है। तो देशभक्ति के नाम यह इनका अपना व्यापार है जो इन दिनों जोरों पर चल रहा है।



अनिल जैन

> जब हर तरह से युद्ध हमारे लिए हानिकारक है तो फिर इसका विकल्प क्या है? पाकिस्तान की हरकतों और आतंकवाद से हम कैसे निबटें? सवाल महत्वपूर्ण है और इसका जवाब यह है कि हम पाकिस्तान पर दबाव बनाने के लिए अमेरिका समेत दुनिया के दूसरे देशों से गुहार जरूर करें लेकिन ऐसा करने के पहले हमें इस दिशा में खुद ही पहल करनी चाहिए।

युद्ध का माहौल बनाने में जुटे कुछ टीवी चैनलों ने तो यह भी बता दिया है कि दोनों देशों के बीच युद्ध में अगर परमाणु युद्ध हथियारों का इस्तेमाल होता है तो पाकिस्तान का नुकसान ज्यादा होगा, वह तबाह हो जाएगा, दक्षिण एशिया का भूगोल बदल जाएगा आदि-आदि। कुछ चैनल सुझा रहे हैं कि भारत युद्ध न भी करें तो पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में घुसकर आतंकवादियों के शिविर नष्ट कर दे। हालांकि भारत की ओर से ऐसी कार्रवाइयां पिछले 27 वर्षों में 11 बार हो चुकी हैं, जिनमें से दो बार तो मोदी सरकार के दौर में ही हुई हैं, तो भी पाकिस्तानी सत्ता प्रतिष्ठान और उसके द्वारा पोषित आतंकवादियों के मनसूबों पर इसका कोई असर नहीं हुआ है।

भारतीय सत्ता प्रतिष्ठान का यह मुगालता पुराना है कि अमेरिका भारत का दोस्त है। इससे भी बड़ा मुगालता मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनाल्ड ट्रंप उनके व्यक्तिगत दोस्त है। हमारे कॉरपोरेट घरानों, कॉरपोरेट पोषित मीडिया और देश के उच्च मध्यम वर्ग के मन में भी अमेरिका के प्रति अगाध श्रद्धा है। ऐसे सभी लोगों के लिए क्या यह सूचना महत्वपूर्ण नहीं है कि अमेरिका ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा तो की है, लेकिन राष्ट्रपति ट्रम्प ने साथ में यह भी कहा है कि भारत और पाकिस्तान दोनों ही उनके करीबी हैं और दोनों खुद ही इस मसले को हल कर लेंगे। जाहिर है कि अमेरिका ने खुद को इस मामले से अलग रखने का इरादा जता दिया है। इसकी वजह यह है कि हथियार खरीदी के मामले में पाकिस्तान भी अमेरिका का कोई छोटा ग्राहक नहीं है। इसके अलावा कई मौकों पर पाकिस्तानी सैन्य अड्डों का इस्तेमाल भी वह करता रहा है।

जहां तक चीन का सवाल है, उसके तो और भी ज्यादा हित पाकिस्तान के साथ जुड़े हुए हैं। उसने भी पहलगाम हमले की निंदा तो की है लेकिन पाकिस्तान को अपना मजबूत दोस्त और रणनीतिक भागीदार भी बताकर स्पष्ट कर दिया है कि युद्ध जैसी स्थिति में वह क्या करेगा। रूस की प्रतिक्रिया भी भारत के लिए आश्वस्तकारी नहीं है। तुर्की, ईरान, सऊदी अरब सहित कई मुस्लिम देश तो खुल कर पाकिस्तान के साथ हैं। यहां तक कि भारत के छोटे-छोटे पड़ोसी देश भी इस मामले में भारत से दूरी बनाए हुए हैं। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारत-पाकिस्तान युद्ध की स्थिति में कौन किसके साथ रहेगा!

कुल मिलाकर युद्ध हमारे लिए बुरी तरह घाटे का सौदा साबित होगा। पाकिस्तान भले ही हमारी तरह परमाणु शक्ति संपन्न है लेकिन वह निहायत ही उद्दण्ड और गैरजिम्मेदार मुल्क भी है। आर्थिक तौर पर तो वह बर्बाद है ही। उसके पास अपने बेगुनाह अवाम के अलावा खोने को भी कुछ खास नहीं है। इसलिए उसके साथ युद्ध की स्थिति में जो भी कुछ बिगड़ना है वह भारत का ही बिगड़ना है।

सवाल उठता है कि जब हर तरह से युद्ध हमारे लिए हानिकारक है तो फिर इसका विकल्प क्या है? पाकिस्तान की हरकतों और आतंकवाद से हम कैसे निबटें? सवाल महत्वपूर्ण है और इसका जवाब यह है कि हम पाकिस्तान पर दबाव बनाने के लिए अमेरिका समेत दुनिया के दूसरे देशों से गुहार जरूर करें लेकिन ऐसा करने के पहले हमें इस दिशा में खुद ही पहल करनी चाहिए, जो कि भारत सरकार ने पहलगाम हमले के बाद की भी है। भारत की इस पहलकदमी से आने वाले समय में पाकिस्तान पर निश्चित रूप से दबाव बनेगा। अलबत्ता इन कदमों से अदानी, अंबानी और जिंदल जैसे हमारे यहां के कुछ उद्योग समूहों के हित जरूर प्रभावित हो सकते हैं, जिनके कारोबारी रिश्ते गहरे तौर पर पाकिस्तान और वहां के सत्ता प्रतिष्ठान से ताल्लुक रखने वाले लोगों के साथ जुड़े हैं।

पाकिस्तान के खिलाफ अपने स्तर पर की जा सकने वाली इस तरह की राजनयिक और आर्थिक नाकेबंदी के साथ ही हमें अपनी सुरक्षा व्यवस्था और खुफिया तंत्र को भी चाक-चौबंद करने के उपाय करने चाहिए। हर आतंकवादी हमले के बाद इस मोर्चे पर हमारी कमजोरियां उजागर होती हैं और सरकार की ओर से इन कमजोरियों को दुरुस्त करने की बातें भी होती हैं, लेकिन होता कुछ नहीं है। पहलगाम हमले में भी यह कमजोरी साफ तौर पर उभरकर सामने आई है। इससे पहले उड़ी, पठानकोट एयरबेस और पुलवामा में हुए आतंकवादी हमले भी हमारी इन्हीं कमजोरियों के परिणाम थे। इन कमजोरियों को दूर किए बगैर अगर हम पाकिस्तान का रण-निमंत्रण स्वीकार कर भी लें तो उससे मसले का कोई स्थायी हल नहीं निकल सकता। आखिरकार हम पाकिस्तान की तुलना में कहीं ज्यादा सभ्य देश हैं। ऐसे ही मौकों पर हमारी सभ्यता का इम्तिहान होता है, जब हम उकसावे में आए बगैर अपने विवेक का इस्तेमाल करते हुए अपने मूल्यों को बनाए रखें। युद्ध नहीं, शांति और सह-अस्तित्व ही हमारी सभ्यता का आधार है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)

# जातिवार जनगणना से जुड़ी अपार संभावनाएं

पहलगाम कांड के बाद प्रधानमंत्री और संघ प्रमुख की बैठक हुई तो मुल्क 'बड़े' फैसले की उम्मीद कर रहा था। फैसला बड़ा तो हुआ लेकिन पहलगाम के दोषियों को सख्त सजा देने का नहीं। यह कुछ नया ही विषय ऊपर ले आया और इसके चलते यह आरोप भी लगाने लगे कि प्रधानमात्री उस मामले में कुछ करने से बचना चाहते हैं और बढ़ते जनमत का ध्यान दूसरी तरफ मोड़ने के लिए उन्होंने जातिगत जनगणना का फैसला कर लिया। यह संयोग हो सकता है लेकिन यह फैसला इतना हल्का नहीं है। समाज और राजनीति के लिहाज से इसके दूरगामी परिणाम होंगे। चौंकाने और चालाकी का शक करने की एक और वजह संघ और भाजपा का पिछला रिकार्ड है जो आरक्षण की राजनीति, जातिगत जनगणना और हिन्दू समाज में 'भेद' के खिलाफ रहा है। लेकिन कहना होगा कि जब जागो तब सबेरा और यह बहुत बड़ा फैसला ही नहीं है, इसमें काफी सारी विसंगतियों को दूर करने का अवसर भी है। सबसे बड़ी विसंगति तो ओबीसी की संख्या जाने बगैर उसको आरक्षण देना है और सुप्रीम कोर्ट द्वारा पचास फीसदी की सीमा लगाना है जबकि हर अनुमान पिछड़ों-दलित और आदिवासियों की संख्या का अनुपात ज्यादा मानता है। साथ ही मौजूदा समाज में जाति के साथ पिछड़ेपन के और आधार हैं लेकिन उनको चलताऊ मान लिया गया है। कहीं महिलाओं तो कहीं विकलांगों को दो-एक प्रतिशत आरक्षण जैसे समाधान की कोशिश की गई है। परिणाम है कि रोज नए समूह आरक्षण की मांग लेकर मैदान में डटे रहते हैं।



अरविन्द मोहन

> जाति गिनने वालों को भी वर्गीकरण और जातियों की संख्या या प्रकृति समझने में दिक्कत हुई लेकिन सबसे ज्यादा दिक्कत निम्न जातियों द्वारा खुद को ऊंचा बताने के दावों को मानने न मानने की हुई। अब आरक्षण का लाभ जुड़ा है तो इस बार खुद को छोटी जाति का या अंत्यज बताने की होड़ होगी। चुनावी राजनीति में संख्या बल का महत्व होने से छोटी-छोटी जातियों का एक नाम के तहत जुटान भी संभव होगा।

इनमें सबसे ज्यादा तो वे किसान जातियां हैं जो आज भी खेती के मैदान में डटी हैं और उनकी खेती की आमदनी उद्योग, व्यापार और कथित सेवा क्षेत्र की तुलना में पिछड़ती जा रही है। जाट, मराठा, पटेल जैसी जातियां कभी आरक्षण को ठुकरा चुकी थीं लेकिन बदले हालात में उनका आंदोलन सबसे उग्र होता है। दूसरा अध्याय खुद को ओबीसी से अनुसूचित जाति या जनजाति वर्ग में डालने का है। रेडी, लिंगायत, विक्कलिगा और नायर जैसी जातियां क्रीमी लेयर के फार्मूले के खिलाफ लगी रहती हैं। अल्पसंख्यक जमातों को आरक्षण के दायरे में लाना, महिलाओं को आरक्षण देना, निजी क्षेत्र में आरक्षण देना और फौज तथा पुलिस में आरक्षण की मांग भी उठती रहती है। खैर मनाइए कि देसी भाषाओं से पढ़े बच्चों, गरीब और ग्रामीण समाज के वंचित बच्चों की तरफ से अभी तक जोरदार आवाज नहीं उठी है। इसलिए यह कहना एकदम उचित है कि जब समाज के हर वर्ग की संख्या और स्थिति का एक साथ व्यापक आंकड़ा आ जाएगा तो सारी वंचनाओं को मिटाने की तरफ कदम बढ़ाने वाली आरक्षण/विशेष अवसर की व्यवस्था लाई जा सकती है।

इसलिए यह हिसाब छोड़िए कि यह फैसला क्यों हुआ और यह पहलगाम से ध्यान भटकाने के लिए हुआ, बिहार के आगामी चुनाव के लिए हुआ, कांग्रेस और विपक्ष के दबाव से हुआ या भाजपा को इसका श्रेय उसी तरह मिलेगा जैसा वी पी सिंह को मिला। शायद वह दौर बीत चुका है और लोग यह भी भूल गए हैं कि भाजपा ने आरक्षण के मुद्दे पर ही बिहार में कर्पूरी ठाकुर और केंद्र में वी पी सिंह सरकार गिरा दी है। इतना बड़ा फैसला लेने का श्रेय नरेंद्र मोदी को दिया जाना चाहिए। और यह उम्मीद छोड़ देनी चाहिए कि इस बार भी मण्डल जैसा तूफान उठेगा या सारी राजनीति तथा संसद और विधान सभाओं का सामाजिक चरित्र बदल जाएगा। वोट भी एकदम से किसी एक तरफ जाए अब इसकी संभावना भी कम लगती है।

जो हो सकता है वह बहुत बड़ा है। इसमें सबकी जाति को गिनना, समझना और उसका वर्गीकरण करना एक जटिल काम है और जब जातिवार जनगणना होती थी और फिर रोकी गई तब ये सारे फैक्टर थे। जाति गिनने वालों को भी वर्गीकरण और जातियों की संख्या या प्रकृति समझने में दिक्कत हुई लेकिन सबसे ज्यादा दिक्कत निम्न जातियों द्वारा खुद को ऊंचा बताने के दावों को मानने न मानने की हुई। अब आरक्षण का लाभ जुड़ा है तो इस बार खुद को छोटी जाति का या अंत्यज बताने की होड़ होगी। चुनावी राजनीति में संख्या बल का महत्व होने से छोटी-छोटी जातियों का एक नाम के तहत जुटान भी संभव होगा। पर अगर एक साफ और सभी तरह की वंचनाओं को समेटने वाली व्यवस्था बने, जिसमें जातिगत भेदभाव का वेटेज (वजन) सबसे ज्यादा रखा जाए, तो न सिर्फ सर्वस्वीकृत आरक्षण व्यवस्था कायम होगी बल्कि इसमें कथित क्रीमी लेयर के भी स्वत: छंटते जाने का काम होता जाएगा।

कभी जेएनयू के नामांकन में सौ अंकों का बीस फीसदी हिस्सा विभिन्न तरह की वंचनाओं के लिए अलग-अलग वेटेज के आधार पर तय होता था। इसमें जाति, आर्थिक स्थिति, लड़का-लड़की, गांव-शहर और अंग्रेजी स्कूल की पढ़ाई हुई या नहीं, इस आधार पर अलग-अलग अंक थे। जाति और आर्थिक स्थिति में भी कई श्रेणियां और उनके हिसाब से अंक थे। पर कुल विशेष अंक की सीमा बीस ही थी। अगर कोई लड़की बाकी कोई अंक नहीं पाती तो उनको जेंडर के दो या तीन विशेष अंक तो मिल जाते थे। गांव से आया सवर्ण और अच्छी आय वाले बच्चों को भी अंग्रेजी न जानने के नुकसान की भरपाई के दो या तीन अंक मिल जाते थे। दलित और आदिवासी को ज्यादा विशेष नंबर थे लेकिन ओबीसी समूह को भी ठीक ठाक विशेष अंक मिलते थे। जिसके परिवार की कमाई बढ़ी, शहरी हुआ, अंग्रेजी पढ़ाई शुरू हुई तो वह खुद ब खुद क्रीमी लेयर के ऊपर हो जाता था जिसमें दलित-आदिवासी भी हो सकते थे और ओबीसी भी। और इसी के चलते वहां के छात्र समुदाय का चरित्र एकदम अलग बना। उनका अकादमिक प्रदर्शन कैसा हुआ यह बताने की जरूरत नहीं है।

जनगणना में सामाजिक स्थिति जानने के दसियों आंकड़े इकट्ठे किए जाते हैं। 2011 की जनगणना में तो जातियों का पता करने के साथ खेती-बाड़ी, मकान, दूकान, चारपहिया-दो पहिया, रंगीन टीवी, मोबाइल जैसी सारी सूचनाएं इकट्ठा की गई थीं जिनमें कुछ जारी हुए कुछ दबा लिए गए। इस बार तो अज्ञात कारणों से जनगणना ही रोककर रखी गई है और जातिवार जनगणना ही नहीं महिलाओं का आरक्षण और संसदीय सीटों का पुनर्गठन भी आगे के लिए टाला गया है। गृह मंत्री का दावा है कि अगली जनगणना में बहुत व्यापक सूचनाएं जुटाई जाएंगी। सो जातिगत वंचना या जेंडर की स्थिति के साथ ही दूसरी वंचनाओं का हिसाब लगाना आसान होगा। फिर इस बीच लंबी चर्चाओं से जानकार लोगों से पिछड़ेपन के मानकों और वेटेज का एक सर्वमान्य फार्मूला भी तय कर लिया जाए। इसमे जन्मानुगत वंचनाओं का वेटेज ज्यादा होना चाहिए। पर खेतिहर समाज, मजदूरी वाले वर्ग, ग्रामीण और आदिवासी समाज की तकलीफों का भी महत्व समझना होगा। और जब कुल हिसाब होगा तो सचमुच में वही जमात सामने आएगा जिसे विशेष अवसर की जरूरत है। सो राजनीति चले कोई हर्ज नहीं, वोट की मारामारी हों कोई हर्ज नहीं लेकिन शासन से जुड़े लोगों को इस बीच पिछड़ेपन और वंचनाओं की पहचान और वर्गीकरण का काम पूरा कर लेना चाहिए जिससे आंकड़े आते ही एक व्यापक लाभ देने वाली व्यवस्था खड़ी हों जाए और रोज-रोज की राजनीति खत्म हो। पिछड़ापन शर्म की बात है, गर्व की नहीं।

## आपके पत्र

### वक़्फ़ संशोधन विधेयकः एक विवादास्पद कदम और इसके संभावित परिणाम

वक़्फ़ संपत्तियों की व्यवस्था सदियों से एक धार्मिक और कल्याणकारी परंपरा के रूप में चली आ रही है, जिसके तहत मुसलमानों ने अपनी संपत्तियां धार्मिक, शैक्षिक और समाजसेवी उद्देश्यों के लिए वक़्फ़ की हैं। हालांकि, हाल ही में प्रस्तावित वक़्फ़ संशोधन विधेयक ने इस प्रणाली पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। इस लेख में, हम इस विधेयक की जटिलताओं, इसके संभावित प्रभावों और इसके विरोध के औचित्य का विस्तार से विश्लेषण करेंगे।

ऐतिहासिक और सामाजिक संदर्भ-वक़्फ़ की अवधारणा इस्लामिक इतिहास में गहरी जड़ें रखती है। मुसलमानों ने मस्जिदों, मदरसों, अस्पतालों और अन्य कल्याणकारी संस्थानों की स्थापना के लिए वक़्फ़ का उपयोग किया है। उपमहाद्वीप में भी वक़्फ़ संपत्तियों ने शिक्षा और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वक़्फ़ संपत्तियां हमेशा समुदाय की भलाई के लिए समर्पित रही हैं और उनमें सरकारी हस्तक्षेप को अन्यायपूर्ण माना जाता है।

कानूनी और संवैधानिक पहलू-भारतीय संविधान के तहत धार्मिक स्वतंत्रता और आस्था के अनुसार पूजा करने का अधिकार मूल अधिकारों में शामिल है।

अनुच्छेद 25- सभी नागरिकों को अंतरात्मा की स्वतंत्रता और अपने धर्म को मानने, उसका प्रचार करने का अधिकार है।

अनुच्छेद 26- प्रत्येक धार्मिक समूह को अपने धार्मिक मामलों को स्वायत्त रूप से संचालित करने का अधिकार है।

अनुच्छेद 29 और 30- अल्पसंख्यकों को अपनी संस्कृति, धर्म और शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना और संचालन का पूरा अधिकार है।

वक़्फ़ अधिनियम 1995-वक़्फ़ संपत्तियों की सुरक्षा और उनके प्रबंधन के लिए एक कानूनी ढांचा प्रदान करता है। हालांकि, संशोधन विधेयक के तहत सरकार को वक़्फ़ संपत्तियों पर अधिक नियंत्रण देने का प्रयास किया जा रहा है, जो कि अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों के विरुद्ध है।

संभावित नुकसान- वक़्फ़ संपत्तियों पर सरकारी नियंत्रण बढ़ने से धार्मिक और समाजसेवी संस्थानों की स्वायत्तता समाप्त हो जाएगी।

कई शैक्षिक संस्थान, अनाथालय और अस्पताल, जो वक़्फ़ संपत्तियों पर संचालित होते हैं, प्रभावित हो सकते हैं।

इस कदम से अल्पसंख्यकों में अविश्वास बढ़ेगा और यह कानून उनके अधिकारों पर प्रतिबंध लगाने के समान होगा।

जनभावनाएं और सामाजिक प्रभाव-इस विधेयक के खिलाफ विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने चिंता व्यक्त की है। कई स्थानों पर इसके विरोध में प्रदर्शन भी हुए हैं, क्योंकि इसे अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर हमला माना जा रहा है। वक़्फ़ संपत्तियों के तहत संचालित कई कल्याणकारी योजनाएं भी खतरे में पड़ सकती हैं।

विकल्प और सुझाव-यदि सरकार वक़्फ़ संपत्तियों के प्रबंधन में सुधार चाहती है, तो उसे अल्पसंख्यक समुदाय के नेताओं और विद्वानों से परामर्श करना चाहिए। पारदर्शिता और जवाबदेही के सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए, वक़्फ़ बोर्डों की आंतरिक संरचना को मजबूत किया जा सकता है ताकि उनका बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके।

वक़्फ़ संशोधन विधेयक एक विवादास्पद कानून है, जो न केवल धार्मिक स्वतंत्रता के सिद्धांतों के खिलाफ है बल्कि अल्पसंख्यकों में असुरक्षा और बेचैनी भी बढ़ा सकता है। सरकार को इस विधेयक पर पुनर्विचार करना चाहिए और धार्मिक व सामाजिक संस्थानों के अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए। जनता और समाजसेवी संगठनों को भी इस मुद्दे पर अपनी आवाज़ बुलंद करनी चाहिए, ताकि न्याय और समानता के सिद्धांतों की रक्षा की जा सके।

**नुजहत सुहैल पाशा**
**जमात इस्लामी हिंद विमेंस विंग रायपुर.**

## ललित सुरजन की कलम से



### अडवानी या मोदी : फर्क क्या है?

*'नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में गुजरात में 2002 का नरसंहार ही नहीं हुआ, उसके बाद का घटनाचक्र भी उनकी कोई बेहतर छवि पेश नहीं करता। आज उन्होंने अडवानीजी को किनारे लगाया है, लेकिन इसके बहुत पहले वे गुजरात में भाजपा की नींव मजबूत करने वाले केशुभाई पटेल व सुरेश मेहता जैसे नेताओं को दरकिनार कर चुके हैं। याने अपनी महत्वाकांक्षा की पूर्ति में वे व्यक्तिगत संबंधों की परवाह नहीं करते। अपने ही एक मंत्री हरेन पंडया की हत्या को लेकर उनकी भूमिका पर सवाल उठाए जाते रहे हैं। दूसरी तरफ वे हत्या के आरोपी अमित शाह को पार्टी महासचिव बनवाते हैं और सरेआम बंदूक का डर दिखाने वाले विट्ठल रादडिया को भाजपा प्रवेश कर उन्हें लोकसभा का टिकट देते हैं। याने उन्हें इस बात की तनिक भी परवाह नहीं है कि उनके साथी-सहयोगियों का चरित्र क्या है। नरेंद्र मोदी अपनी लोकप्रिय छवि बनाने के लिए निरंतर उपाय करते रहे हैं। इसके बावजूद सोहराबुद्दीन हत्याकांड, इशरत जहां हत्याकांड और एहसान जाफरी की हत्या जैसे दुखदायी प्रसंग भूत बनकर उनका पीछा कर रहे हैं। माया कोडनानी सहित उनके कुछ और कट्टर साथी जेल में सजाएं भुगत ही रहे हैं। ऐसे प्रकरणों पर पर्दा डालते हुए श्री मोदी अपने छवि निर्माण के लिए विराट सम्मेलन करते हैं, लेकिन वे उस क्षण बेनकाब हो जाते हैं जब वे मुसलमान फकीर द्वारा दी गई टोपी पहनने से खुले मंच पर इंकार कर देते हैं। दूसरे शब्दों में दीनदयाल उपाध्याय के जिस एकात्म मानवतावाद का मंत्र लेकर अटल बिहारी वाजपेयी आगे बढ़े थे उसके लिए नरेंद्र मोदी के विचार और कार्य में कोई जगह नहीं है।'*

**(देशबन्धु में 13 जून 2013 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/07/blog-post.html

## पावन प्रसंग

### हमारा लक्ष्य पूर्णता की ओर

पूर्ण से हम आर्विभूत हुए हैं? पूर्ण की ओर हमें जाना है। अंतत: पूर्ण ही हमें तृप्ति देगा- यह वाक्य उपनिषदों में दिखाई देगा। हमारी महत्ता क्या है? यह उस संकेत की ओर इशारा करता है जिसे कि भारतीय संस्कृति सदा से परिभाषित करती आई है। वह है स्वयं से प्रतिष्ठित हो स्वयं की जाग्रति द्वारा स्वयं का उद्धार। यह बात उन्हें ही समझ में आएगी जिनकी आत्मा इतने उच्च मूल्यों को स्वीकार कर सकने में समर्थ हो अर्थात उनमें सत्य को देख सकने की सामर्थ्य विकसित हो चुकी हो। जो अपने आप में सदा एकरस एवं जगत की परिस्थितियों के मध्य अपने को उच्च लक्ष्य के प्रति समर्पित रखने में सफल होते हैं, वही वास्तव में जीवन का मूल्य पहचान पाते हैं। हमें विकसित होना हे परंतु अपने आत्मा की परिधि में। जिसे अपनी आत्मा का भान है वह कभी भी कुपित मान्यता लिए अपने आपको दूषित विचारों एवं ओछे प्रयोजनों हेतु समर्पित नहीं कर सकता है। ऐसा व्यक्ति अपने जीवन की जाग्रति द्वारा दूसरों को प्रकाश पहुंचाने में समर्थ है, यही उसकी पहचान है; एवं इसके लिए उसे कहीं अन्यत्र भटकना नहीं पड़ता है, क्योंकि उसकी आत्मा स्वयं अपना मार्ग बनाने में समर्थ होती है। जिसकी आत्मा पर दाग नहीं लगे, जो सांसारिक पिरिस्थितियों के वशीभूत नहीं हुआ है एवं जो स्वयं में परिपूर्ण अनुभव कर आगे बढ़ता है। वही योगी है एवं उसे परम कल्याण का स्वर प्राण है।

जब तक हम भीतर से परिपूर्ण नहीं होते तब तक जगत का कोई भी प्रयोजन हमें सार्थकता नहीं दे सकती। यही आत्मा का सिद्धांत है जो इसकी पूर्ति कर लेता है। उसे जीवन में कभी सफलता की कमी नहीं होती क्योंकि अपने भीतरी केंद्र से संचालित होना ही सफलता है। जीवन का ध्येय यदि देखा जाए तो वह आत्मोत्कर्ष है। इसके लिए किसी विशेष प्रक्रिया की नहीं बल्कि स्वयं के आत्म विगलन एवं संपूर्णता में आत्मभाव की प्राप्ति हौने की आवश्यकता होती है। जब यह हो जाए तब प्रत्येक गतिविधि का सार यही निकलता है कि क्या आत्मा की प्राप्ति हुई? आत्मा को उसकेविषयों के विलय परंम तृप्ति का मार्ग सुझाए, इसे ही प्रज्ञा कहते हैं। प्रज्ञा का अभिप्राय उल उच्च स्तरीय बुद्धि या मेधा से है जो कि यथार्थ में आत्मा के अनुसंधान में कार्य करे एवं वह परिणाम उपस्थित करे जिससे कि आत्मा अपने मूल लक्ष्य एकत्व प्राप्ति में सफल हो। उसे जो कुछ चाहिए वह जगत से नहीं बल्कि अपने आप से चाहिए- अपने आप में यदि वह महान बन जाए तो उसे सौभाग्यशाली एवं हर प्रकार की विषमता से परे एक दैदीप्य स्वर में प्रकाशित व्यक्तित्व कहा जाएगा। यही उसका चिर-विधान है। हम एक बात को समझने में मनुष्य को समझने में अधिकाधिक समय लग जाता है कि वह जिस चीज से परेशान है वह उसके भीतर की अपूर्णता ही है।

**-अखंड ज्योति**

उल्टा पुल्टा

शिक्षक- रावण के पास ऐसी कौनसी कला थी जो दूसरे किसी के पास नही थी?
पप्पू - वो अकेला ही सामूहिक गीत गा सकता था..?

# जल संरक्षण के लिए कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों की ली बैठक, नई तकनीकों से समाधान पर दिया जोर

## इंजेक्शन वेल तकनीक से किया जाएगा वर्षा जल का संरक्षण

## वर्षा जल के संरक्षण और जल स्तर वृद्धि के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश




**बिलासपुर**, 6 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सोमवार को जिले में जल संरक्षण को लेकर महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग, विद्युत विभाग एवं नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारयों के साथ सभी सीएमओ शामिल हुए। कलेक्टर ने जिले में बढ़ते जल संकट और भविष्य में इससे निपटने के लिए ठोस रणनीति बनाने और जल संरक्षण की नई तकनीक को जिले में अपनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

मंथन में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल संरक्षण के लिए बृहद कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि जल स्तर लगातार गिर रहा है और यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। उन्होंने इंजेक्शन वेल तकनीक का उल्लेख करते हुए कहा कि असफल बोरवेल को वर्षा जल संचयन के माध्यम से पुनः उपयोग में लाया जा सकता है। यह तकनीक भूमिगत जल स्तर को पुनः भरने में प्रभावी सिद्ध हो सकती है। उन्होंने निर्देश दिए कि इस तकनीक को प्राथमिकता के आधार पर लागू किया जाए।

कलेक्टर ने कहा कि पानी की समस्या वाले क्षेत्रों में टैंकर से जल आपूर्ति की व्यवस्था अस्थायी होती है। इसकी जगह पर सेनटेक्स टैंकों का उपयोग किया जाए ताकि पानी का संग्रहण और वितरण दोनों ही व्यवस्थित रूप से हो सके। उन्होंने कहा कि टैंकर से पानी की सप्लाई से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है,उन्होंने नगर निगम के साथ ही सभी सीएमओ को निर्देश दिए कि जल्द ही पानी की समस्या वाले वार्डों में सेंटेक्स स्थापित कर उसके माध्यम से पानी की सप्लाई की जाए। कलेक्टर ने कहा कि भविष्य में जल संकट की आशंका को देखते हुए अभी से एक दीर्घकालिक और व्यवहारिक कार्ययोजना तैयार की जाए, जिसमें नवीनतम तकनीकों के प्रयोग से भूमिगत जल स्तर को स्थिर करने और बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने अधिकारीयों को राजनांदगांव में अपनाए गए जल संरक्षण तकनीक के विषय में जानकारी देते हुए ऐसी प्रणाली जिले में भी विकसित करने की बात कही।

बैठक में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को अनिवार्य रूप से लागू करने पर भी चर्चा हुई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों और नगरीय क्षेत्रों में भवन निर्माण के साथ-साथ वर्षा जल संग्रहण प्रणाली को अनिवार्य रूप से स्थापित किया जाए।

कलेक्टर ने विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि बिजली आपूर्ति लंबे समय तक बाधित न हो इसके लिए ठोस कार्ययोजना बनाएं, और मेंटेनेंस पर ध्यान दें ताकि आंधी तूफान आने पर बिजली आपूर्ति लंबे समय तक बाधित न हों क्योंकि शहरी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित होने से पानी सप्लाई की समस्या भी उत्पन्न हो जाती है। उन्होंने विभागों से समन्वय के साथ कार्य करने और अगले दस दिनों के भीतर जल संरक्षण पर विस्तृत कार्ययोजना और उसके क्रियान्वयन की दिशा में ठोस कार्य करने के निर्देश दिए ताकि मानसून के आने पर वर्षा जल को संरक्षित किया जा सके।

## संपादकीय

### सुराज तिहारः समस्याएं सचमुच हल हों

*छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से घोषित 'सुशासन तिहार-225' का अंतिम चरण सोमवार को प्रारम्भ हो गया जिसके अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय समाधान शिविर का निरीक्षण करने सक्ती के करिगांव पहुंचे। 8 अप्रैल से प्रारम्भ हुए सुशासन तिहार का यह तीसरा चरण है जो 31 मई तक चलेगा। इसके तहत चार दिवसीय प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने का लक्ष्य सरकार द्वारा रखा गया है। अनुमान है कि लाखों की संख्या में लोगों की ओर से अनेक तरह की समस्याओं को लेकर आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनका निराकरण करना सरकार के सामने एक बड़ी चुनौती तो है लेकिन जन अपेक्षा यही है कि उनके निजी हों या सामुदायिक समस्याएं यथाशीघ्र निराकृत हों, तभी इस तिहार की सार्थकता है। सरकार नामक संस्था में विश्वास बनाये रखना नौकरशाही की जिम्मेदारी है, लेकिन सरकार देखे कि जनता की समस्याओं पर लालफीताशाही हावी न हो।*

*बताया जाता है कि राजस्व के अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के निवेदकों की संख्या बड़ी तादाद में है। वे लम्बे समय से खुद के घर का इंतज़ार कर रहे हैं। पिछली यानी कांग्रेस की सरकार के समय से बहुतों के आवेदन लटके हुए हैं। इसे लेकर भारतीय जनता पार्टी पूर्ववर्ती सरकार पर हमलावर रही थी। उसका आरोप था कि कांग्रेस सरकार द्वारा इस योजना में भारी भ्रष्टाचार हुआ है जिसके कारण हितग्राहियों को इसका लाभ नहीं मिल पाया था। अब सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है कि इस योजना के तहत हर योग्य पात्र को आवास उपलब्ध कराये। कोरबा में साय ने अधिकारियों से कहा कि योजना के काम को अधिकारी हल्के में न लें। उम्मीद है कि अधिकारी-कर्मचारी लोगों को यथाशीघ्र पीएम आवास दिलाएंगे।*

*जहां तक राजस्व सम्बन्धी मामलों की बात है, तो इस पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। लोगों के बहुत छोटे-छोटे काम पटवारियों से लेकर राजस्व अधिकारियों तक अटके पड़े होते हैं। पिछले दिनों साय ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में कहा था कि निश्चित समय सीमा में ये काम पूरे होने चाहिये। समाधान शिविरों से पता चल सकेगा कि इस दिशानिर्देश का किस हद तक पालन हो सका है। जल जीवन मिशन के बारे में भी कई शिकायतें आई हैं। कई जगह तो पानी की उपलब्धता के बिना ही टंकियां लगा देने की शिकायतें मिली हैं जिसका ज़िक्र स्वयं साय ने किया है। इस समस्या के भी जल्दी निराकृत करने की आवश्यकता है।*

*इसके अलावा जितनी भी शिकायतें मिली हैं उसके आधार पर यह जाना जा सकेगा कि सरकार की कार्यप्रणाली कितनी सक्षम है। इसकी समीक्षा कर सरकार को अपनी मशीनरी में आवश्यक सुधार करने चाहिये। यह तो सही है कि सुशासन तिहार में ही सारी समस्याएं दूर नहीं होंगी और न ही इसके बाद सभी तरह की समस्याओं का अंत हो जायेगा लेकिन सरकारी मशीनरी सक्रिय रहे।*

## सार-संक्षेप

### मनीष दत्त छठवाँ सम्मान वरिष्ठ गायिका डॉ. रत्ना मिश्रा को दिया जावेगा




**बिलासपुर**, 6 मई (देशबन्धु)। महान रंग कर्मी काव्य भारती के संस्थापक मनीष दत्त की 85 वीं जयंती पर उनके संजोए गीतों की प्रस्तुति एवं मनीष दत्त छठवाँ सम्मान वर्ष 2025 दादा की शिष्या वरिष्ठ गायिका डॉ रत्ना मिश्रा को प्रदान किया जावेगा। उक्त जानकारी देते हुये संस्था के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बाजपेयी पूर्व विधायक ने बताया कि दादा की 85 वीं जयंती आयोजन में काव्यभारती के कलाकारों द्वारा उनके संजोए गीतों की सुमधुर भव्य प्रस्तुति स्थानीय विकास नगर 27 खोली स्थित अखिलेश बाजपेयी पूर्व पार्षद निवास में 10 मई को शाम 5.30 बजे से आयोजित होगा। श्री बाजपेयी ने बतलाया कि संस्था की कोरग्रुप बैठक में डॉ विजय सिन्हा वरिष्ठ महासचिव,डॉ सुप्रिया भारतीयन,डॉ रत्ना मिश्रा,सविता कुशवाहा,डॉ किरण बाजपेयी.चन्द्र शेखर बाजपेयी,गौरव गुलहरे,डॉ निवेदिता सरकार की उपस्थिति में इस वर्ष का मनीष दत्त छठवाँ सम्मान वरिष्ठ गायिका डॉ रत्ना मिश्रा को प्रदत्त करने का निर्णय लिया गया । ज्ञात हो इसके पूर्व यह सम्मान क्रमशः विमल दत्त,डॉ विजय सिन्हा,विनोद श्रीवास्तव,डॉ सुप्रिया भारतीयन एवं विख्यात ग़ज़ल गायक पद्मश्री पंकज उदास को दिया जा चुका है एवं काव्य भारती सम्मान वरिष्ठ गायक आशित चटर्जी जी को प्रदान किया जा चुका है। उक्त आयोजन में नगर के सभी संगीत,कला साधकों से पधारने का अनुरोध संस्था ने किया है।

### एमके जैन प्रान्तीय संयोजक मनोनीत



**बिलासपुर**, 6 मई (देशबन्धु)। साहित्य के अकादमिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सम्पादित करने वाली संस्था विकास संस्कृति साहित्य अकादमी का राष्ट्रीय स्तर पर पुनर्गठन किया जा रहा है इस क्रम में छत्तीसगढ़ में भी प्रान्तीय समिति का गठन किया गया है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी के अध्यक्ष डॉ.बृजेश सिंह द्वारा पर्यावरण व राष्ट्रीय भावधारा के साहित्यकार एम के जैन को विकास संस्कृति साहित्य अकादमी का प्रान्तीय संयोजक मनोनीत किया गया है। श्री जैन को प्रान्तीय कार्यकारिणी का विस्तार करने का निर्देश दिया गया है।

### प्रकृति से अच्छा शिक्षक कोई नहीं-बीके स्वाति



**बिलासपुर**, 6 मई (देशबन्धु)। प्रकृति हमें धैर्य, संतुलन, परिश्रम, सहयोग और आत्मनिर्भरता जैसे मूल्यों की शिक्षा देती है। यह हमें शांति, संघर्ष, गरिमा, समानता, रचनात्मकता, दयालुता, उम्मीद और उत्कर्ष की प्रेरणा भी देती है। प्रकृति हमें पारदर्शिता की सीख देती है और निष्काम भाव से सेवा करने का संदेश देती है। उक्त वक्तव्य प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन में आयोजित छ- दिवसीय बाल संस्कार शिविर के प्रथम दिवस में सेवाकेंद्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने बच्चों को प्रकृति का महत्व बताते हुए कहा। दीदी ने कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती है। जब तक हम सीखते रहेंगे तब तक हमारी उन्नति होती रहेगी। हमें अपने आसपास की हर एक वस्तु से कुछ ना कुछ ज्ञान उठाना है। प्रकृति हमें निरंतर कुछ ना कुछ पाठ पढ़ाती है। जीवन जीने की कला सिखाती है। प्रकृति से अच्छा शिक्षक कोई नहीं। दीदी ने पेड़ों का महत्व एवं पेड़ों से सीख लेते हुए बताया कि पेड़ हमें सिखाते हैं कि पहले अपने आप को तैयार करें। जिस प्रकार से पेड़ पहले अपने आप को संपूर्ण रीति तैयार करता है फिर उसके बाद उसमें फल-फूल लगते हैं। उसी प्रकार यह समय है यह आपको तैयार होने का, अपनी नीव को मजबूत करने का समय है। जिस तरह से बास का पेड़ 5 साल अपनी जड़ों को मजबूत बनाता है और 3 महीने में तेजी से 80 से 90 फीट तक की ऊंचाई में बढ़ जाता है। उसी प्रकार से अभी आपका यह पढ़ाई का समय है यह आपकी जड़ो को मजबूत बनाने का समय है, ताकि आप जीवन में बहुत ऊंचाइयों तक आगे जा सके। दीदी ने बताया कि चाहे आप कितने भी सफल क्यों ना हो जाए परंतु अपने जड़ से हमेशा जुड़े रहे। जिस प्रकार से पेड़ की गगनचुंबी शाखाएं होने के बाद भी वह अपनी जड़ों से जुड़ा रहता है उसी प्रकार से जीवन में कितनी भी सफलता प्राप्त कर ले परंतु जो हमारे माता-पिता, मित्र आदि हैं उनसे कभी भी हम दूरी ना बनाएं।

## सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल आज

# नागरिकों को आपात स्थिति में बचाव के तरीके सिखाने का किया जाएगा प्रयास

### कलेक्टर-एसपी ने की मॉक ड्रिल तैयारी की समीक्षा




**बिलासपुर**, 6 मई (देशबन्धु)। बिलासपुर सहित संपूर्ण देश में कल यानी 7 मई को सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल आयोजित की जायेगी। इसका उद्देश्य नागरिकों को आपात स्थिति में बचाव और प्रतिक्रिया के तरीकों के बारे में जागरूक करना है। कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं एसएसपी रजनेश सिंह ने आज मंथन सभाकक्ष में बैठक लेकर मॉक ड्रिल की तैयारी की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि मॉक ड्रिल से किसी को दहशत में आने की कतई जरूरत नहीं हैं। आपदा की स्थिति में लोग कैसे व्यवहार करें और क्या उपाय करें कि कम से कम क्षति पहुंचे। इसके लिए लोगों को तरीका बताकर जागरूक करने का प्रयास किया जायेगा। बैठक में जिले में स्थित महत्वपूर्ण संस्थान जैसे एनटीपीसी, एसईसीएल, एयरपोर्ट, रेलवे सहित अधिकारी एवं सुरक्षा से जुड़े संस्थान जैसे एनसीसी, एनएसएस, होम गार्डस, रेडक्रास सोसायटी आदि उपस्थित थे।

मॉक ड्रिल के दौरान हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन बजाए जाएंगे। नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने का अभ्यास किया जायेगा।

इसके अलावा ब्लेक आउट की स्थिति में बिजली प्रबंधन का अभ्यास भी किया जायेगा। कलेक्टर ने कहा कि आपात स्थिति से निपटने के लिए लोग हमेशा तैयार रहें। अपने आस-पड़ोस के लोगों को भी इसके बारे में बताएं कि किस तरह की आपदा में किस तरीके से बचाय किया जाये। मॉक ड्रिल के पहले लोगों को बता दिया जाए कि यह केवल रिहर्सल है। वास्तविक घटना से इसका कोई लेना देना नहीं है ताकि वे किसी तरह के पैनिक स्थिति में न आएं।

एसएसपी ने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग संस्थाओं के मॉक ड्रिल का तौर-तरीका अलग होगा। उन्होंने स्वयं सेवकों, एनसीसी, एनएसएस, पूर्व सैनिकों की लिस्टिंग किये जाने पर जोर दिया। मॉक ड्रिल क्यों और कैसे किया जाये, इसके बारे में लोगों को बताया जाये। उन्होंने इस संबंध में सोशल मीडिया अथवा अन्य किसी भी स्त्रोत से प्रसारित अफवाहों पर ध्यान नहीं दिये जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इसे सभी लोग सामान्य तैयारी के रूप में लें। जब हम पहले से तैयार रहें तो क्षति कम होगी। कलेक्टर ने केन्द्र सरकार की बड़ी संस्थानों को विशेष रूप से सतर्क रहने एवं सुरक्षा एसओपी का नियमित रूप से पालन करते रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल के लिए 7 मई को कोई समय विशेष निर्धारित नहीं है। लोग अपनी सुविधा अनुसार इस दिन इसका आयोजन कर सकते हैं। बैठक में नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल,जिला कमाण्डेन्ट दीपांकुर नाथ, रेडक्रास सोसायटी के समन्वयक सौरभ सक्सेना भी उपस्थित थे।

# सुशासन तिहार के तीसरे चरण के शुभारंभ पर क्विज-प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आज

### अरपा रिवर व्यू में शाम 6.30 बजे शुरू होगी स्पर्धा, मनोरंजक खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों का होगा आयोजन

**बिलासपुर**, 6 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर प्रदेशभर में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार का तीसरा चरण 05 मई से 31 मई तक चलेगा, जिसमें आमजनों के लिए समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है इस अवसर पर 7 मई को अरपा रिवर व्यू साइड में शासन की कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में सुशासन तिहार और शासन की कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित मनोरंजक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। बुधवार को शाम 6.30 बजे शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में मनोरंजक खेल और सांस्कृतिक सांस्कृतिक गतिविधियों के बीच शासकीय योजनाओं से संबंधित प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया जाएगा और जीतने वाले प्रतिभागियों को आकर्षक उपहार दिए जाएंगे।कार्यक्रम में लोकनर्तक दल की प्रस्तुति होगी,स्थानीय कलाकार नृत्य, गायन, कविता पाठ जैसी प्रतिभाओं की प्रस्तुति दे सकते हैं। कार्यक्रम में विभिन्न स्पर्धाओं में जीतने वाले प्रतिभागियों को मौके पर ही डिस्काउंट-वाउचर, कूपन, उपहार दिया जाएगा।

# लोगों की उम्मीद एवं आकांक्षाओं के अनुरूप हो रहा समस्याओं का समाधान-विधायक

### सुशासन तिहार 2025

### कलेक्टर ने लिया शिविरों का जायजा

### समाधान शिविरों के जरिए लोगों को मिल रहा योजनाओं का लाभ



**बिलासपुर**, 6 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तहत नगर निगम क्षेत्र का पहला समाधान शिविर आज सकरी के आत्मानंद स्कूल ग्राउंड में आयोजित किया गया। इसमें वार्ड क्रमांक 01 से 04 एवं 13 से 14 वार्ड के लोग शामिल हुए। ग्रामीण शिविर कोटा ब्लॉक के ग्राम पंचायत धूमा और तखतपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत बांधा में आयोजित हुआ। सकरी में आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर तखतपुर विधायक श्री धर्मजीत सिंह शामिल हुए। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मुखिया श्री विष्णुदेव साय द्वारा लोगों को शासन की योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से सुशासन तिहार आयोजित किया जा रहा है। अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को भी योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने हितग्राहियों को राशन कार्ड सहित योजनाओं से संबंधित अन्य सामग्रियों का वितरण किया। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती पूजा विधानी, नगर निगम सभापति श्री विनोद सोनी, कलेक्टर संजय अग्रवाल, नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार की सोच है कि आम जनता की समस्याओं का निदान उनके गांव घरों में जाकर किया जाए। उन्होंने लोगों से अपील की कि शिविर में अधिक से अधिक संख्या में आकर शासकीय योजनाओं का लाभ लें। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि लोग शिविर में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी ले सकते हैं। नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार ने जानकारी दी की जोन क्रमांक 01 में लगभग 2400 आवेदन मिले जिनमें से 80 प्रतिशत आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है। अधिकतर आवेदन आवास, सड़क, नाली निर्माण, राशन कार्ड और स्वच्छता से संबंधित है।

### बांधा समाधान शिविर में 6191 आवेदनों का निराकरण

तखतपुर ब्लॉक के ग्राम बांधा में आयोजित शिविर में 16 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। यहां 6191 आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। विभिन्न विभागों द्वारा 30 स्टॉल लगाए गए। 5 हितग्राहियों को आवास, 3 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति, 12 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 10 हितग्राहियों को जॉब कार्ड, 2 बैंक लोन, 3 हितग्राहियों को केसीसी कार्ड, 01 हितग्राही को मोटराइज्ड ट्राइसिकल का वितरण किया गया। शिविरों में जनसंपर्क विभाग द्वारा शासन की योजनाओं से संबंधित पत्रिका जनमन का वितरण भी किया गया।

### धूमा में आयोजित शिविर में शामिल हुए कलेक्टर




कोटा ब्लॉक के धूमा ग्राम पंचायत में आज समाधान शिविर का आयोजन किया गया। 10 पंचायतों के कलस्टर के ग्रामीणों ने शिविर का लाभ उठाया। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती जय कुमार प्रभुजगत, कोटा जनपद अध्यक्ष श्रीमती सूरज साधेलाल भारतद्वाज, उपाध्यक्ष मनोहर सिंह राज, कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल शामिल हुए। यहां 3500 आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने शिविर में ग्रामीणों से चर्चा कर योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि जल संरक्षण की दिशा में प्रयास करें। उन्होंने सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। शिविर में राजस्व, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, विद्युत विभाग, परिवहन, पशुधन विभाग सहित अन्य विभिन्न विभाग के स्टॉल लगाकर योजनाओं की जाककारी दी गई। शिविर में हितग्राहियों को राशन कार्ड, श्रम कार्ड सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

# अच्छा कोयला झटकने को लेकर कोल स्टाक में विवाद और मारपीट

## दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



कोरबा, 06 मई (देशबन्धु)। एसईसीएल की गेवरा खदान स्थित कोल स्टाक संख्या बी-2 में कोल लिफ्टर्स के 2 समूह में वाद-विवाद के बाद मारपीट और चाकूबाजी तक हो गई। अच्छा कोयला झटकने को इसका प्रमुख कारण बताया गया। मामले का वीडियो सामने आने और अन्य सूचनाओं के आधार पर पुलिस ने कार्यवाही की। दो आरोपियों को इस सिलसिले में गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके साथ ही खदान के भीतर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किए गए उपायों पर गंभीर सवाल खड़ा हो गया है। इस मामले में गेवरा ड्रायवर्स एसोसिएशन की ओर से सीजीएम को ज्ञापन सौंपकर सुरक्षा की मांग की गई।

सूत्रों के अनुसार साउथ ईस्टर्न कोल फिल्ड लिमिटेड गेवरा क्षेत्र की गेवरा माइंस में मंगलवार सुबह करीब 5.30 बजे यह घटना हुई। इसके स्वरूप ने स्थानीय कर्मचारियों के साथ-साथ आम लोगों को भयभीत कर दिया। जिनके हित कहीं न कहीं यहां से जुड़े हुए हैं। खबरों में बताया गया कि गेवरा माइंस के बी-2 कोल स्टॉक में बल्ला, चंदन, रवि, बंधन और अन्य ने मुंडियानार भिलाई बाजार निवासी रविशंकर कंवर और छिंदपुर निवासी ईश्वर अनंत पर हमला किया। घायल रूंगटा कंपनी से जुड़े बताए जा रहे हैं। उसके 2 कर्मियों को मारपीअ में काफी चोटें आई। उनके कपड़े फट गए। किसी तरह दूसरे कर्मियों ने हिम्मत जुटाकर हस्तक्षेप किया तब हमलावर यहां से भाग खड़े हुए लेकिन इससे पहले उन्हें पहचान लिया गया था। बताया गया कि खदान क्षेत्र में मौजूद लोगों की ओर से घटनाक्रम को लेकर कमांड कंट्रोल रूम को अवगत कराया गया।

घटना की सूचना पर डायल 112 के जरिए दीपका पुलिस मौके पर पहुंची और धारा 294, 223, 34 के तहत मामला दर्ज किया। बलवा की धारा भी जोड़ी जा सकती है।

### कई मौके पर भिड़ चुके हैं कोल लिफ्टर्स

जानकारी के अनुसार न केवल गेवरा बल्कि दीपका, कुसमुंडा और दूसरी परियोजनाओं में कोल स्टॉक में अच्छे कोयले के लिए लिफ्टरों के बीच होड़ और ट्रकों पर कब्जे की घटनाएं भी विवाद का कारण बन रही हैं। कई बार ऐसे मामले हो चुके हैं। दावा किया जा रहा है कि माइंस से कोयला लाने के बाद उसका वे-ब्रिज पर कांटा होता है और फिर उसे कोल स्टाक में पहुंचाया जाता है। यहां से लिफ्टिंग होती है।

यही से विवाद शुरू होता है क्योंकि अच्छा कोयला लेने के लिए लिफ्टर्स और उसके लोग मारपीट तक कर देते हैं। खबर के अनुसार गेवरा की घटना के दौरान लोडिंग इंस्पेक्टर वहीं थी जिनकी ड्यूटी नाइट शिफ्ट में थी, अगर वे होते तो इस घटना को टाला जा सकता था। इसलिए अब खदान क्षेत्रों में सुरक्षा प्रबंधकों की मांग तेज हुई है।

# एसयूव्ही की टक्कर से फंसी बाइक, चालक गंभीर

कोरबा, 06 मई (देशबन्धु)। घण्टाघर चौक से बुधवारी बाजार की तरह आने वाले मार्ग पर सोमवार को देर रात सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार एसयूवी कार ने बाइक को टक्कर मारी और फंसी बाइक सहित सवार को घसीटते हुए काफी दूर ले गया। गंभीर घायल बाइक सवार को अस्पताल पहुंचाया गया।



जानकारी मिली कि श्री राम जानकी मंदिर बुधवारी के पास यह हादसा हुआ। मीना बाजार की तरफ से विपरीत दिशा से जा रही हीरो होंडा बाइक को आ रही तेज रफ्तार इस एसयूवी कार ने जोरदार टक्कर मार दी और करीब 150 फीट घसीटते हुए चली गई। कार के नीचे बाइक के फंस जाने और डिवाइडर से टकराने के बाद कार रुक गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों की मदद से कार के नीचे दबे घायल युवक को निकाल कर अस्पताल रवाना किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार का ड्राइवर नशे में था जिस वजह से यह हादसा हुआ। सूचना बाद मौके पर पुलिस ने पहुंचकर एकत्र भीड़ को हटाया और दोनों वाहन को जप्त करते हुए वैधानिक कार्यवाही प्रारम्भ की।

## सार-संक्षेप

### टेलरिंग का प्रशिक्षण दिया गया महिलाओं को



कोरबा, 06 मई (देशबन्धु)। एनटीपीसी के बाल भवन में बैच-2 चारपारा कोहड़िया पेशेवर सिलाई, कटिंग और दर्जी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। यह प्रशिक्षण एनटीपीसी के नैगम सामाजिक दायित्व के तहत एवं सिद्धि विनायक कार्यक्रम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य महिलाओं को रोजगार योग्य और उद्यमशीलता क्षमता से सशक्त बनाना था। समारोह में मैत्री महिला समिति एनटीपीसी की अध्यक्ष श्रीमती रोली खन्ना ने प्रशिक्षुओं को उनकी अर्जित नई क्षमताओं का व्यावहारिक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आत्मनिर्भरता और सतत सीखने के महत्व पर बल दिया। समिति ने सभी प्रशिक्षुओं को उपहार भेंट किए और उन्हें सम्मानित किया। साथ ही, कोर्स की सफलतापूर्वक पूर्णता पर प्रतिभागियों को अनुभव प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर मैत्री महिला समिति के सदस्यों, नैगम सामाजिक दायित्व टीम के प्रतिनिधियों, सिद्धि विनायक अधिकारियों, प्रशिक्षक और प्रशिक्षुओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली।

### यूथ गेम्स में दमखम दिखाएंगी सावित्री और सानिया



कोरबा, 06 मई (देशबन्धु)। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 बिहार में आयोजित हो रहीं है. जिसमें कोरबा जिले के पाली ब्लॉक से रग्बी खेल के लिए 2 बालिका सावित्री मरावी और सानिया यादव का चयन हुआ है। ये दोनों बिहार रवाना हो गई है। बिहार की राजधानी पटना में भारत सरकार के खेल एवं युवा विभाग द्वारा खेलो इंडिया यूथ गेम्स -2025 का 4 मई को रंगारंग शुभारंभ हुआ है जो 15 मई तक आयोजित हो रहा है। इसमें रग्बी खेल विधा में रग्बी असोसिएशन कोरबा अंतर्गत पाली ब्लॉक से सावित्री मरावी पिता विशाल मरावी और सानिया यादव पिता रामप्रसाद यादव का चयन होना अत्यंत गौरव और हर्ष की बात है। बताया गया कि इन खिलाड़ियों को ओमप्रकाश वैभव से तकनीकी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ और उन्होंने बड़े स्तर के प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया।

### आतंकवाद के विरोध में हुई आक्रोश रैल



कोरबा, 06 मई (देशबन्धु)। जिले के कटघोरा तहसील में आतंकवाद के खिलाफ एकता रैली (मौन रैली) का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के सभी सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस रैली का उद्देश्य जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में मारे गए देश के नागरिकों को श्रद्धांजलि देना और देश के प्रति निष्ठा और प्रेम की अभिव्यक्ति करना था। उक्त रैली मुख्य मार्ग होते हुए शहीद वीरनारायण चौक तक पहुंची, जहां उपस्थित नागरिकों ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर 28 देश के सपूतों की याद में 28 दीप प्रज्ज्वलित किए गए और आतंकवाद के खिलाफ शांतिपूर्वक विरोध जताया गया। रैली में शामिल लोगों ने शहीदों की स्मृति में 2 मिनट का मौन रखा और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## समाधान शिविर में 70 आवेदन निराकृत, 11 राशन कार्ड बांटे

कोरबा, 06 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के अवसर पर तृतीय चरण में जनपद पंचायत पोड़ी-उपरोड़ा जिला कोरबा के पसान कलस्टर में 5 मई को आयोजित शिविर में कुल 9 पंचायत जिसमें अडसरा, बैरा, सेन्हा, कर्री, चन्द्रौटी, खोडरी प, कुम्हारीसानी, लैंगी एवं पसान शामिल रहे। शिविर में कुल 70 आवेदन प्राप्त हुए जिनका निराकरण की स्थिति भी शिविर के दौरान ही विभागवार अवगत कराया गया। सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते हुए जनपद कार्यालय के माध्यम से 11 नवीन राशन कार्ड वितरण, जनपद कार्यालय मनरेगा से 28 जॉब कार्ड वितरण,कृषि विभाग से 1 नग सिंचाई पम्प वितरण एवं राजस्व विभाग से 10 नग किसान ऋण पुस्तिका एवं शिक्षा विभाग की तरफ से 5 नग जाति प्रमाण पत्र शिविर के माध्यम से विरतरण कराया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शांति मरावी, विशिष्ट अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती माधुरी देवी तंवर, जनपद उपाध्यक्ष प्रकाश चंद जाखड एवं जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 12, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एसडीएम तुलाराम भारद्वाज की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

# रेलवे फाटक के गड्ढे बने मुसीबत, सुनने को तैयार नहीं रेलवे

## काफी समय से शारदा विहार मार्ग पर समस्या



कोरबा, 06 मई (देशबन्धु)। सवाल इस बात का है कि आखिर शारदा विहार रेलवे क्रासिंग पर बनी गड्ढों की समस्या को ठीक कराने की जिम्मेदारी रेलवे की है अथवा सीएसईबी या बालको की। यह इसलिए पूछा जा रहा है कि कुछ महिने पहले शारदा विहार महिला मंडल ने 2 हजार रुपए खर्च कर गड्ढे भरवाए थे। एक बार फिर स्थिति जस की तस है तो क्या रेलवे और दूसरे उद्योगों की जिम्मेदारी इस बारे में नहीं बनती।

रेल लाइन पार करते समय दोपहिया और चारपहिया वाहन गड्ढों में फंसकर अक्सर हादसों का शिकार हो रहे हैं। बीते कुछ महीनों में छोटे-मोटे हादसे आम हो गए हैं। बरसात में स्थिति और विकट हो जाती है, जब गड्ढे पानी से भरकर और खतरनाक हो जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि उद्योग क्षेत्र से गुजरने वाले भारी वाहन सड़क को और तोड़ रहे हैं, लेकिन उद्योग प्रबंधन मरम्मत या सुरक्षा की दिशा में कोई कदम नहीं उठा रहा। रेलवे विभाग भी इसे अपनी जिम्मेदारी से बाहर बता रहा है। नगर निगम के कुछ पार्षदों ने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया है और चेतावनी दी है कि जल्द कार्रवाई न हुई तो जनआंदोलन होगा। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि रेलवे और उद्योग प्रबंधन के बीच समन्वय स्थापित कर सड़क की तत्काल मरम्मत की जाए, ताकि बड़ी दुर्घटना से पहले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## सूखाबहरा और बीजाडांड में हाथियों ने तोड़े 3 मकान, धान चट



कोरबा-कटघोरा, 06 मई (देशबन्धु)। वन विभाग के तमाम प्रयासों और भारी भरकम खर्च के बावजूद जिले में हाथी उत्पात जस के तस जारी है। कटघोरा वन मंडल के पसान रेंज और कोरबा वन मंडल में दंतैल हाथियों ने ग्राम बीजाडांड़ में इंद्रपाल सिंह मरावी के मकान, सुखाबहरा में भंवर सिंह और कन्हैया के घरों को तोड़कर धान खा लिया।

जानकारी में बताया गया कि उत्पात के दौरान हाथियों ने बीजाडांड़ में गन्ने की फसल और एक टंकी को भी नष्ट कर दिया। ग्रामीणों ने शोर मचाकर हाथी को जंगल की ओर खदेड़ा, लेकिन क्षेत्र में दहशत बनी हुई है। इस दंतैल ने पहले कुम्हारीशानी में एक युवक को कुचलकर मार डाला था, जिससे ग्रामीण और भयभीत हैं। कोरबा वन मंडल में 53 हाथी अलग-अलग क्षेत्रों में विचरण कर रहे हैं। लेमरू रेंज के नकिया में 39 हाथियों ने सात किसानों की धान की फसल बर्बाद कर दी। कुदमुरा के गीतकुंवारी में धरमजयगढ़ से आया एक दंतैल और बालको के दुधीटांगर में 13 हाथी घूम रहे हैं।

## जिला भाजपाध्यक्ष मोदी का सम्मान किया कोसाबाड़ी मंडल ने



कोरबा, 06 मई (देशबन्धु)। पंडित दीनदयाल कुंज टीपी नगर में कोसाबाड़ी मंडल ने जिला भाजपाध्यक्ष गोपाल मोदी का स्वागत किया। परिचयात्मक भेंट के अंतर्गत यह कार्यक्रम रखा गया था। जिला भाजपा कार्यालय ट्रांसपोर्ट नगर में आयोजित कार्यक्रम में गोपाल मोदी का स्वागत शॉल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छों से किया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पूर्व सभापति अशोक चावलानी, पूर्व सभापति राम नारायण सोनी, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष डॉ. राजेश राठौर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महिला मोर्चा श्रीमती मंजू सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष, महिला मोर्चा श्रीमती मीना सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, जिला मंत्री संदीप सहगल, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय वैष्णव, पूर्व जिला अध्यक्ष, युवा मोर्चा मनोज राठौर, मीडिया प्रभारी पवन सिन्हा, उपस्थित रहे। इनके साथ ही अनिल वस्त्रकर, ललेश दुबे, अजय गोंड, राकेश वर्मा, पंकज देवांगन, श्रीमती ममता यादव, श्रीमती सुनीता चौहान, प्रताप सिंह कंवर, श्रीमती चंद्रकाली जायसवाल, पुनि राम साहू, अर्जुन गुप्ता, श्रीधर द्विवेदी, नीरज ठाकुर, मिलाप राम भारत, गिरधारी रजक, संतोष राठौर, गोपलाल राठिया, शिव जायसवाल, बिलासा बुटालिया, शिव चंदेल, संजीव शर्मा, बलदेव दीवान, भजन सिंह, मिलन, प्रवीण ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## मनमाने किराए पर नियंत्रण नहीं, चौरसिया ने की शिकायत

कोरबा, 06 मई (देशबन्धु)। जिले में संचालित हो रही इंटर स्टेट बसों में किराया के नाम पर न केवल मनमानी बल्कि का आरोप लगाया गया हैं। मजबूरी के चक्कर में लोग यात्रा कर रहे हैं और अपनी जेब से समझौता करने को विवश हैं।

कोरबा जिला परिवहन अधिकारी के संज्ञान में यह विषय लाया गया है। भाजपा नेता अनिल चौरसिया ने इस बारे में शिकायत की है। कहा गया कि कोरबा जिले से उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड के लिए जाने वाले बसो में अत्यधिक किराया लिया जा रहा है। जिससे गरीब व मध्य वर्गीय लोगों को जेब कट रही है। बस मालिक राजनीतिक पार्टी से जुड़े होने का लाभ पा रहे हैं और मनमाना किराया वसूल रहे हैं। एक स्लीपर सीट में दो लोग को बैठने का नियम है, लेकिन दो लोग के स्थान पर चार लोगों का पैसा वसूला जा रहा है। उत्तर भारत और पूर्वांचल की दिशा में जाने वाले सभी बसों में मनमाना किराया लेने से इस क्षेत्र में आवागमन करने वाले लोग को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में कोरबा जिला परिवहन अधिकारी को वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए अत्यधिक किराया लेने वाले बसों पर उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

### लापरवाही पर प्रधान पाठक निलंबित

कोरबा, 06 मई (देशबन्धु)। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विकासखंड कोरबा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला करूमौहा में पदस्थ प्रधान पाठक आनंद तिवारी को अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाही, उदासिनता एवं अनुशासनहीनता बरतने के कारण सेवा से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कोरबा नियत किया गया है। निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता रहेगी।

## सतरेंगा में पानी कम, बंद हुआ टूरिस्ट कॉटेज



कोरबा, 06 मई (देशबन्धु)। कोरबा जिला सहित पूरे छत्तीसगढ़ में अपने सुंदरता के लिए अपनी एक अलग पहचान बना चुका कोरबा का मनमोहन पर्यटक स्थल सतरेंगा में स्थित पर्यटक के लिए बनाए गए कॉटेज को पानी की कमी की वजह से बंद किया गया है। इस संबंध में वन विभाग के एसडीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि पर्यटन स्थल पर जिले एवं बाहर से आने वाले पर्यटकों के लिए कॉटेज बनाया गया था, जिन्हें कुछ दिनों के लिए बंद किया गया है, उन्होंने बताया कि इस वर्ष बांगो बांध में अपेक्षाकृत जलस्तर काफी कम है, जिससे सतरेंगा पर्यटन स्थल भी प्रभावित हो रहा है, कॉटेज बंद होने से पर्यटन भी प्रभावित हुआ है। अभी गर्मियों की छुट्टियां चल रही है, ऐसे में लोगों की भीड़ भी कम देखी जा रही है, जिसके कारण यहां छोटा-मोटा व्यवसाय करने वाले लोगों का व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है, बताया जा रहा हैं कि जैसे ही स्थिति सुधरेगी वैसे ही लोगों के लिए सभी सुविधाएं फिर से मुहैया कर दी जाएगी।

# प्रमाण पत्र समय पर बने, यह जिम्मा लोक सेवा केन्द्रों का



कोरबा, 06 मई (देशबन्धु)। जिले में संचालित हो रहे लोक सेवा केन्द्रों की अहम जिम्मेदारी यह है कि जाति, निवास, आमदनी, जन्म और अन्य प्रमाण पत्रों को लेकर आवेदन और आगे की प्रक्रिया पूरी कराने का काम सही समय पर हो। हितग्राहियों को यहां से बेहतर सेवाएं प्राप्त होना चाहिए ताकि उनका भरोसा जीता जा सके।

कलेक्टर अजीत वसंत ने टीएल की बैठक में यह निर्देश स्पष्ट रूप से दिए और कहा कि कोई भी आवेदन निरस्त न हो और वापसी न हो, इसके लिए कम्प्यूटर ऑपरेटर को निर्देशित करें कि वह आवश्यक दस्तावेज समय पर अपलोड करें। उन्होंने एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देशित किया कि स्कूली विद्यार्थियों सहित आंगनबाड़ी केंद्र से इस सत्र में विद्यालय जाने वाले आरक्षित वर्ग के बच्चों का जाति प्रमाणपत्र 16 जून से पूर्व बन जाए। कलेक्टर ने विभागीय जाँच के प्रकरणों में हुई कार्यवाही की जानकारी ली। सीएसईबी चौक में यात्रियों की सुविधा हेतु प्रसाधन कक्ष बनाने के लिए नगर निगम को निरीक्षण के निर्देश दिए।

बलसेन्धा से माली कछार सहित अन्य दूरस्थ ग्रामों में विद्युतीकरण, बाल सम्प्रेषण गृह के संचालन और पहुँच मार्ग, आटोमेटेड ट्रैक निर्माण के लिए आरटीओ, भैसमा तहसीलदार और हाऊसिंग बोर्ड को निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में नए आंगनबाड़ी भवन निर्माण हेतु अलग डिजाइन तैयार कराने के निर्देश दिए। बैठक में नर्सिंग भवन, लाइब्रेरी निर्माण, दूरस्थ क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था, सखी वन स्टॉप, अधिवक्ता भवन, अंत्यावसायी विभाग अंतर्गत ऋण प्राप्त कर राशि जमा नहीं करने वाले हितग्राहियों से राशि वसूली के संबंध में निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग,अपर कलेक्टर अनुपम तिवारी, मनोज कुमार बंजारे सहित सभी एसडीएम, अधिकारी उपस्थित थे।

### 15 दिन में काम नहीं तो नपेंगे पटवारी

प्रशासन ने यह भी कहा कि नक्शा-बटांकन के लंबित कार्यों को दो माह में पूरा किया जाए। आगामी 15 दिवस के भीतर जिन हल्को में कार्य नहीं हो रहा होगा,उन हल्कों के पटवारियों के विरुद्ध कार्यवाही होगी। कहा गया कि विवादित और मसाहती वाले प्रकरणों को छोड़कर अन्य क्षेत्रों के नक्शा बटांकन कार्य में प्रगति लाने और त्रुटि सुधार के प्रकरणों में 15 दिवस के भीतर कार्यवाही करें। 3 से 4 साल वाले पुराने राजस्व प्रकरणों को प्राथमिकता से पूरा करना होगा।

## पीएम ग्रामीण सड़क पर दौड़ रहे ट्रेलर, लोगों की जान पर खतरा




कोरबा, 06 मई (देशबन्धु)। लोगों की सुविधा के लिए ग्रामीण क्षेत्रों को पीएमजीएसवाय से कनेक्ट किया गया है लेकिन अब इस सड़क पर भारी गाड़ियां दौड़ रही है। इस पर कोई नियंत्रण नहीं होने से लोगों की जान खतरे में है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी तरदा से भिलाईबाजार तक की सड़क पर इन दिनों भारी वाहनों, विशेषकर 10 चक्का ट्रेलरों का अवैध और निर्बाध रूप से आवागमन देखा जा रहा है। यह सड़क ग्रामीण संपर्क और आवागमन के लिए बनाई गई थी, लेकिन अब यह भारी वाहनों का मुख्य मार्ग बनती जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की क्षमता से अधिक वजन वाले इन ट्रेलर वाहनों के कारण सड़क पर गड्ढे पड़ने लगे हैं और कई स्थानों पर दरारें भी नजर आने लगी हैं। साथ ही, इन वाहनों की तेज रफ्तार से आम नागरिकों, खासकर स्कूली बच्चों और पैदल चलने वालों को जान का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की है कि इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई जाए, या फिर इसके लिए वैकल्पिक मार्ग तय किया जाए।

## सार-संक्षेप

### सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों की कलेक्टर ने की समीक्षा

**कोरिया,** 6 मई (देशबन्धु)। जिले में आयोजित सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने की।

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने सभी अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप सुशासन तिहार व जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर व्यक्तिगत रुचि लेकर तत्परता से कार्य करें। कलेक्टर ने बैठक में विभागीय अधिकारियों से कहा कि प्राप्त आवेदनों के शीघ्र समाधान और पारदर्शिता से जनता को समाधान शिविरों में जानकारी देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान मांग और शिकायतों से जुड़े आवेदनों पर कार्रवाई की गई है, लेकिन अब यह आवश्यक है कि समाधान शिविरों में आम जनता के समक्ष इन कार्यवाहियों की जानकारी भी पूरी पारदर्शिता के साथ दी जाए। उन्होंने सभी विभागों को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी शिविर स्थलों पर आमजन को देने को कहा, ताकि पात्र हितग्राही इन योजनाओं का लाभ उठा सकें।

बैठक में बैकुण्ठपुर व सोनहत के एसडीएम और संबंधित तहसीलों के तहसीलदारों को निर्देशित किया गया कि वे राजस्व पखवाड़ा और सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करें तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

उन्होंने पटवारी, ग्राम विस्तार अधिकारी, पंचायत सचिव, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं पर्यवेक्षकों की कार्यालय में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। स्वास्थ्य, कृषि, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ऊर्जा, स्कूल शिक्षा, खाद्य विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को आयुष्मान कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, पेयजल व्यवस्था, विधुत कनेक्शन, विद्यार्थियों को आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र व राशन कार्ड आदि से संबंधित आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करने को कहा गया।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला वनमण्डलाधिकारी चंद्रशेखर शंकर सिंह परदेशी, अपर कलेक्टर अरुण मरकाम, डी.डी. मंडावी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### नागपुर पंचायत में हुआ स्वच्छता श्रमदान

**एमसीबी,** 6 मई (देशबन्धु)। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले की ग्राम पंचायत नागपुर में मंगलवार को एक प्रेरणादायक स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू, जनपद सदस्य शाहनवाज अली, जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती वैशाली सिंह सहित पंचायत प्रतिनिधि, एनआरएलएम समूह की महिलाएं, ग्रामीणजन एवं अन्य विभागीय अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत पंचायत भवन से सामूहिक स्वच्छता संकल्प के साथ हुई। इसके उपरांत ग्राम तालाब, चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की गई। इस दौरान अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने खुद अपने हाथों में झाड़ू लेकर कचरा हटाया और लोगों को स्वच्छता का महत्त्व समझाया। वहीं जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री राजेश साहू ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। जब जनप्रतिनिधि और अधिकारी स्वयं श्रमदान करते हैं, तो समाज में प्रेरणा की लहर दौड़ती है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे नियमित सफाई करें और खुले में शौच न करने की आदत डालें। जनपद पंचायत की सीईओ श्रीमती वैशाली सिंह ने कहा कि स्वच्छता को जन आंदोलन के रूप में जिले में आगे बढ़ाया जा रहा है। एनआरएलएम समूह की महिलाएं गांव-गांव जाकर स्वच्छता जागरूकता फैला रही हैं। नागपुर पंचायत का यह श्रमदान कार्यक्रम प्रशासन और समाज के सामूहिक प्रयासों का अनुकरणीय उदाहरण है। इस कार्यक्रम में सरपंच, सचिव, तकनीकी सहायक एवं अन्य पंचायत कर्मचारी भी सक्रिय रूप से शामिल हुए। एनआरएलएम समूह की महिलाओं ने श्रमदान के साथ-साथ नारे लगाकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाई। समापन के अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से स्वच्छता की शपथ ली-जिसमें उन्होंने अपने घर-आंगन व सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने, दूसरों को भी प्रेरित करने और नियमित श्रमदान करने का संकल्प लिया।

### जन-जन तक पहुंच कर दी जाने वाली सुविधाओं के क्रियान्वयन हेतु सुशासन तिहार एक बढ़िया अवसर-कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी



रायगढ़, 6 मई (देशबन्धु)। जन समस्याओं के समाधान के साथ ही लोगों तक पहुंच कर दी जाने वाली सुविधाओं के क्रियान्वयन के लिए सुशासन तिहार एक बहुत बढ़िया अवसर है। लोगों की समस्याओं के समाधान के साथ ही विभाग अपने स्तर से जन सरोकार की योजनाओं जैसे वय वंदना योजना से आयुष्मान कार्ड निर्माण के लिए शिविर से पहले उन गांवों में सर्वे पूर्ण कर, शिविर स्थल में कैंप लगा लेंगे, तो छूटे हुए लोगों के कार्ड वहीं बन जाएंगे। यह बातें कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कही।

कलेक्टर चतुर्वेदी ने इसी प्रकार सभी विभागों को जिन योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचा कर देना है उसका क्रियान्वयन शिविर के साथ साथ करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर चतुर्वेदी ने बैठक में विभिन्न जनसमस्या निवारण पोर्टल्स में आने वाले आवेदनों के निराकरण के बारे में विभागीय अधिकारियों से बारी-बारी से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आवेदनों के निराकरण के लिए जो समय-सीमा तय की गयी है उसमें आवेदन निराकृत करना विभाग प्रमुख की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जनदर्शन में व्यक्ति अपना समय अपनी ऊर्जा लगाकर आता है।

### राकेश श्रीवास्तव बने कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत के एसईसीएल चिरमिरी प्रतिनिधि





**चिरमिरी,** 6 मई (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी एमसीबी के जिला महामंत्री वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश श्रीवास्तव को कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने एसईसीएल चिरमिरी के लिए अपना सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है ।

राकेश श्रीवास्तव की इस नियुक्ति से उनके समर्थकों में हर्ष व्याप्त है ।

# डीईओ दफ्तर का बाबू दस हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ाया

## रायगढ़ में एसीबी की दबिश

रायगढ़ 06 मई (देशबन्धु)। रायगढ़ जिले में एसीबी की लगातार जबरदस्त 7 वीं कार्यवाही, अब जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का बाबू 10 हजार रिश्वत लेते हुए एसीबी की गिरफ्त में आया।'भ्रष्टाचार के विरुद्ध एसीबी आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो द्वारा लगातार छेड़े जा रहे व्यापक अभियान के तारतम्य में एसीबी इकाई बिलासपुर को रायगढ़ जिले के शिक्षा विभाग के एक रिश्वतखोर बाबू को 10 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए पकड़ने में सफलता हासिल हुई।

घटना का विवरण इस प्रकार है कि 01 मई को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हालाहुली जिला रायगढ़ में पदस्थ चपरासी कुशू राम केवट द्वारा एसीबी इकाई बिलासपुर में इस आशय की शिकायत की गई थी कि वह अक्टूबर 2008 से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हालाहुली जिला रायगढ़ में कलेक्टर दर पर चपरासी के पद पर पदस्थ है।

उसे अक्टूबर 2014 से अप्रैल 2017 तक का वेतन करीब 2 लाख



रुपए नहीं मिलने पर वह माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर की शरण में गया था जो माननीय न्यायालय द्वारा उसके वेतन का भुगतान करने का आदेश जारी किया गया था। वेतन जारी करने के लिए प्रयास करने पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बाबू एमएफ फारूखी द्वारा उससे 20 हजार रुपए रिश्वत की मांग की जा रही है जो वह अनावेदक को रिश्वत न देकर रिश्वत लेते हुए उसे रंगे हाथ पकड़वाना चाहता है।

शिकायत का सत्यापन करने पर शिकायत सही पाई गई। सत्यापन के दौरान अनावेदक द्वारा प्रार्थी से 5 हजार रुपए ले लिया गया। शिकायत सत्यापन पर शिकायत सही पाए जाने पर ट्रैप की योजना एसीबी बिलासपुर के द्वारा तैयार की गई। आज प्रार्थी को रिश्वत रकम की एक और किश्त 10 हजार रुपए देने हेतु बाबू फारूखी के पास भेजा गया जो बाबू फारूखी द्वारा रिश्वती रकम लेते ही उसे जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय कैंपस रायगढ़ में एसीबी की टीम द्वारा रंगे हाथों पकड़ लिया गया जिससे आसपास हड़कंप मच गया।

पकड़े गए बाबू से रिश्वत की रकम बरामद की जाकर जप्त कर एसीबी के द्वारा उसके विरुद्ध धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के तहत कार्यवाही की जा रही है तथा कार्यवाही उपरांत आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्यवाही की जायेगी।

गौरतलब है कि एसीबी के द्वारा भ्रष्ट अधिकारियों कर्मचारियों की लगातार कार्यवाही की जा रही है। रायगढ़ जिले में लगभग 6 माह के भीतर एसीबी की लगातार यह 7 वीं कार्यवाही है।

इसके पूर्व एक डिप्टी रेंजर,एक रेंजर,एक पटवारी,एक नापतौल निरीक्षक और एक स्कूल के लिपिक को रिश्वत लेते हुए एसीबी बिलासपुर द्वारा गिरफ्तार किया गया था। एसीबी सूत्रों ने स्पष्ट संकेत दिया है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ यह कार्यवाही अनवरत जारी रहेगी।

# 44 मवेशियों को तस्करों से कराया गया मुक्त

## दो आरोपी गिरफ्तार, लैलूंगा पुलिस की कार्रवाई

रायगढ़ 06 मई (देशबन्धु)। एसपी दिव्यांग पटेल के दिशा निर्देशन एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी के मार्गदर्शन पर लैलूंगा थाना क्षेत्र में मवेशियों की तस्करी को लेकर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 44 नग कृषिधन मवेशियों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया। उप निरीक्षक इगेश्वर यादव, प्रभारी थाना लैलूंगा के नेतृत्व में यह कार्रवाई शनिवार 4 मई को की गई, जब पुलिस को सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति जंगल के रास्ते मवेशियों को क्रूरतापूर्वक हांकते-पीटते ओडिशा के बूचड़खाने की ओर पैदल ले जा रहे हैं।

सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मडियाकछार मार्ग के समीप जंगल में घेराबंदी की, जहां दो युवक बड़ी संख्या में मवेशियों को बेरहमी से हांकते हुए मिले। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम दिनेश राम सिदार (42 वर्ष) और ओमप्रकाश सिदार (20 वर्ष), निवासी सिंगीबहार, थाना तपकरा, जिला जशपुर (छत्तीसगढ़) बताए। दोनों आरोपियों ने मवेशियों को भूखे-प्यासे व मारते-पीटते ओडिशा के



बूचड़खाने ले जाने की बात कबूल की, लेकिन मवेशियों की खरीद-बिक्री संबंधी कोई वैध दस्तावेज पुलिस को नहीं दिखा सके।

44 नग मवेशियों की अनुमानित कीमत लगभग 4.40 लाख रुपये है। तस्करों के अमानवीय कृत्य को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धाराओं 6, 10, 11, 12 के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

इस कार्रवाई में उप निरीक्षक इगेश्वर यादव के साथ सहायक उप निरीक्षक हेमंत कश्यप और आरक्षक संतराम केंवट की अहम भूमिका रही।

# यात्रियों से भरी तेज रफ्तार बस पेड़ से टकराई

## कई यात्री घायल

## 8 से 10 यात्री चोट लगने से हुए घायल

## रैरुमा चैकी के पुलिस ने घायलों को भेजा हॉस्पिटल

रायगढ़ 06 मई (देशबन्धु)। धरमजयगढ क्षेत्र के रैरूमा चैकी थाना क्षेत्र में कल सुबह यात्रियों से भरी बस कापू से रायगढ़ जाने वाली अन्नपूर्णा गिरी बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कापू से पत्थलगांव होते हुए रायगढ़ की ओर जा रही पूर्णागिरी यात्री बस तेजपुर के समीप नोनाईजोर गांव के पास स्थित लाइनपारा बस्ती में अचानक अनियंत्रित होकर एक वृक्ष से जा टकराई।

इस घटना से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि बस में लगभग 30 से 35 यात्री सवार थे। हादसे के परिणामस्वरूप सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। किसी की जानमाल की गंभीर हानि जानकारी नहीं है, हालांकि



लगभग दस यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं जिन्हें तत्काल धरमजयगढ़ सिविल अस्पताल भेजकर प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया है और वहीं घटना की सूचना मिलते ही रैरूमा चैकी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लेते हुए आवश्यक जांच व कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। हादसे के कारणों का विस्तृत विवरण अब भी प्रतीक्षारत है, परंतु प्रथम दृष्टया यह तेज गति एवं चालक द्वारा वाहन पर से नियंत्रण खो देने का मामला प्रतीत होता है।बहरहाल स्थानीय प्रशासन ने यात्रियों की सुरक्षा एवं सहायता हेतु समुचित प्रयास आरंभ कर दिए हैं।

# जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आवेदकों ने सुनाई अपनी समस्या

## कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों पर त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

**रायगढ़,** 6 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्टर चेंबर के बाहर प्रतीक्षा कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में बारी-बारी से जिले के आवेदकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये आवेदकों ने अपनी समस्याओं, मांगों और शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

जनदर्शन में आज तहसील पुसौर के ग्राम-बुनगा निवासी दिलीप साहू भू-अधिकार में नक्शा त्रुटि सुधार के संबंध में आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि वे एसडीएम कार्यालय, रायगढ़ में नक्शा त्रुटि सुधार हेतु आवेदन लगाए थे। जिसका निराकरण आज तक नहीं हो पाया है और उक्त प्रकरण को बंद कर दिया गया है। पुनः आवेदन लगाने पर एसडीएम कार्यालय में पदस्थ कर्मचारी के द्वारा आवेदन लेने से मना कर दिया गया है। उन्होंने नक्शा सुधार करवाने हेतु कलेक्टर से आग्रह किया। रायगढ़ की उमा सिदार शासन की योजनाओं के तहत आवासीय परिसर/मकान दिलाए जाने संबंध में आवेदन लेकर आयी थी। उन्होंने बताया कि वे गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वाली राशन कार्डधारी है। पति के अन्यत्र पलायन किए जाने के बाद अपने बच्चों के साथ रोजी-मजदूरी करते हुए जीवन-यापन कर रही है। लेकिन खुद के पास मकान नहीं होने से स्थिति और भी दयनीय है। उन्होंने शासकीय योजनाओं के तहत आवासीय परिसर/मकान दिलाए जाने हेतु आग्रह किया।

रायगढ़ के प्रेमनगर में रहने वाली राधा सिदार असंगठित प्रसुति सहायता राशि दिलाने के संबंध में आवेदन लेकर आयी थी। उन्होंने श्रम विभाग अंतर्गत संचालित प्रसुति सहायता योजना के लिए आवेदन लगायी थी। लेकिन आज पर्यन्त तक उन्हें इस योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। उन्होंने कलेक्टर से योजना का लाभ दिलाए जाने हेतु आग्रह किया। जनपद पंचायत पुसौर ग्राम पंचायत तुरंगा के सरपंच सीसी रोड निर्माण के संबंध में आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत तुरंगा में मुख्यमंत्री द्वारा सीसी रोड निर्माण हेतु



घोषणा किया गया था। लेकिन उसके बावजूद भी आज पर्यन्त यहां रोड नहीं बन पाया है। यहां पक्की सड़क नहीं बनने से खासकर बरसात के दिनों में आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कलमीडीपा के अमोस टोप्पो आर्थिक सहायता राशि दिलाए जाने के संबंध में आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि वे रायगढ़ के ढिमरापुर चौक से गुजर रहे थे तब अचानक गैस फटने के कारण पूरी तरह से झुलस गए है।

जिसकी वजह से वे बीते तीन माह से कही भी कुछ कार्य नहीं कर पा रहे है जिससे परिवार का पालन-पोषण में दिक्कत हो रही है। उन्होंने आर्थिक सहायता की मांग की। श्रमिकगण अपनी विभिन्न समस्या एवं मांगों के संबंध में आवेदन लेकर आए थे।

उन्होंने बताया कि रोजी-मजदूरी करने वाले बड़ी संख्या में मजदूर प्रतिदिन शनिमंदिर स्थित श्रमिक चौक के काम की तलाश में खड़े रहते है। लेकिन वहां श्रमिकों के प्रतिक्षालय, शौचालय एवं पीने के लिए पानी आदि की सुविधा नहीं होने से श्रमिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। श्रमिकों ने श्रमिक चौक में समस्त प्रकार की बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर से आग्रह किया।

# जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण व शहर की हुई संयुक्त बैठक

## संविधान बचाओ यात्रा की रूपरेखा तय

रायगढ़ 06 मई (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस भवन रायगढ़ में जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष नगेंद्र नेगी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शुक्ला व पूर्व विधायक प्रकाश नायक की उपस्थिति में हुई बैठक में संविधान बचाओ रैली की रूपरेखा कांग्रेसजनों के विचार विमर्श के साथ तय हुई।

बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा में प्रकाश डालते हुए जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष नगेन्द्र नेगी ने बताया कि संविधान बचाओ रैली जिला कांग्रेस भवन रायगढ़ से 15 मई को शाम 4 बजे निकलेगी जिसमे बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल होंगे वहीँ रैली का समापन आमसभा के साथ होगा जिसे वरिष्ठ कांग्रेसजन संबोधित करेंगे।

उन्होंने संविधान बचाओ यात्रा पर कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य कांग्रेस द्वारा देश की संविधान विरोधी ताकतों और समाज मे नफरत का जहर फैलाने वाली राजनीति से स्वार्थ सिद्धि में लगे लोगों के असल चेहरों को आम अवाम के सामने बेनकाब करने की कोशिश है।

वहीं इस यात्रा के विषय मे जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने कहा कि यात्रा के माध्यम से कांग्रेस अपने संगठन को मजबूत भी करेगी व कार्यकर्ताओं को रिचार्ज करने और नए लोगों को पार्टी से जोड़ने का कार्य भी करेगी। यही वजह है कि संविधान बचाओ रैली को भी जिले और विधानसभा स्तर पर आयोजित करने की रणनीति बनाई गई है। बैठक को संबोधित कर पूर्व विधायक प्रकाश नायक ने कहा कि पूरे प्रदेश से सरकार के खिलाफ कई छोटे बड़े मुद्दे समय समय पर सामने आ रहे है, जिससे प्रदेश में आपराधिक प्रवृतियां भी जरूरत से ज्यादा बढ़ गई हैं और सरकार इन्हें रोकने में पूरी तरह से असफल हो चुकी है और संविधान विरोधी ताकतेँ प्रदेश में प्रतिकूल वातावरण निर्मित कर रहीं हैं। वहीँ बीजेपी सरकार संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करने से बाज नहीं आ रही है इसलिए अब कांग्रेस पार्टी सभी जिलों में स्थानीय स्तर पर भी संविधान यात्रा निकाल रही हैं।जिसका हमे व्यापक जनसमर्थन मिलेगा इसमे कोई दो राय नहीं है।

# समाधान शिविरों आवेदनों के निराकरण की दी जा रही है जानकारी

## कलेक्टर विलास भोसकर ने शिविरों का किया दौरा, शासकीय योजनाओं का लाभ लेने आमजनों को किया प्रेरित

**अम्बिकापुर,** 6 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप आमजनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा जरूरतमंद वर्गों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार के तीसरे एवं अंतिम चरण की शुरुआत 05 मई से हो गई है, जिसके अंतर्गत समाधान शिविर के माध्यम से आमजनों को उनके द्वारा किए गए शिकायतों एवं मांगो के आवेदनों के निराकरण की स्थिति सहित शासकीय योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी जा रही है।

इसी कड़ी में मंगलवार को विकासखण्ड बतौली के ग्राम खड़धोवा, अम्बिकापुर के ग्राम नवानगर तथा मैनपाट के ग्राम रोपाखार में समाधान शिविर का आयोजन हुआ। कलेक्टर विलास भोसकर ने शिविरों का दौरा किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने लोगों को आवेदन के निराकरण के सम्बन्ध में जानकारी दी तथा शासकीय योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आप सभी शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुँच कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें तथा और लोगों को भी प्रेरित करें। शिविर स्थल पर विभिन्न विभागों की योजनाओं के स्टॉल लगाए गए, जिसमें विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से संवेदशीलता के साथ लोगों के समस्याओं के समाधान करने निर्देशित किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

हुआ समस्या का समाधान, तो हितग्राहियों ने बजाई सुशासन की घंटी- लोगों को जब उनकी समस्या के निराकरण की जानकारी मिली तो उनकी खुशी का ठिकाना न रहा, उन्होंने अपनी खुशी जाहिर करते हुए सुशासन की घंटी बजायी।

# नागपुर पंचायत में हुआ स्वच्छता श्रमदान, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने मिलकर

एमसीबी, 6 मई (देशबन्धु)। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले की ग्राम पंचायत नागपुर में मंगलवार को एक प्रेरणादायक स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू, जनपद सदस्य श्री शाहनवाज अली, जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती वैशाली सिंह सहित पंचायत प्रतिनिधि, एनआरएलएम समूह की महिलाएं, ग्रामीणजन एवं अन्य विभागीय अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत पंचायत भवन से सामूहिक स्वच्छता संकल्प के साथ हुई। इसके उपरांत ग्राम तालाब, चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की गई। इस दौरान अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने खुद अपने हाथों में झाड़ू लेकर कचरा हटाया और लोगों को स्वच्छता का महत्त्व समझाया। वहीं जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री राजेश साहू ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। जब जनप्रतिनिधि और अधिकारी स्वयं श्रमदान करते हैं, तो समाज में प्रेरणा की लहर दौड़ती है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे नियमित सफाई करें और खुले में शौच न करने की आदत डालें। जनपद पंचायत की सीईओ श्रीमती वैशाली सिंह ने कहा कि स्वच्छता को जन आंदोलन के रूप में जिले में आगे बढ़ाया जा रहा है। एनआरएलएम समूह की महिलाएं गांव-गांव जाकर स्वच्छता जागरूकता फैला रही हैं।

नागपुर पंचायत का यह श्रमदान कार्यक्रम प्रशासन और समाज के सामूहिक प्रयासों का अनुकरणीय उदाहरण है। इस कार्यक्रम में सरपंच, सचिव, तकनीकी सहायक एवं अन्य पंचायत कर्मचारी भी सक्रिय रूप से शामिल हुए। एनआरएलएम समूह की महिलाओं ने श्रमदान के साथ-साथ नारे लगाकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाई।

समापन के अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से स्वच्छता की शपथ ली-जिसमें उन्होंने अपने घर-आंगन व सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने, दूसरों को भी प्रेरित करने और नियमित श्रमदान करने का संकल्प लिया।

## सार-संक्षेप


### जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ की पीएमश्री आत्मानंद की टीम का पुणे में प्रशिक्षण सम्पन्न




सारंगढ, 6 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन और समग्र शिक्षा के तत्वाधान में एवम पी एम श्री योजना अंतर्गत सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के सारंगढ़ आत्मानंद स्कूल से बजरंग आदित्य व्याख्याता जीव विज्ञान, बरमकेला से मुक्तिदेव गुप्ता व्याख्याता रसायन एवम सरसींवा आत्मानंद स्कूल से फिरत राम भारद्वाज व्याख्याता रसायन पांच दिवसीय शिविर में ट्रेनिंग पूरी करके पुणे से सारंगढ़ वापस आ चुके है।

इस बारे में चर्चा करने से पता चला कि वहाँ शिक्षकों को विभिन्न क्रियाकलाप कराया गया तथा किसी भी विषय के टॉपिक को क्रियाकलापो के माध्यम से बच्चों को कैसे बेहतर ढंग से सिखाया जा सकता है, इस बारे में जोर दिया गया। यह क्रियाकलाप विद्यार्थियों को बेहतर ढंग से समझ पैदा करने में सहायक होगी। साथ ही शिक्षकों को साइंस सेंटर का भ्रमण कराया गया। वहाँ शिक्षकों को विज्ञान ने नए अवधारणा एवम प्रयोगों से अवगत कराया गया तथा वहाँ छ.ग. के शिक्षको ने टेलिस्कोप की मदद से वृहस्पति ग्रह को दिखाया गया, जो उनके लिये एक अविस्मरणीय क्षण था।

### आंधी और बारिश ने तबाह की किसानों खड़ी फसलें हुई धराशायी



जांजगीर, 06 मई (देशबन्धु)। जिले में मौसम की मार से किसानों की खून-पसीने की मेहनत पर पानी फिर गया है। हाल ही में आई तेज आंधी और बेमौसम बारिश के कारण खेतों में खड़ी धान की फसलें गिर गई हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

गांवों में किसान पहले ही नहरों में पानी की कमी से परेशान थे, और अब बेमौसम बारिश ने उनकी चिंता और बढ़ा दी है। खेतों में खड़ी फसलें बारिश और तेज हवा की वजह से जमीन पर बिछ गई हैं, जिससे कटाई में दिक्कतें आएंगी और फसल के खराब होने का भी खतरा बढ़ गया है। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि पहले पानी की कमी से फसलें सूख रहीं थीं, अब समय से पहले बारिश और तेज हवाओं ने फसल को बर्बाद कर दिया। यदि मौसम इसी तरह खराब रहा तो बदरा हो चुकी फसल पूरी तरह से नष्ट हो सकती है। कई इलाकों में फसलें पकने की स्थिति में थीं, लेकिन अब कटाई में देरी और फसल के जमीन पर गिरने से उपज में भारी गिरावट आने की आशंका है। किसानों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सहायता देने और फसलों का सर्वे करवाने की मांग की है।

### चांपा के एकमात्र उद्यान की हालत खराब, मॉर्निंग वॉक करने वालों को नहीं मिल रही सुविधाएं



चांपा, 06 मई (देशबन्धु)। शहर के एकमात्र स्वामी विवेकानंद उद्यान की स्थिति दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। मॉर्निंग वॉक और व्यायाम के लिए आने वाले लोगों को जरूरी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। उद्यान की देखरेख का अभाव स्पष्ट रूप से दिखता है। जिम के उपकरण लंबे समय से खराब पड़े हैं, वहीं टाइल्स उखड़ चुकी हैं और आरओ या टैंक से पेयजल की सुविधा भी अनुपलब्ध है।

इस संबंध में स्वामी विवेकानंद उद्यान ग्रुप के सदस्यों ने नगर पालिका परिषद अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने उद्यान में व्याप्त समस्याओं को जल्द दूर करने की मांग की है। उद्यान में हर रोज सुबह 5.30 से 6 बजे तक और शाम को 6.15 से 7 बजे तक राष्ट्रगान और भजन का आयोजन किया जाता है। यह पहल स्थानीय लोगों द्वारा स्वास्थ्य और राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करने के लिए की जाती है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से राजेन्द्र जायसवाल, शंकर देवांगन, रमेश देवांगन, मनोहर देवांगन, हरीश पाण्डेय, भैरव देवांगन, और हरिहर देवांगन शामिल थे। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका से शीघ्र हस्तक्षेप कर उद्यान की मरम्मत और रखरखाव सुनिश्चित करने की मांग की है, जिससे शहरवासियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में सुविधा मिल सके।

### पीईटी और पीपीएचटी की परीक्षा कल होगी आयोजित

सक्ती, 06 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा पीईटी और पीपीएचटी की परीक्षा 8 मई 2025 को निर्धारित की गई है। छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा आयोजित पीईटी परीक्षा के लिए जिला सक्ती अंतर्गत कुल 02 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। जिसमें परीक्षा केंद्र शासकीय कन्या उच्चतर विद्यालय सक्ती और स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सक्ती को बनाये गए । पीपीएचटी परीक्षा के लिए जिला सक्ती अंतर्गत कुल 04 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। जिसमें परीक्षा केंद्र शासकीय कन्या उच्चतर विद्यालय सक्ती, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सक्ती, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कसेरपारा, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय स्टेशन रोड सक्ती को बनाये गए।परीक्षा के पूर्व तैयारी हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी एवं समन्वयक के द्वारा आज सभी केन्द्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकों की ब्रीफिंग की गयी। जिसमें विस्तारपूर्वक आवश्यक जानकारी दी गई। दिनांक 08 मई 2025 दिन गुरुवार को पीईटी परीक्षा समय प्रथम पाली 09 से 12.15 तक तथा पीपीएचटी परीक्षा समय दूसरी पाली 02 से 05.15 तक शामिल होने वाले सभी परीक्षार्थी को अपने परीक्षा केन्द्र की पहचान एक दिन पूर्व कर लेने की अपील की गयी है तथा सभी आवश्यक दस्तावेज (प्रवेश पत्र सह एक पहचान पत्र संबंधित दस्तावेज की मूल प्रति) के साथ परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटा पूर्व परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में पहुँचने हेतु अपील की गयी है।

# जनहित के कामों में लापरवाही के लिए कलेक्टर, एसपी होंगे जिम्मेदार

## मुख्यमंत्री साय ने जांजगीर-चांपा जिले में सड़क निर्माण के स्वीकृति प्रस्ताव पर विलंब को लेकर जताई नाराजगी

### जांजगीर-चांपा, सक्ती एवं कोरबा जिले के अधिकारियों की बैठक लेकर योजनाओं एवं कार्यक्रमों की अद्यतन स्थिति की गहन समीक्षा की




जांजगीर, 06 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज जांजगीर-चांपा जिले के जिला पंचायत कार्यालय में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में तीन जिलों जांजगीर-चांपा, सक्ती एवं कोरबा में संचालित शासकीय योजनाओं, निर्माण कार्यों एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने बीते वित्तीय वर्ष में बजट में जांजगीर-चांपा जिले में स्वीकृत सड़कों की मंजूरी में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्राथमिकता के आधार पर तत्काल प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री श्री साय राज्य सरकार के सुशासन तिहार के तीसरे चरण के शुरूआत के पहले दिन आज सक्ती, कोरबा जिले के भ्रमण के बाद जांजगीर-चांपा पहुंचे थे। जहां उन्होंने तीनों जिलों के अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। श्री साय ने बैठक में कहा कि राज्य सरकार पारदर्शिता के साथ प्रदेश में सुशासन स्थापित करने का काम कर रही है। इसी कड़ी में राज्य में सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। सुशासन तिहार के दो चरण पूर्ण होने के बाद तीसरा चरण की शुरुआत आज से हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ साल में अच्छा काम हुए हैं लेकिन इनकी गति और गुणवत्ता और बढ़ाने की जरूरत है। कलेक्टर, एसपी और अच्छा काम करें। अधिकारी ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण इलाकों का दौरा करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि आम जनता और जनप्रतिनिधियों से सौहाद्र पूर्ण बर्ताव करें। उन्होंने अधिकारियों को पूरे समर्पण के साथ ईमानदारी से अपने जिम्मेदारी का निर्वहन करने को कहा। मुख्यमंत्री ने बैठक में स्पष्ट रूप से कहा कि जनहित के कामों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिले में इसके लिए सीधे कलेक्टर और एसपी जिम्मेदार होंगे। बैठक में मुख्यमंत्री ने ग्रामीण बस सुविधा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सभी कलेक्टरों को जिलेवार रूट निर्धारण की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह योजना ग्रामीणों को परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ी पहल है। मुख्यमंत्री ने संस्थागत प्रसव, सिकलसेल स्क्रीनिंग तथा जल जीवन मिशन के तहत पेयजल आपूर्ति की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को आय, जाति एवं निवास प्रमाणपत्र सत्र प्रारंभ होते ही वितरित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने राजस्व रिकॉर्ड, स्वामित्व योजना, आयुष्मान भारत, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना इत्यादि की प्रगति की समीक्षा करते हुए हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुँचाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य को जेनेरिक दवाइयों के उपयोग हेतु जागरूक किया जाए एवं चिकित्सकों को मरीजों को जेनेरिक दवाएं लिखने हेतु प्रेरित किया जाए, जिससे जनऔषधि केन्द्रों से रियायती दर पर दवाएं प्राप्त की जा सकें। कृषि विभाग को फसल चक्र परिवर्तन के तहत मूँगफली की खेती को बढ़ावा देने के निर्देश देते हुए उन्होंने खाद-बीज भंडारण एवं वितरण की तैयारी की भी समीक्षा की।

### 47 हजार आवासों की धीमी प्रगति पर भी मुख्यमंत्री ने चिंता जताई

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत 47 हजार आवासों की धीमी प्रगति पर भी मुख्यमंत्री ने चिंता जताई। अधिकारियों द्वारा राजमिस्त्री एवं सेंटरिंग टीमों की कमी को प्रमुख कारण बताया गया। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण युवाओं को मिस्त्री का प्रशिक्षण देकर इस समस्या का समाधान निकालने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने स्पष्ट किया कि योजना अंतर्गत निःशुल्क रेत आपूर्ति की व्यवस्था पहले से की गई है, जिसमें हितग्राहियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि संयुक्त परिवार में विवाहित पुत्रों के नाम पर जमीन नहीं होने पर आवास स्वीकृति में बाधा आ रही है। ऐसी स्थिति में पिता मात्र 5 सौ रुपए का दानपत्र लिख दे तो, इसका लाभ मिल सकता है। बैठक में वित्त मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी ने पंजीयन विभाग द्वारा आरंभ की गई 10 नवीन जनहितकारी सुविधाओं को आम जनता तक पहुंचाने के लिए विशेष तकनीकी कार्यशालाओं का आयोजन कर अधिकारियों को प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने अंत में अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों के साथ सम्मानजनक संवाद बनाए रखें और छत्तीसगढ़ के समावेशी एवं विकसित भविष्य के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करें। बैठक में सांसद श्रीमती कमलेश जांगडे, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, तीनों जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# बिर्रा के समाधान शिविर में शामिल हुए कलेक्टर

### कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित आमजनो से सुनी मांग एवं समस्याएं



जांजगीर, 06 मई (देशबन्धु)। जिले में आमजनता को उनकी समस्या, शिकायत और मांग के निराकरण एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने के लिए 05 मई से समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित समाधान शिविर में कलेक्टर जन्मेजय महोबे शामिल हुए।

कलेक्टर श्री महोबे ने मौके पर उपस्थित आमजनों से उनकी मांग एवं समस्याओं को सुना और गुणवत्तापूर्ण त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। शिविर में नागरिकों को सुशासन तिहार के अंतर्गत पहले चरण के दौरान प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने राजस्व विभाग से संबंधित प्राप्त आवेदनों को कैंप कोर्ट लगाकर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए एवं ऋण पुस्तिका से संबंधित प्राप्त आवेदनों का शाीघ्रता से निराकरण कर किसानो को वितरित करने कहा। कलेक्टर नें आयुष्मान कार्ड बनाने के संबंध में प्राप्त आवेदनो के पात्र हितग्राहियों के शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने कहा। उन्होने उद्यानिकी विभाग से लाभान्वित किसान के उत्पादो की प्रशंसा की और अन्य किसानो को भी लाभदायक फसल लेने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने कहा कि किसानो को खरीफ वर्ष 2025 में खाद बीज की न हो समस्या। कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को ट्रांसफार्मर सहित विद्युत से संबंधित प्राप्त शिकायतो का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शिविर में हितग्राहियों को किसान क्रेडिट कार्ड, ट्राइसाइकिल एवं अन्य हितग्राही मूलक समाग्री का वितरण किया एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्नप्राशन संस्कार, गोद भराई एवं बाल विवाह मुक्त जांजगीर-चांपा बनाने हेतु हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मोहन कुमारी साहू सहित विभिन्न जनप्रतिनिधी संबंधित अधिकारी कर्मचारी, गणमान्य नागरिक, सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### पामगढ़ के ग्राम पंचायत जोगीडीपा में आज

सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत प्रदेश में सुशासन की सशक्त स्थापना, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और जन संवाद को सशक्त बनाने के उद्देश्य से समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में 07 मई कों जनपद पंचायत पामगढ़ के ग्राम पंचायत जोगीडीपा के हाई

# भृत्य को कारण बताओ नोटिस जारी

**अम्बिकापुर,** 6 मई (देशबन्धु)। महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत बाल विकास परियोजना बतौली में भृत्य के पद पर कार्यरत श्री भोला दास जोकि माह अगस्त-2022 से अब तक बिना किसी सूचना के अनाधिकृत रूप से अपने कर्तव्य से लगातार अनुपस्थित रहने पर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र, अंतिम सूचना पत्र, आरोप पत्र आदि जारी किया गया है।

संबंधित भृत्य को निर्देशित किया गया है कि नोटिस प्रकाशन के 03 दिवस के भीतर कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अम्बिकापुर में उपस्थित होकर सुसंगत दस्तावेजों के साथ अपना पक्ष प्रस्तुत करने कहा गया है। अन्यथा एक पक्षीय सेवा से बर्खास्तगी की कार्यवाही की जावेगी।

### रवि गुप्ता विधायक प्रतिनिधि नियुक्त

**एमसीबी,** 6 मई (देशबन्धु)। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला के विकासखंड मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत समस्त प्रशासनिक कार्यों के सुचारु संचालन हेतु क्षेत्र की विधायक रेणुका सिंह द्वारा रवि कुमार गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है।

विधायक महोदया की अनुपस्थिति में श्री रवि कुमार गुप्ता विभिन्न बैठकों एवं आयोजनों में उनकी ओर से प्रतिनिधित्व करेंगे। इस संबंध में समस्त विभाग प्रमुखों को सूचनार्थ अवगत कराया गया है ताकि प्रशासनिक समन्वय एवं कार्यक्रमों का संचालन निर्विघ्न रूप से किया जा सके।

# मुख्यमंत्री ने आकांक्षा विद्यालय में नीट जेईई कोचिंग के विद्यार्थियों से किया संवाद

### शिक्षा केवल रोजगार नहीं बल्कि सफल जीवन का माध्यम है- मुख्यमंत्री




जांजगीर, 06 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जांजगीर चांपा जिले में आकांक्षा विद्यालय में जेईई और पीएससी कोचिंग प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों के साथ आत्मीय वार्तालाप करते हुए परीक्षा की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल रोजगार नहीं बल्कि सफल जीवन का माध्यम है। मुख्यमंत्री श्री साय ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आकांक्षा विद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही कोचिंग सुविधाओं की सराहना की और छात्रों को उपलब्ध संसाधनों का पूर्ण उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार के लिए प्रतिबद्ध है और छात्रों की सफलता के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत वे शासकीय योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने पहुंचे हैं। उन्होंने आकांक्षा आवासीय विद्यालय से चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हमारा छत्तीसगढ़ निरंतर प्रगति कर रहा है। इंजीनियरिंग मेडिकल सहित सारी शिक्षण संस्थाएं यहां पर मौजूद हैं। दिल्ली में यूपीएससी की कोचिंग के लिए छात्रावास में बच्चों के लिए सीटों की संख्या बढ़ाई गई । इसके साथ-साथ पढ़ाई का बेहतर माहौल देने प्रत्येक जिले में नालंदा परिसर बनाने की पहल की गई है। मुख्यमंत्री श्री साय ने आकांक्षा आवासीय विद्यालय के बच्चों के साथ भोजन किया। श्री साय ने कहा कि सुशासन के माध्यम से आम जनों से किया गया संवाद निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा को एक नई दिशा देगा। गौरतलब है कि सामाजिक एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने इंजीनियरिंग एवं मेडिकल में प्रवेश परीक्षा, पीएससी, व्यापम, रेलवे एसएससी आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क कोचिंग के लिए जांजगीर चांपा जिले में आकांक्षा कार्यक्रम की शुरुआत 2018 में की गई थी। आकांक्षा आवासीय विद्यालय में प्राप्त कोचिंग के माध्यम से अब तक 90 से अधिक बच्चे जेईई एवं नीट परीक्षा में सफल हो चुके हैं।

# आवास 2.0 सर्वे में आईडी धारकों को तकनीकी दिक्कतों का करना पड़ रहा सामना

### सर्वे नहीं करवा पा रहे प्रभावित परिवार




जांजगीर, 06 मई (देशबन्धु)। आवास 2.0 योजना अब अपने अंतिम चरण में है, लेकिन कई गांवों में योजना से वंचित परिवारों की चिंता लगातार बढ़ रही है। इन परिवारों का पहले से किया गया असेस्ड सर्वे नहीं जुड़ पा रहा है और जब वे स्वयं से सर्वे कराना चाहते हैं, तो तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार प्रत्येक गांव में औसतन 15 प्रतिशत परिवार अभी भी योजना के लाभ से वंचित हैं। इन परिवारों को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है, जिससे कई जगहों पर आईडी होल्डर्स खुद ही पीछे हटने लगे हैं। राज्य सरकार ने स्थिति को देखते हुए सर्वे की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 15 मई कर दिया है। अब आवास 2.0 के तहत सर्वे के लिए मात्र कुछ दिन ही शेष हैं। लोगों की भीड़ से रोजगार सहायकों पर दबाव बढ़ा है, जिससे कई लोग खुद ही सेल्फ सर्वे करने पर मजबूर हो गए हैं।

### 10 दिनों में 50 हजार से अधिक सर्वे

जैसे ही लोगों को अंतिम तिथि की जानकारी मिली, तो वे तेजी से सर्वे कराने में जुट गए। इन 10 दिनों में 75 हजार से अधिक सर्वे पूरे हो चुके हैं। अब सर्वे दिन-रात चल रहा है, जिससे सर्वे प्रक्रिया में तेजी आई है। अवास 2.0 सर्वेक्षण के मामले में जांजगीर-चांपा जिला प्रदेश में टॉप तीन में पहुंच गया है। पहले यह जिला पांचवें स्थान पर था, लेकिन हाल की तेजी से यह तीसरे स्थान पर आ गया है। यदि यही गति बनी रही, तो यह जिला पहले स्थान पर भी आ सकता है।

### आईडी धारकों की परेशानी

गांवों में केवल आबादी में बसे लोग ही बचे हैं, जिनका सर्वे नहीं हो पाया है। पंचायतों में कई जगह आबादी व बेदखली क्षेत्र के नाम पर नकली बोर्ड बना दिए गए हैं, जिससे असली पात्र आईडी होल्डर सर्वे से वंचित हो रहे हैं।

वे यह सोचकर खुद ही सर्वे से दूर रहना चाह रहे हैं कि उन्हें बाद में परेशानी का सामना न करना पड़े।

# फिशरीज इंस्पेक्टर परीक्षा में जिले के सेमरा गांव के विपुल ने प्रदेश में प्राप्त किया पहला स्थान

जांजगीर, 06 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल की तरफ से आयोजित फिशरीज इंस्पेक्टर परीक्षा में जांजगीर-चांपा जिले के सेमरा गांव के विपुल सिंह ने प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। व्यापम ने 30 अप्रैल को परीक्षा का परिणाम घोषित किया।

विपुल अभी मुंबई में सीनियर रिसर्च फेलोशिप कर रहे हैं। उन्होंने प्राथमिक और हाई स्कूल की शिक्षा जांजगीर से प्राप्त की। इसके बाद कोटा में कोचिंग ली। ष्ट्ढस्न्रश्व की परीक्षा में ऑल इंडिया टॉपर रहे और गोल्ड मेडल भी हासिल किया। वह मुंबई में फिशरीज पर पीएचडी भी कर रहे हैं। नवागढ़ ब्लॉक के गौरव ग्राम सेमरा निवासी विपुल के पिता शिक्षक हैं। विपुल प्राथमिक शिक्षा से ही होनहार छात्र रहे हैं। परिणाम की सूचना मिलने पर परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। माता-पिता ने फोन पर ही बेटे को बधाई दी। विपुल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। उन्होंने कहा कि अब वह छत्तीसगढ़ में अपनी सेवाएं देने के लिए तैयार हैं। उनकी इस उपलब्धि ने क्षेत्र के युवाओं को भी प्रेरित किया है।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के आठ पदों हेतु 26 तक आवेदन आमंत्रित

**कोरिया,** 6 मई (देशबन्धु)। एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना, बैकुण्ठपुर से मिली जानकारी के अनुसार जिले के 8 आंगनवाड़ी केन्द्रों के लिए चार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं चार आंगनबाड़ी सहायिका के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है।

आंगनबाड़ी केंद्र रटँगा, जमनीपारा (खरवत), चितमारपारा और बरदिया अ, में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा आंगनबाड़ी केंद्र पटेलपारा, मनसुख स, छोटे झुमरपारा, कसरा-2 में सहायिका के पदों पर भर्ती हेतु आवेदन 26 मई तक कार्यालयीन दिवस व समय में आवेदन जमा कर सकते है।

उक्त आवेदन की अंतिम तिथि के पश्चात स्वीकार नहीं किया जाएगा। अधिक जानकारी लिए एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना कार्यालय, नगर पंचायत पटना एवं जनपद पंचायत बैकुंठपुर के सूचना पटल में देखा जा सकता है।

## रोमानियाई प्रधानमंत्री ने की इस्तीफे की घोषणा

**बुखारेस्ट,** 6 मई (एजेंसियां)। रोमानियाई प्रधानमंत्री मार्सेल सिओलाकू ने सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी (पीएसडी) के मुख्यालय में अपने इस्तीफे की घोषणा की। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब रोमानिया की सत्तारूढ़ पीएसडी ने सत्तारूढ़ गठबंधन से हटने के निर्णय की घोषणा की है। रविवार को रोमानिया के राष्ट्रपति चुनाव के पहले दौर के पुनर्मतदान के बाद आए नतीजों का हवाला देते हुए सिओलाकू ने कहा कि शासक गठबंधन के दो उद्देश्यों में से एक प्राप्त नहीं हुआ, जिसका मतलब है कि शासक गठबंधन में वैधता का अभाव है, कम से कम इसकी वर्तमान संरचना में। सत्तारूढ़ गठबंधन का प्रतिनिधित्व करने वाले राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार क्रिन एंटोन्सक्यू 18 मई को निर्धारित दूसरे दौर के मतदान में स्थान पाने में असफल रहे।

# देश विदेश

# अमेरिका छोड़ने वाले अवैध अप्रवासियों को मिलेगा 1,000 डॉलर का स्टाइपेंड

**वाशिंगटन,** 6 मई (एजेंसियां)। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने घोषणा की है कि स्वेच्छा से अमेरिका छोड़ने वाले अवैध प्रवासियों को 1,000 डॉलर और उनके यात्रा व्यय का भुगतान करेगा। ऐसा इसलिए ताकि सामूहिक निर्वासन को बढ़ावा दिया जा सके।

होमलैंड सुरक्षा विभाग (डीएचएस) ने एक बयान के जरिए इसकी जानकारी दी। कहा कि डीएचएस ने अवैध विदेशियों के लिए सीबीपी (सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा) होम ऐप के माध्यम से अपने देश वापस यात्रा करने के लिए वित्तीय और यात्रा सहायता प्राप्त करने के लिए एक ऐतिहासिक अवसर प्रदान करने का ऐलान किया है। कोई भी अवैध विदेशी जो स्व-निर्वासन के लिए सीबीपी होम ऐप का उपयोग करता है, उसे 1,000 डॉलर का स्टाइपेंड (वजीफा) भी मिलेगा, जिसका भुगतान उनके स्वदेश लौटने की पुष्टि (ऐप के जरिए) होने के बाद किया जाएगा।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने विभाग के हवाले से बताया कि स्टाइपेंड की लागत के बावजूद, यह अनुमान लगाया गया है कि ऐप का उपयोग करके स्व-निर्वासन से निर्वासन की लागत में लगभग 70 प्रतिशत की कमी आएगी। वर्तमान में एक अवैध विदेशी को गिरफ्तार करने, हिरासत में लेने और निकालने की औसत लागत 17,121 डॉलर है। होमलैंड सुरक्षा सचिव क्रिस्टी नोएम ने कहा कि यदि आप अवैध रूप से यहां हैं, तो स्व-निर्वासन गिरफ्तारी से बचने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका छोड़ने का सबसे अच्छा, सबसे सुरक्षित और सबसे किफायती तरीका है।

मिशिगन में हाल ही में एक रैली में भाषण देते हुए, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि उनके कार्यकाल के पहले 100 दिन इतिहास में किसी भी अमेरिकी प्रशासन के सबसे सफल दिन थे। ट्रंप ने अवैध अप्रवासियों के निर्वासन में वृद्धि जैसी नीतियों को अपनी प्रमुख उपलब्धियों में से एक बताया था।

ब्रूकिंग्स इंस्टीट्यूशन द्वारा प्रकाशित एक हालिया विश्लेषण के अनुसार, एक क्षेत्र जहां प्रशासन अपने प्रवर्तन लक्ष्यों को पूरा करने में विफल होता दिख रहा है, वह निर्वासन की संख्या है। विश्लेषण में कहा गया है कि निर्वासन की संख्या मामूली बनी हुई है, लेकिन इसके भयावह प्रभाव संभावित रूप से गंभीर हैं।

इस बीच, कई विशेषज्ञों ने प्रशासन की आव्रजन नीतियों के निहितार्थों के बारे में चिंता व्यक्त की।

**वर्तमान में एक अवैध विदेशी को गिरफ्तार करने, हिरासत में लेने व निकालने की औसत लागत 17,121 डॉलर**



## अमेरिकी डाकघरों व मेल डिलीवरी पर पड़ सकता है ट्रंप की नीतियों का असर

**न्यूयॉर्क।** लॉस एंजिल्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी डाक सेवा (यूएसपीएस) और यूनाइटेड पार्सल सर्विस (यूपीएस) में हजारों पत्र और पैकेज डिलीवरी कर्मचारियों की नौकरियों में इस साल कटौती हो सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ और डिजिटल इनोवेशन का अर्थव्यवस्था पर असर पड़ रहा है और दोनों ही कंपनियां लागत में कटौती करने और संचालन को सुव्यवस्थित करने की कोशिश कर रही हैं। सिन्हुआ समाचार एजेंसी के मुताबिक, पिछले सप्ताह, यूपीएस के चीफ एक्जिक्यूटिव ने घोषणा की कि कंपनी इस साल 20,000 नौकरियों में कटौती करेगी, जो कि उसके वैश्विक कार्यबल का लगभग 4 प्रतिशत है, और जून के अंत तक 73 वितरण केंद्रों को बंद करने की योजना बना रही है, ये वितरण केंद्रों के संचालन को आधुनिक बनाने की योजना (पुनर्गठन योजना) का हिस्सा हैं, जिसमें इसकी 400 सर्विसेज में पूर्ण या आंशिक रूप से स्वचालित करना है।

## अमेरिका के सैन डिएगो में नाव पलटने से तीन की मौत, मानव तस्करी का शक



**लॉस एंजिल्स।** कैलिफोर्निया के सैन डिएगो के पास एक नाव पलटने से तीन लोगों की मौत हो गई और नौ लोग लापता हैं। अधिकारियों के अनुसार तस्करी के लिए नाव का इस्तेमाल किया जा रहा था। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, अमेरिकी तट रक्षक (यूएससीजी) सहित कई एजेंसियों ने सोमवार सुबह डेल मार के तट पर एक जहाज के पलट जाने की जानकारी दी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पंगा-शैली की नाव टॉरी पाइंस स्टेट बीच के ठीक उत्तर में पाई गई थी और माना जाता है कि इसका इस्तेमाल मानव तस्करी के लिए किया गया था। यूएससीजी के अनुसार, जहाज पर करीब 16 लोग सवार थे, जिनमें दो बच्चे भी शामिल थे। इस घटना में सुरक्षित रहे एक व्यक्ति ने बताया कि नौ लोग, जिनमें संभवतः एक या दो बच्चे भी शामिल हैं, अभी भी लापता हैं। कैलिफोर्निया स्टेट पार्क के प्रवक्ता के अनुसार, समुद्र तट पर तीन शव पाए गए। अधिकारियों ने बताया कि चार अन्य लोगों को घटनास्थल पर ही कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) दिया गया और तीन को अस्पताल ले जाया गया। एनसिनिटास अग्निशमन विभाग ने बताया कि घायलों में से तीन को हल्की चोट आई है, जबकि एक व्यक्ति की हालत गंभीर है। डेल मार के तट पर रेस्क्यू अभियान जारी है। यूएससीजी कई एजेंसियों के साथ कार्य कर रहा है, जिसमें सैन डिएगो फायर-रेस्क्यू हेलीकॉप्टर, 45-फुट तटरक्षक प्रतिक्रिया नाव और बचाव नौकाएं शामिल हैं।

## सुडोकू 6905

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | 4 | | | | | 3 |
| | 7 | | | | | | | |
| | | | | 6 | 5 | | 4 | 7 |
| | | 2 | 5 | 8 | | | | 9 |
| 9 | | | | | | | | 8 |
| 8 | | | | 3 | 1 | 4 | | |
| 7 | 8 | | 3 | 2 | | | | |
| | | | | | | | 2 | |
| 2 | | | | | 6 | 8 | | 5 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6905

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | | ■ | ८ | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | ■ | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. जिसका कोई भी दुश्मन पैदा न हुआ हो
४. यमराज, युधिष्ठिर
६. किसी के सहारे रहना निवास करना
७. ठीक, उचित (उर्दू)
८. अंधकार
१०. नृत्य करने वाला
११. भले-बुरे की पहचान
१३. देर, खजाना(उर्दू)
१४. एकत्र, जमा, अर्जन
१५. हुकूमत, शासन (उर्दू)
१७. स्वाद लेना
१९. रंगोली
२१. पुष्परज
२२. अभिप्राय, अर्थ (उर्दू)
२४. सेनापति

**ऊपर से नीचे:-**

१.आवश्यक रूप से, जरूरी
२. पूरी तरह भीगा हुआ
३. जिसमें कोई गलती न हो
४. जोड़ने, योग करने संबंधी सकारात्मक
५. बैठा हुआ
९. मयकरी
११. पारिस्रमिक (उर्दू)
१२. कत्था
१३. गरल, विष
१४. इरादा, निश्चय
१५. डॉ. राधाकृष्णन को कहा जाता है
१६. हितकर, लाभदायक
१८. पानी, जल
१९. पूजी, अर्चना
२०. अमुक नाम का
२३. रिहा, मुक्त(उर्दू)

## वर्ग पहेली-6904

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ प्र | वं | २ च | ना | ■ | ■ | ३ भि | त्ति | ४ चि | त्र |
| भा | ■ | टु | ■ | ५ आ | कां | क्षा | ■ | ते | ■ |
| ६ वि | षै | ला | ■ | म | ■ | ७ ट | क | रा | ८ व |
| त | ■ | ल | ■ | ९ द | र्श | न | ■ | ■ | च |
| ■ | १० आ | स | ११ व | नी | ■ | ■ | १२ प्र | धा | न |
| ■ | द | ■ | स | ■ | १५ ब | ढ़ि | या | ■ | ब |
| १४ नि | र | १५ स | न | ■ | धि | ■ | १६ स | १७ मृ | द्ध |
| रं | ■ | ह | ■ | १८ स | र | १९ स | ■ | णा | ■ |
| २० कु | मु | द | ■ | ब | ■ | २१ ब | द | ल | २२ ना |
| श | ■ | २३ य | क | ब | य | क | ■ | ■ | श |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 7 मई, 2025 बैशाख शुक्ल पक्ष 9

### राशिफल

मेष - आपको अपने उग्र स्वभाव और जिद पर काबू रखना होगा। आप परिश्रमी बने रहेंगे। हालांकि परिश्रम का फल नहीं मिलने से आप निराश हो सकते हैं। आपका स्वास्थ्य खराब होने की भी आशंका बनी रहेगी।

वृषभ - आज आप बहुत आत्मविश्वासी बने रहेंगे। इससे हर काम बहुत आसानी से पूरे हो सकेंगे। विद्यार्थियों की रुचि पढ़ाई में लगी रहेगी। सरकारी कामकाज में आप सफलता प्राप्त कर सकेंगे। संतान पर पैसे खर्च होंगे।

मिथुन - आज का दिन अच्छा होने से आप नई योजनाएं शुरू कर सकेंगे। व्यावसायिक सरकारी लाभ प्राप्त कर सकेंगे। नौकरी पेशा लोग उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि पा सकेंगे। भाइयों और पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध रहेंगे।

कर्क - आपको शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थता महसूस होगी। नेगेटिव विचारों के कारण मानसिक चिंता होगी। किसी के साथ मतभेद हो सकता है। पारिवारिक वातावरण दूषित होगा। विद्यार्थियों का ध्यान पढ़ाई में नहीं लगेगा।

सिंह - आत्मविश्वास और निर्णयशक्ति में वृद्धि होने के कारण आप त्वरित निर्णय ले सकेंगे। समाज में आपकी ख्याति में वृद्धि होगी। बुजुर्गों से आपको सहयोग मिलेगा। आपका मन प्रफुल्लित रहेगा।

कन्या - आप शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान रहेंगे। आपको छोटी बड़ी तकलीफें रहा करेंगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद हो सकता है। गुस्से और इगो के कारण आपका मनमुटाव हो सकता है।

तुला - आज आप अलग-अलग क्षेत्र से लाभ प्राप्त कर सकेंगे। उसके कारण आपको शारीरिक मानसिक रूप से प्रसन्नता का अनुभव होगा। आज आप दिन में मित्रों के साथ मिलकर किसी रमणीय स्थल की सैर करने का आयोजन कर सकेंगे।

वृश्चिक - आपको भाग्य का साथ मिलेगा। आपके सभी काम सरलतापूर्वक पूरे होंगे। आपका वैवाहिक जीवन आनंदमय रहेगा। आप समाज में सम्माननीय बनेंगे। नौकरी तथा व्यवसाय में पदोन्नति का योग है।

धनु - कोई भी कदम आपको खतरे में डाल सकता है, इसलिए सावधान रहने की जरूरत है। आज किसी भी काम को करने में उत्साह नहीं रहेगा। तन-मन में चिंता और डर रहेगा। नौकरी और व्यवसाय में कठिनाई आ सकती है।

मकर - आज खान-पान पर ध्यान दें अन्यथा स्वास्थ्य खराब होने की पूरी आशंका है। उपचार, प्रवास या व्यावहारिक प्रसंगों में पैसे खर्च होंगे। कठिनाइयों से बाहर आना हो तो नकारात्मक विचारों तथा उग्र विचार पर अंकुश रखें।

कुंभ - आज आप में आत्मविश्वास और दृढ़ मनोबल भरपूर मात्रा में होगा और आपका दिन प्रेम और रोमांस से अधिक उल्लासित बनेगा। किसी नए व्यक्तियों के साथ आपकी मित्रता होगी।

मीन - दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के कारण काम में सफलता मिलेगी। परिवार में सुख- शांति बनी रहेगी। आपका क्रोध आपकी वाणी और व्यवहार में दिख सकता है। नौकरी करने वालों को कार्यस्थल पर सम्मान प्राप्त होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# इजरायल ने हिज्बुल्लाह के हथियार ठिकानों पर किया हमला

**यरूशलम/बेरूत,** 6 मई (एजेंसियां)। इजरायली सेना ने कहा कि उसने सोमवार रात पूर्वी और दक्षिणी लेबनान पर हमला किया तथा हिजबुल्लाह से संबंधित आतंकवादी स्थलों को निशाना बनाया। सेना ने एक बयान में कहा कि हिजबुल्लाह ने बेका क्षेत्र में स्थित इस सुविधा का उपयोग रणनीतिक हथियारों के उत्पादन और भंडारण के लिए किया। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) के अनुसार, दक्षिणी लेबनान के श्रीफा क्षेत्र में अतिरिक्त हमले किए गए, जहां हिजबुल्लाह के सैन्य अवसंरचना को निशाना बनाया गया।

आईडीएफ ने चेतावनी दी कि वह इज़रायल के लिए किसी भी खतरे को समाप्त करने के लिए काम करना जारी रखेगा और हिज़्बुल्लाह द्वारा अपनी आतंकवादी क्षमताओं को पुनः स्थापित करने के किसी भी प्रयास को रोकेगा। एक लेबनानी सुरक्षा सूत्र ने बताया कि इजरायली युद्धक विमानों ने पूर्वी लेबनान के खुले क्षेत्रों को निशाना बनाकर छह हमले किए, जिनके बारे में अनुमान है कि वे हिजबुल्लाह के ठिकाने हैं।

सुरक्षा सूत्र ने कहा कि इज़रायली ड्रोन और हेलीकॉप्टरों ने तायर हरफ़ा में चार घरों पर तीन हमले किए और उन्हें नष्ट कर दिया। लेबनान की सरकारी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) ने कहा कि दो हमले हेलीकॉप्टरों द्वारा किए गए और तीसरा ड्रोन द्वारा किया गया।


लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल के मिशन प्रमुख और बल कमांडर अरोल्डो लाज़ारो सेन्ज़ ने कहा कि दक्षिणी लेबनान में स्थिति ज्यादा स्थिर हुई है, लेकिन नाजुक बनी हुई है और किसी भी परिदृश्य से बचने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाना चाहिए जिससे तनाव बढ़ सकता है।



**हिज्बुल्लाह द्वारा अपनी आतंकवादी क्षमताओं को पुनः स्थापित करने के किसी भी प्रयास को रोकेगा इजरायल : आईडीएफ**

## इंडोनेशिया सड़क दुर्घटना में 12 लोगों की मौत, पांच घायल

**जकार्ता,** 6 मई (एजेंसियां)। इंडोनेशिया के पश्चिमी सुमात्रा प्रांत के पदांग पंजांग शहर में मंगलवार सुबह बस दुर्घटनाग्रस्त होने से कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और अन्य पांच घायल हो गए। अधिकारियों ने दुर्घटना की पुष्टि की है। पदांग पंजांग में परिवहन विभाग के प्रमुख अर्केस रेफैगस ने यहां शिन्हुआ को बताया कि यह दुर्घटना अंतर लिंटास सुमात्रा (एएलएस) कंपनी द्वारा संचालित एक बस के कथिततौर पर ब्रेक फेल होने के कारण हुई। ब्रेक फेल होने के कारण बस ने नियंत्रण खो दिया और पलट गई।श्री रेफैगस ने कहा कि एएलएस बस काफी तेज रफ्तार से जा रही थी और इसी दौरान ब्रेक फेल हो गया। बस तीव्र मोड़ पर पलट गई। उन्होंने कहा कि बस में 25 लोग सवार थे। बस पलटते ही एक घर की बाड़ से टकरा गई। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में बस चालक बच गया।




**■ ब्रेक फेल होने के कारण बस ने नियंत्रण खो दिया व पलट गई**

## पाकिस्तान में सुरक्षा बलों के अभियान में आठ आतंकवादी ढ़ेर



**इस्लामाबाद,** 6 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में अलग-अलग अभियानों में आठ आतंकवादी मारे गए और एक सैनिक की मौत हो गयी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) की ओर से जारी बयान के मुताबिक सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान, दक्षिणी वजीरिस्तान, बन्नू और खैबर जिलों में खुफिया जानकारी के आधार पर अभियान चलाया। उत्तरी वजीरिस्तान जिले में अभियान के दौरान सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच झड़प में तीन आतंकवादी मारे गए। दक्षिणी वजीरिस्तान में एक अलग मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये। गोलीबारी के दौरान एक सैनिक की भी मौत हो गयी। बन्नू और खैबर जिलों में अभियान में तीन आतंकवादी ढेर हो गए। मृत आतंकवादियों के पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है।

## पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल करने से बच रही अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस

**इस्लामाबाद,** 6 मई (एजेंसियां)। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस यात्रा के लिए पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र का उपयोग करने से बच रही हैं। अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंसों ने यह कदम जम्मू-कश्मीर में पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद उठाया गया है जिसमें 26 पर्यटक मारे गए थे। एयर फ्रांस ने कहा कि उसने भारत और पाकिस्तान के बीच हाल में बढ़ते तनाव के कारण अगली सूचना तक इस्लामाबाद के हवाई क्षेत्र से उड़ानें निलंबित कर दी हैं। फ्रांस की अग्रणी एयरलाइंस ने कहा कि एयरलाइन अपनी उड़ान अनुसूची और कुछ गंतव्यों के लिए उड़ान योजनाओं को अनुकूलित कर रही है और कहा कि कुछ मार्गों पर उड़ान के लिए अधिक समय की आवश्यकता होगी।



**ब्रिटिश एयरवेज व अमीरात ने टिप्पणी का कोई जवाब नहीं दिया**

जर्मनी के अग्रणी एयरलाइंस लुफ्थांसा ने अगली सूचना तक पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र से उडान भरने से बचने की पुष्टि की। उड़ान ट्रैकिंग डेटा से हालांकि पता चला है कि ब्रिटिश एयरवेज, स्विस इंटरनेशनल एयर लाइन्स और अमीरात की कुछ उड़ानें अरब सागर से यात्रा करने के बाद पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र से बचने के लिए भारत के हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल कर रही है।

ब्रिटिश एयरवेज और अमीरात ने टिप्पणी का तुरंत कोई जवाब नहीं दिया है।

एयर फ्रांस ने एक बयान में कहा कि एयरलाइन ने अगले आदेश तक पाकिस्तान के ऊपर से उड़ान को निलंबित करने का फैसला किया है। इसकी वजह भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में तनाव बढ़ने का हवाला दिया गया है।

## सुडोकू 6905 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 3 |
| 4 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 5 | 8 | 6 |
| 3 | 2 | 8 | 1 | 6 | 5 | 9 | 4 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 8 | 7 | 3 | 6 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 6 | 4 | 2 | 1 | 5 | 8 |
| 8 | 5 | 6 | 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 |
| 7 | 8 | 5 | 3 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 3 | 8 | 5 | 9 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 9 | 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |

## आज का इतिहास

1663 – प्रसिद्ध नाटककार थामस किलिग्रू द्वारा निर्मित रायल थियेटर की लंदन में शुरूआत।
1834 – ईस्ट इंडिया कंपनी ने कुर्ग राज्य पर कब्जा कर लिया।
1861 – प्रसिद्ध बांग्ला कवि, कहानीकार, गीतकार, संगीतकार, नाटककार और निबंधकार और चित्रकार गुरूदेव रबीन्द्रनाथ टैगोर का जन्म। उन्हें 1913 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया।
1907 – बम्बई में बिजली से चलने वाली पहली ट्राम कार चलाई गई।
1912 – कोलंबिया विश्वविद्यालय ने विभिन्न श्रेणियों में पुलित्जर पुरस्कार प्रदान करने की योजना को मंजूरी दी। इसकी स्थापना जोसेफ पुलित्जर ने की थी।
1928 – ब्रिटेन में महिलाओं की वोट देने की आयु 30 वर्ष से घटाकर 21 वर्ष कर दी गई।
1945 – जर्मनी के जनरल गुस्ताव जोड्ल ने आत्मसमर्पण के कागजों पर दस्तखत किए और इसके साथ ही यूरोप में छह साल से चल रहे युद्ध का अंत हुआ।
1946 – इबुका मसारू और मोरिता ओकियो ने उपभोक्ता इलेक्ट्रानिक उत्पाद बनाने वाली जापानी कंपनी सोनी कोरपोरेशन की स्थापना की।
1952– इंटीग्रेटेड सर्किट की अवधारणा पहली बार जियोफ्रे डमर में प्रकाशित। यह सभी आधुनिक कंप्यूटरों का आधार है।
1956 – ब्रिटेन के विदेश मंत्री ने धूम्रपान के विरोध में किए जा रहे तमाम अभियानों को खारिज करते हुए कहा कि धूम्रपान के बुरे प्रभावों के तथ्य अभी सामने नहीं आए हैं।
1973 – ईटानगर को पूर्वोत्तर के खूबसूरत प्रांत अरुणाचल प्रदेश की नई राजधानी बनाने का काम शुरू किया गया।
1982 – आईबीएम ने पीसी-डीओएस का वर्जन 1.1 जारी किया।
2001– पोप जॉन पॉल सीरिया के ऐतिहासिक दौरे पर पहुंचे और वहां के हजारों लोगों ने बांहें फैलाकर उनका स्वागत किया।

**मामला** *संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव पर की गुप्त बैठक, कहा*

# तनाव कम करने में हमेशा मददगार होती है सुरक्षा परिषद

**संयुक्त राष्ट्र, 6 मई (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव पर एक गुप्त बैठक की, जिसे परिषद के अध्यक्ष इवेंजेलोस सेकेरिस ने उपयोगी बताया। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सेकेरिस ने कहा कि सुरक्षा परिषद ऐसी स्थिति में तनाव कम करने में हमेशा मददगार होती है और यह परिषद की जिम्मेदारी है। चूंकि यह एक गुप्त बैठक थी, इसलिए इसके विवरण गोपनीय हैं और कोई आधिकारिक रिकॉर्ड नहीं है। बैठक को जानकारी देने वाले सहायक महासचिव मोहम्मद खालिद खैरी ने बाहर निकलते हुए कहा कि सभी तनाव कम करना चाहते हैं।**

स्थिति के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि स्थिति अस्थिर है, और उन्होंने इस बारे में विस्तार से नहीं बताया। बैठक में शामिल रूस की उप स्थायी प्रतिनिधि अन्ना इवेस्टिग्नेवा ने कहा कि हमें तनाव कम होने की उम्मीद है।

बता दें कि सेकेरिस ने पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि असीम इफ्तिखार अहमद के अनुरोध पर बैठक बुलाई। अहमद ने गुप्त बैठक की मांग की थी, क्योंकि परिषद के नियमों के अनुसार गैर-सदस्य देश इसमें भाग नहीं ले सकते। इस गुप्त बैठक में भारत को शामिल होने से रोक दिया गया, क्योंकि यह केवल सुरक्षा परिषद के सदस्य देशों के लिए थी और पाकिस्तान, जो वर्तमान में निर्वाचित सदस्य है, उसी ने इसमें हिस्सा लिया था।

बैठक से पहले महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि स्थिति गंभीर है और दोनों देशों से खतरनाक स्थिति से पीछे हटने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण समय में सैन्य टकराव से बचना जरूरी है, जो आसानी से नियंत्रण से बाहर जा सकता है।



**■ भारत व पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने की कोशिश**

पिछले महीने पहलगाम में 26 लोगों की हत्या की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि मैं इस भयानक आतंकी हमले के बाद लोगों की गहरी भावनाओं को समझता हूं। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि असीम इफ्तिखार अहमद ने भारत के इस आरोप को सिरे से खारिज किया कि पाकिस्तान का हमले में कोई हाथ था। उन्होंने कहा कि कश्मीर एक विवादित क्षेत्र है, जहां व्यापक असंतोष है, जो भारत के साथ समस्या की जड़ है, न कि आतंकवाद। साथ ही, उन्होंने भारत के साथ सहयोग की पेशकश भी की। उन्होंने कहा कि हम अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

उन्होंने कहा कि हम भारत सहित अपने सभी पड़ोसियों के साथ शांतिपूर्ण सहयोगात्मक संबंधों के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं और हम बातचीत के लिए तैयार हैं।

## दुनिया को जानें

### पोप का चुनाव शुरू, 71 देशों के 133 कार्डिनल लेंगे भाग व क्षेत्रीय प्राथमिकताओं का होगा असर

**वेटिकन सिटी,** 6 मई (एजेंसियां)। नए पोप के चुनाव के लिए बुधवार से कान्क्लेव शुरू होगी। ऐसा कोई नियम नहीं है कि कार्डिनल राष्ट्रीयता या क्षेत्र के हिसाब से मतदान करें, लेकिन भौगोलिक लिहाज से उनके दृष्टिकोण को समझने से उनकी प्राथमिकताएं पता चलती हैं। यही कारण है कि दुनियाभर के 140 करोड़ कैथोलिक के नए पोप का चुनाव भौगोलिक विविधता के लिहाज से ऐतिहासिक होगा।

फिलहाल 71 देशों में 80 वर्ष से कम उम्र के 135 कार्डिनल हैं, जिनमें से दो ने स्वास्थ्य कारणों के चलते मतदान से इन्कार कर दिया है। यानी अब 133 कार्डिनल चुनाव में पहुंचेंगे और बहुमत के लिए दो-तिहाई यानी 89 वोट की जरूरत होगी। इटली में सर्वाधिक 17 कार्डिनल हैं, जिसके बाद अमेरिका (10), ब्राजील (7), फ्रांस और स्पेन (5), अर्जेंटीना, कनाडा, भारत, पोलैंड और पुर्तगाल में चार-चार कार्डिनल हैं। वेटिकन के आंकड़ों के अनुसार, यूरोप के 53 कार्डिनल हैं और एक के बीमार होने से मतदान में 52 हिस्सा लेंगे। इसके बाद एशिया से 23, अफ्रीका के 18 में एक की खराब तबीयत के बाद 17, दक्षिण अमेरिका के 17, उत्तरी अमेरिका के 16, मध्य अमेरिका के चार और ओसियनिया के चार कार्डिनल हैं।

# खेल जगत

## स्कॉलरशिप ने तीरंदाजी में आने के लिए किया प्रेरित : सरवेश

**भागलपुर।** बिहार में चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में तीरंदाजी अंडर-18 प्रतियोगिता में भाग ले रहे तमिलनाडु के स्मरण सरवेश ने कहा कि स्कॉलरशिप मिलने के बाद खेल में अधिक मन लगने लगा था। सरवेश ने भागलपुर सैंडिस कंपाउंड में चल रही खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में तीरंदाजी में पुरुषों के रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा फाइनल के प्रवेश कर लिया है और अब गुरुवार को वह अपने खिताबी मुकाबले में स्वर्ण पर निशाना साधने उतरेंगे। सरवेश की मां तमिलनाडु में सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस यानी के एसपी की पद पर कार्यरत हैं और अब उनका बेटा तीरंदाजी में स्वर्ण पर निशाना साधने के लिए तैयार हैं. फाइनल में गुरुवार को सरवेश का सामना महाराष्ट्र के उज्जवल भरत ओलेकर से होना है। तमिलनाडु के इस युवा खिलाड़ी ने स्कॉलरशिप को लेकर कहा कि मैं भी खेलो इंडिया के स्कीम का हिस्सा हूं।



## केकेआर के लिए सीएसके के खिलाफ करो या मरो का मुकाबला

**कोलकाता,** 6 मई (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 के 57वें मुकाबले में मेजबान कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का सामना प्रतियोगिता से बाहर हो चुकी चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से होगा जो केकेआर के लिए करो या मरो का मुकाबला होगा। केकेआर के फिलहाल 11 मैचों में पांच जीत और इतनी ही हार के साथ 11 अंक हैं और उन्हें अपनी संभावनाओं को बरकरार रखने के लिए बाकी बचे तीन मैचों में जीत हासिल करनी होगी और अन्य परिणामों पर भी निर्भर रहना होगा। वहीं सीएसके 11 मैचों में सिर्फ दो जीत के साथ अंक तालिका में सबसे अंतिम स्थान पर है और उनके लिए यह प्रयोग करने और साख बचाने की लड़ाई है।

दोनों टीमों के बीच अब तक हुए 30 मुकाबलों में 19 में सीएसके जबकि 11 में केकेआर को जीत मिली है। कोलकाता में हुए मुकाबलों में भी सीएसके भारी है और वहां हुए 10 मुकाबलों में उन्होंने छह मैच जीते हैं। हालांकि इस साल चेपॉक, चेन्नई में हुए दोनों टीमों के बीच पहले मुकाबले में केकेआर को जीत मिली थी, जिसका बदला लेने सीएसके की टीम उतरेगी।

**स्पिनर्स की लड़ाई**

केकेआर हो या सीएसके, दोनों टीमों में कुछ बेहतरीन स्पिनर हैं। जहां केकेआर में वरूण चक्रवर्ती, सुनील नारायण और मोईन अली जैसे विश्व स्तरीय स्पिनर्स हैं, जिन्होंने सीएसके को इसी सीजन में चेपॉक पर उनके सबसे न्यूनतम घरेलू स्कोर 103/9 पर बांध दिया था। वहीं सीएसके के पास भी नूर अहमद, रवींद्र जडेजा और आर अश्विन जैसे स्पिनर्स हैं। जहां केकेआर के स्पिनर्स ने इस सीजन सबसे अधिक 31 विकेट लिए हैं, वहीं सीएसके के भी स्पिनर्स 28 विकेटों के साथ उनसे अधिक पीछे नहीं हैं। हालांकि सीएसके के बल्लेबाजों ने स्पिनरों के खिलाफ इस साल सबसे अधिक 32 विकेट गंवाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट भी स्पिनरों के खिलाफ सिर्फ 124 रहा है।



### धोनी जल्दी आएं तो स्पिनर्स को लाओ

वैसे तो महेंद्र सिंह धोनी आजकल बहुत ही नीचे और पारी के अंत में बल्लेबाजी के लिए आते हैं, लेकिन जिस तरह से सीएसके की बल्लेबाजी चल रही है, उससे हो सकता है कि उन्हें बीच के ओवरों में ही बल्लेबाजी के लिए आना पड़ा। ऐसे में केकेआर के स्पिनर्स उन पर भारी पड़ सकते हैं। नारायण ने आईपीएल में धोनी को 16 में से सिर्फ दो पारियों में ही आउट किया है, लेकिन धोनी, नारायण पर सिर्फ 52 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। वहीं चक्रवर्ती ने धोनी को पांच में से तीन पारियों में आउट किया है और धोनी उन पर सिर्फ 63 के स्ट्राइक रेट और सिर्फ चार की औसत से रन बना पाते हैं। इसके अलावा आंद्रे रसेल ने भी धोनी को पांच में से दो पारियों में आउट किया है, जबकि धोनी उन पर 150 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं।

### रहाणे बनाम स्पिनर्स

वैसे तो केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने इस सीजन के आईपीएल में तीन अर्धशतकों के साथ अच्छा फॉर्म दिखाया है, लेकिन स्पिनर्स के सामने वह संघर्ष करते नजर आए हैं। तेज गेंदबाजों के खिलाफ उनका औसत 104.5 तो स्पिनर्स के खिलाफ सिर्फ 16.9 है। यह आईपीएल 2025 में कम से कम 50 स्पिन गेंद खेलने वाले किसी भी बल्लेबाज का तीसरा सबसे कम औसत है। इसके अलावा वे स्पिनर्स पर सिर्फ 115 के स्ट्राइक रेट से रन बना पा रहे हैं। रहाणे की पुरानी टीम सीएसके में भी जडेजा और अश्विन जैसे स्पिनर हैं, जो उनको परेशान कर सकते हैं। जडेजा ने रहाणे को आईपीएल में सिर्फ एक बार आउट किया है, लेकिन रहाणे, उन पर सिर्फ 96 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। इसके अलावा सीएसके के दूसरे स्पिनर आर अश्विन ने भी आईपीएल में रहाणे को 11 में से छह पारियों में आउट किया है, जबकि रहाणे उन पर सिर्फ 102 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं।

## नेतृत्व की मांगों को पूरा करना 'बहुत कठिन' हो रहा था : कोहली

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। भारत और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने कहा कि उन्होंने आठ साल से ज्यादा समय के बाद नेतृत्व की भूमिका से दूरी बना ली, क्योंकि उनके लिए इसकी मांगों को पूरा करना 'बहुत कठिन' हो रहा था। कोहली ने सबसे पहले 2008 में अंडर-19 भारतीय टीम को अंडर-19 विश्व कप में पहुंचाया और फिर अपनी फ्रेंचाइज के साथ-साथ भारत के लिए भी नेतृत्व की भूमिका निभाई। इस करिश्माई बल्लेबाज ने भारत के लिए नेतृत्व की भूमिका में असाधारण प्रदर्शन किया, लेकिन आरसीबी के लिए खिताब जीतने में विफल रहे। कोहली ने आरसीबी पॉडकास्ट - माइंडसेट ऑफ ए चैंपियन पर कहा कि एक समय ऐसा भी आया

■ कोहली ने सबसे पहले 2008 में अंडर-19 भारतीय टीम को अंडर-19 विश्व कप में पहुंचाया

जब मेरे लिए यह मुश्किल हो गया था क्योंकि मेरे करियर में बहुत कुछ हो रहा था।

मैं 7-8 साल तक भारत की कप्तानी कर रहा था। मैंने 9 साल तक आरसीबी की कप्तानी की। मेरे द्वारा खेले गए हर मैच में बल्लेबाजी के नजरिए से मुझसे उम्मीदें थीं। मुझे ऐसा नहीं लगा कि ध्यान मुझ पर नहीं है। उन्होंने कहा कि यह कप्तानी नहीं होती, तो यह बल्लेबाजी होती। मैं 24×7 इसके संपर्क में रहता था। यह मेरे लिए बहुत मुश्किल था और अंत में यह बहुत ज्यादा हो गया। इसलिए मैंने पद छोड़ दिया



आईपीएल 2025

क्योंकि मुझे लगा कि अगर मैंने तय कर लिया है कि मुझे इस स्थान पर रहना है, तो मुझे खुश रहने की जरूरत है। मुझे अपने जीवन में एक जगह चाहिए जहां मैं बिना जज किए, बिना यह देखे कि आप इस सीजन में क्या करने जा रहे हैं और अब क्या होने वाला है, अपना क्रिकेट खेल सकूं। 36 वर्षीय कोहली ने कहा कि टूर्नामेंट की शुरुआत से ही आरसीबी के साथ उनका जुड़ाव किसी भी ट्रॉफी से बढ़कर है। मेरे लिए, जो सबसे ज्यादा मूल्यवान है, वह है इतने सालों में (आरसीबी के साथ) बनाया गया रिश्ता और आपसी सम्मान। और मैं बस इतना ही कहना चाहता हूं कि हम जीतें या न जीतें, यह ठीक है। यह मेरा पल है। प्रशंसकों से मुझे जो प्यार मिला है, मुझे नहीं लगता कि कोई भी खिताब या कोई भी ट्रॉफी उसके करीब आ सकती है, क्योंकि लोगों के उस प्यार का असर आपको कुछ जीतने से बहुत अलग होता है और अगली सुबह सब कुछ खत्म हो जाता है। मुझे लगता है कि यह मेरे साथ जीवन भर रहेगा।

## डीसी कभी प्लेऑफ में जगह बनाने वाली पहली टीम लगती थी, लेकिन अब खतरे में : चावला

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय स्पिनर पीयूष चावला ने दिल्ली कैपिटल्स के फॉर्म में नाटकीय गिरावट पर टिप्पणी करते हुए कहा कि अक्षर पटेल की अगुआई वाली टीम, जो कभी प्लेऑफ की प्रबल दावेदार थी, के अब शीर्ष चार में जगह बनाने से चूकने का खतरा है हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में भारी बारिश के कारण सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ दिल्ली का मैच रद्द कर दिया गया। दोनों टीमों ने एक-एक अंक साझा किया। इस परिणाम के साथ, डीसी 11 मैचों में 13 अंकों के साथ 5वें स्थान पर है, जबकि एसआरएच 11 मैचों में 7 अंकों के साथ अंक तालिका में 8वें स्थान पर पहुंच गई। इससे इस सीजन में प्लेऑफ की दौड़ और भी आसान हो गई है। डीसी के पास अभी भी मुंबई इंडियंस, गुजरात टाइटन्स और पंजाब किंग्स के खिलाफ मच बचे हैं और अगर वे तीनों मैच जीतते हैं और 19 अंकों पर पहुंचते हैं, तो उनके पास शीर्ष दो में जगह बनाने का शानदार मौका होगा। चावला ने जियो हॉटस्टार पर कहा कि यह वास्तव में कठिन होने वाला है। अपने पिछले छह मैचों में, उन्होंने चार मैच गंवाए हैं। हालांकि, एसआरएच के खिलाफ डीसी के लिए मैच पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ था, लेकिन उनके द्वारा बनाए गए कुल स्कोर के आधार पर ऐसा लग रहा था कि यह एसआरएच की जीत की ओर बढ़ रहा है।

## शुभमन गिल के साथ खेलना मेरे क्रिकेट कॅरियर के लिए काफी महत्वपूर्ण रहा है : साई सुदर्शन

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन ने माना है कि जीटी के कप्तान शुभमन गिल के साथ बीते 3 वर्ष उनके लिए खास रहे। उन्होंने ये भी कहा कि गिल के साथ खेलते हुए उनके खेल में निखार आया। आईपीएल 2025 में सुदर्शन शानदार लय में नजर आए हैं। इस सीजन में उन्होंने 10 मैचों में 504 रन बनाए, उनके बल्ले से पांच अर्धशतक भी निकले। अपनी बल्लेबाजी के दम पर जीटी प्लेऑफ की रेस में काफी आगे चल रही है। सुदर्शन ने जियो हॉटस्टार के 'जेन बोल्ड' पर कहा कि बीते तीन वर्षों में मुझे कभी भी बल्लेबाजी के दौरान कोई परेशानी हुई तो मैंने हमेशा गिल से बातचीत की। वह बहुत अच्छे कप्तान हैं और मुझे लगता है कि वह समझते हैं कि खिलाड़ी को क्या चाहिए। वह ऐसे खिलाड़ी हैं जो मुश्किलों का सामना कर रहे खिलाड़ियों को मौका देते हैं। हमने मैदान पर भी बहुत अच्छा वक्त बिताया। उम्मीद है कि हम इस सीजन में भी प्यारी यादें बनाएंगे। ऑरेंज कैप को लेकर उन्होंने कहा कि देखिए, यह एक प्रक्रिया है, जब आप रन बनाते हैं तो आप ऊपर की ओर जाते हैं। मैं समझता हूं मेरा ध्यान ऑरेंज कैप पर नहीं, बल्कि मेरा ध्यान अपनी टीम के लिए अहम योगदान देने पर केंद्रित है। अगर आप अपनी टीम को जीत दिलाने के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो यह सबसे महत्वपूर्ण बात है। अगर आप ऑरेंज कैप के बारे में सोचते हैं, तो मुझे लगता है कि आपकी क्षमता कम हो जाती है। आप खुद को थोड़ा और सीमित कर लेते हैं क्योंकि व्यक्तिगत प्राथमिकताएं टीम की प्राथमिकताओं से आगे आ जाती हैं। साई सुदर्शन ने कहा कि मेरे ऊपर फ्रैंचाइजी ने जिस प्रकार से भरोसा दिखाया है, मैं उनका धन्यवाद करना चाहता हूं। आशीष नेहरा और सभी सहयोगी कर्मचारियों और टीम का धन्यवाद।



■ सुदर्शन ने इस सीजन के 10 मैचों में 504 रन बनाए, उनके बल्ले से पांच अर्द्धशतक भी निकले

## गुजरात में खेल महाकुंभ 3. एथलेटिक्स में चमके 63 खिलाड़ी

**नडियाद,** 06 मई (एजेंसियां)। गुजरात में खेडा जिले के नडियाद में आयोजित खेल महाकुंभ 3.0 राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 6300 से अधिक खिलाड़ी चमके हैं। इससे गुजरात को प्रतिभाशाली खिलाड़ी मिले हैं।

सरकारी सूत्रों के मंगलवार को बताए अनुसार पिछले दो दशकों में गुजरात के युवा खेल-कूद क्षेत्र में राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं और स्पोर्ट्स को प्रोफेशन बना रहे हैं, जिसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी विजन को जाता है। वर्ष 2010 में गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने खेल महाकुंभ की नूतन पहल की थी, जिसके कारण राज्य के खिलाड़ियों में नया उत्साह आया है और दूर-सुदूरवर्ती क्षेत्रों से खेल प्रतिभाएँ उभर कर सामने आ रही हैं।

इस पहल के कारण सरिता गायकवाड, मुरली गावित जैसे खिलाड़ी गुजरात को मिले हैं और इन खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष सात मई को विश्व एथलेटिक्स दिवस मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं में



फिटनेस के महत्व के विषय में जागरूकता लाना तथा उन्हें खेलों; विशेषकर एथलेटिक्स में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। गुजरात में खेल महाकुंभ पहल अंतर्गत आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता भी इस विजन को साकार करती है। खेल महाकुंभ 3.0 राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 6300 से अधिक खिलाड़ियों ने लिया हिस्साः हाल ही में गत 14 अप्रैल से 30 अप्रैल के दौरान खेडा जिला मुख्यालय नडियाद में खेल महाकुंभ 3.0 राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य के लगभग 6369 खिलाड़ियों ने भाग लिया। राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा हाई परफॉर्मेंस सेंटर में इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का सुचारु

■ हर वर्ष सात मई को विश्व एथलेटिक्स दिवस मनाया जाता है

■ पिछले दो दशकों में गुजरात के युवा खेल-कूद क्षेत्र में राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं

आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों में अंडर-9, अंडर-11, अंडर-14, अंडर-17 तथा ओपन एज ग्रुप के कुल 3251 पुरुष तथा 3118 महिला खिलाड़ी शामिल थे। खेल महाकुंभ की राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 30 मीटर से लेकर 5000 मीटर दौड़, 80 मीटर हर्डल्स, 100 मीटर हर्डल्स, 110 मीटर हर्डल्स, 400 मीटर हर्डल्स, लंबी कूद, ऊँची कूद, बाँस कूद (बांबू जंप), हॉप स्टेप एंड जंप (तिहरी कूद), गोला फेंक, चक्र फेंक, भाला फेंक, हैमर थ्रो, रिले, जलद चाल (रेस वॉकिंग) जैसी इवेंटों का आयोजन किया गया। खेल महाकुंभ 3.0 राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में इन खेलों में विजेता रहे खिलाड़ियों को मेडल तथा ट्रैकसूट प्रदान किए गए।

## सार संक्षेप

### वेस्टइंडीज वनडे सीरीज के लिए टीम घोषित की, हेटमायर बाहर

**सेंट जॉन्स (एंटीगुआ)।** वेस्टइंडीज ने आयरलैंड और इंग्लैंड के आगामी वनडे दौरे के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। यह दौरा इस महीने के आखिर में शुरू होगा। कैरेबियाई टीम इस महीने के आखिर में यूरोप का दौरा करेगी, जहां उसे 21-25 मई तक आयरलैंड के खिलाफ तीन मैच और 29 मई से 3 जून तक इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैच खेलने हैं। इस तरह से कुल छह वनडे मैच खेले जाएंगे। वेस्टइंडीज ने शाई होप को एक बार फिर कप्तान बनाया है, जबकि ब्रेंडन किंग, एविन लुईस और कीसी कार्टी जैसे शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के अलावा पिछले साल आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले किशोर खिलाड़ी ज्वेल एंड्रयू भी टीम में शामिल हैं। इस बीच, बाएं हाथ के बल्लेबाज शिमरॉन हेटमायर इस दौरे से नदारद हैं, क्योंकि वह इंडियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेल रहे हैं। टीम में ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं, जो 224 के अंत में इंग्लैंड और बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज में जीत के दौरान सफल रहे थे।

### प्राची ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स निशानेबाजी में जीता स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 225 के दूसरे दिन मंगलवार को महाराष्ट्र की प्राची ससिकांत गायकवाड ने 5 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (युवा महिला वर्ग) में स्वर्ण पदक जीता। आज यहां दिल्ली स्थित कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में महिला वर्ग की निशानेबाजी स्पर्धा में प्राची ने 458.4 अंक के साथ स्वर्ण पदक, कर्नाटक की तिलोत्तमा ने 455.6 अंकों के साथ रजत और अनुष्का ने 445.7 अंकों के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। स्पर्धा के बाद प्राची ने कहा कि यह मेरा खेलो इंडिया में दूसरा मौका है। पिछले साल चेन्नई में कांस्य जीता था, इस बार स्वर्ण पदक जीतकर बहुत गर्व महसूस हो रहा है। मैं खेलो इंडिया के मान्यता प्राप्त केंद्रों को धन्यवाद देना चाहूंगी, जहां मुझे सही संसाधन और प्रशिक्षण मिला। स्वप्निल सर मेरे आदर्श हैं और उनकी ट्रेनिंग को फॉलो करती हूं। वो अगली पीढ़ी के शूटर्स को तैयार करने के लिए जाने जाते हैं। महाराष्ट्र की खेलों में गौरवशाली परंपरा है और मैं राज्य का प्रतिनिधित्व करके गर्व महसूस करती हूं।


## क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बेटे को पुर्तगाल अंडर-15 टीम में पहली बार शामिल किया गया

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। फुटबॉल इतिहास में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो के सबसे बड़े बेटे क्रिस्टियानो डॉस सैंटोस को पुर्तगाल अंडर-15 टीम में पहली बार शामिल किया गया है। 14 वर्षीय यह खिलाड़ी अपने पिता की तरह सऊदी अरब में अल-नासर (जूनियर टीम) के लिए खेलता है। रोनाल्डो ने अपने बेटे को उनके नक्शेकदम पर चलने के लिए बधाई देने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। रोनाल्डो की इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा है, ऑर्गुल्हो एम ती फिल्हो! (तुम पर गर्व है, बेटा!)। अंडर-15 पुर्तगाल राष्ट्रीय टीम 13 से 18 मई के बीच क्रोएशिया में व्लात्को मार्कोविक अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट के सातवें संस्करण में भाग लेने की तैयारी कर रही है। पुर्तगाली टीम चार मैच खेलेगी, पहले तीन मैच जापान (13 मई), ग्रीस (14 मई) और इंग्लैंड (16 मई) के खिलाफ होंगे। चौथा और अंतिम मैच 18 मई को होगा, जिसमें प्रतिद्वंद्वी का फैसला होना बाकी है।



## म्हात्रे, रघुवंशी, कोटियन समेत 28 खिलाड़ियों की नीलामी होगी आज

**मुंबई,** 6 मई (एजेंसियां)। भारत के प्रमुख फ्रेंचाइजी-आधारित घरेलू टी20 टूर्नामेंटों में से एक टी20 मुंबई लीग के तीसरे सीजन की रोमांचक नीलामी बुधवार को मुंबई में होगी। आठ टीमों वाली यह लीग 26 मई से 8 जून तक वानखेड़े स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। इसमें कुछ सबसे चमकीले उभरते सितारे शामिल हैं, जिनमें 17 वर्षीय आयुष म्हात्रे शामिल हैं, जिन्होंने मौजूदा आईपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन करके धूम मचाई है, अंगकृष रघुवंशी, तनुश कोटियन और मुशीर खान जैसे खिलाड़ी शामिल हैं, क्योंकि खिलाड़ियों के समूह में उभरती प्रतिभाओं और अनुभवी खिलाड़ियों का एक उल्लेखनीय मिश्रण है। पूल में सिद्धेश लाड और शम्स मुलानी जैसे खिलाड़ी भी



■ म्हात्रे ने आईपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन करके धूम मचाई है

शामिल हैं, जो घरेलू सर्किट में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। नीलामी में कड़ी प्रतिस्पर्धा और रणनीतिक बोली की उम्मीद है, क्योंकि टीमें अपने आदर्श संयोजनों को इकट्ठा करने का लक्ष्य रखती हैं। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अभय हडप ने कहा कि यह रोमांचक खिलाड़ी पूल मुंबई क्रिकेट की



प्रतिभा की गहराई और गुणवत्ता को दर्शाता है। इसमें उभरते सितारों और स्थापित नामों का एक उल्लेखनीय मिश्रण है, जो फ्रेंचाइजियों को प्रतिस्पर्धी टीमों का निर्माण करने के लिए शानदार विकल्प देता है। जैसा कि हमारा लक्ष्य भारतीय क्रिकेट सुपरस्टार की अगली पीढ़ी को उजागर करना और बढ़ावा देना है, नीलामी एक गेम-चेंजर होगी - न केवल टीमों के लिए, बल्कि उन खिलाड़ियों के लिए जो इस भव्य मंच पर अपनी छाप छोड़ने के लिए उत्सुक हैं। टी20 मुंबई लीग घरेलू



टी20 क्रिकेट में एक नया मानदंड स्थापित करेगी। टीमों ने पहले ही अपने-अपने दल में आइकन खिलाड़ियों को शामिल कर लिया है, जिसमें सूर्यकुमार यादव (ट्रायम्फ नाइट्स मुंबई नॉर्थ ईस्ट), अजिंक्य रहाणे (बांद्रा ब्लास्टर्स), श्रेयस अय्यर (सोबो मुंबई फाल्कन्स), पृथ्वी शॉ (नॉर्थ मुंबई पैंथर्स), शिवम दुबे (एआरसीएस अंधेरी), शार्दुल ठाकुर (ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स), सरफराज खान और तुषार देशपांडे (मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स) शामिल हैं।

## इस साल हैदराबाद की परिस्थितियां हमारी उम्मीदों के मुताबिक नहीं थीं : विटोरी

**हैदराबाद,** 6 मई (एजेंसियां)। सनराइर्स हैदराबाद (एसआरएच) के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने आईपीएल 2025 प्लेऑफ रेस से बाहर होने के बाद स्पष्ट किया है कि उनकी टीम की बल्लेबाजी शैली स्वाभाविक रूप से आक्रामक नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि हैदराबाद की परिस्थितियां उनकी उम्मीदों के मुताबिक नहीं थीं और बल्लेबाजों के लिए चुनौतीपूर्ण रहीं।

विटोरी ने कहा कि मैंने निश्चित रूप से यह नहीं कहा था कि मैं आक्रामक अप्रोच का समर्थन कर रहा हूं। मैंने कहा था कि हम परिस्थितियों का मूल्यांकन करते हैं और इस साल हालात वैसे नहीं थे, जैसे हमने उम्मीद की थी। अगर आप पिछले साल देखें तो यहां कई हाई-स्कोरिंग मुकाबले हुए थे। उन्होंने कहा कि इस बार की पिचें थोड़ी अलग रही हैं।

## मनराज, मानसी, रघु क्वालीफिकेशन के दूसरे दौर में हारे

■ मनराज ने शुरुआत में ही नियंत्रण बना लिया था और पहला गेम 21-9 से जीत लिया

**ताइपे,** 6 मई (एजेंसियां)। भारत के युवा बैडमिंटन दल ने मंगलवार को ताइपे ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में निराशाजनक प्रदर्शन किया, क्योंकि कोई भी एकल खिलाड़ी क्वालीफिकेशन दौर से आगे बढ़कर मुख्य ड्रॉ में जगह नहीं बना पाया।

आशाओं की झलक दिखाने के बावजूद, पुरुष और महिला एकल दोनों में भारतीय चुनौती क्वालीफायर के दूसरे दौर में समाप्त हो गई। मनराज सिंह, रघु मारिस्वामी और मानसी सिंह, जिन्होंने अपने अभियान की शुरुआत जोशपूर्ण शुरुआती दौर की जीत के साथ की, अपने-अपने अगले मैचों में पिछड़ गए। मनराज सिंह, रघु मारिस्वामी और मानसी सिंह ने शुरुआती दौर की जीत के साथ एकल क्वालीफिकेशन में उम्मीदें जगाईं, लेकिन अपने-अपने दूसरे दौर के मैचों में पिछड़ गए। मनराज सिंह का दूसरे दौर का मुकाबला मलेशिया के टैन जिया जी से हुआ, जो सबसे करीबी नतीजों में से एक था। मनराज ने शुरुआत में ही नियंत्रण बना लिया था और पहला गेम 21-9 से जीत लिया। हालांकि, वह एक कड़े मुकाबले में अपनी लय खो बैठे और अंत में 21-9, 19-21, 20-22 से हार गए। रघु मारिस्वामी, जिन्होंने दिन की शुरुआत मकाऊ के पुई पैंग फोंग (14-21, 21-16, 21-14) पर जोरदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की थी, उस लय को आगे नहीं बढ़ा पाए। रैलियों में बने रहने के शानदार प्रयास के बावजूद वह इंडोनेशिया के मोह जकी उबैदिल्लाह से सीधे गेम में 16-21, 17-21 से हार गए। महिला एकल में, मानसी सिंह ने अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की और चीनी ताइपे की त्साई ह्सिन-पेई को तीन गेम के कड़े मुकाबले (22-20, 14-21, 21-17) में हराया। लेकिन दूसरे राउंड में उनकी उम्मीदें धराशायी हो गईं, जहां उन्हें थाईलैंड की उभरती हुई स्टार पिचामोन ओपटनीपुथ ने एकतरफा मुकाबले में 17-21, 10-21 से हरा दिया। भारत की मुश्किलें यहीं खत्म नहीं हुईं। आर्यमन टंडन, जिन्होंने पहले गेम में मलेशिया के कोक जिंग होंग को (27-25) संघर्ष कराया था, अगले दो गेम में 27-25, 10-21, 8-21 से हार गए।



ताइपे ओपन

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.482 |
| 2- | पंजाब किंग्स | 11 | 7 | 3 | 15 | +0.376 |
| 3- | मुंबई इंडियंस | 11 | 7 | 4 | 14 | +1.274 |
| 4- | गुजरात टाइटंस | 10 | 7 | 3 | 14 | +0.867 |
| 5- | दिल्ली कैपिटल | 10 | 6 | 4 | 13 | +0. 362 |
| 6- | कोलकाता नाइट राइडर | 11 | 5 | 5 | 11 | +0.249 |
| 7- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 10 | 5 | 5 | 10 | -0.469 |
| 8- | सनराइजर्स हैदराबाद | 10 | 3 | 7 | 6 | -1.192 |
| 9- | राजस्थान रॉयल्स | 12 | 3 | 9 | 7 | -0.718 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 11 | 2 | 9 | 4 | -1.117 |

# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 1.66 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.62 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.59 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.28 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 1.06 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इटरनल | 3.08 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.09 प्रतिशत |
| एसबीआई | 2.01 प्रतिशत |
| अडानी पोर्ट्स | 1.96 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.95 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 98,460 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 96,900 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.49 | 89.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.06 | 119.50 |
| यूरो | 87.85 | 101.89 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.4 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5850-5950 |
| दाल चना | 6850-6950 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

# जापान की एसएमबीसी के साथ हिस्सेदारी बेचने की तैयारी : येस बैंक

**मुंबई,** 6 मई (एजेंसियां)। प्राइवेट सेक्टर के ऋणदाता येस बैंक ने मंगलवार को कहा कि जापान की सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्प (एसएमबीसी) के साथ हिस्सेदारी बिक्री के लिए बातचीत फिलहाल प्रारंभिक चरण में है। येस बैंक ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि ऐसी चर्चाएं प्रारंभिक चरण में हैं और सेबी (लिस्टिंग ऑब्लिगेशन्स एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) रेगुलेशन, 2015 के विनियमन 30 के तहत इस चरण में डिस्क्लोजर की आवश्यकता नहीं है।

मुंबई मुख्यालय वाले निजी क्षेत्र के बैंक ने यह भी कहा कि वह नियमित रूप से शेयरधारक मूल्य बढ़ाने के उद्देश्य से अवसरों की खोज करता है। येस बैंक का बयान मीडिया रिपोर्ट्स के जवाब में आया कि वह एसएमबीसी को महत्वपूर्ण हिस्सेदारी बेचने के लिए बातचीत कर रहा है, जो महीनों की बातचीत के बाद अंतिम चरण में पहुंच गई है। इस कदम से सेबी के दिशानिर्देशों के अनुसार, येस बैंक में अतिरिक्त 26 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए एक खुली पेशकश शुरू होने की उम्मीद है। मंगलवार को सुबह के कारोबार में यस बैंक के शेयर में 8 प्रतिशत से अधिक की उछाल आया, क्योंकि ऐसी खबरें आई थीं कि हिस्सेदारी बिकने वाली है। हालांकि, बाद में शेयर की कीमत 1.5 प्रतिशत बढ़कर बंद होने के साथ ही अधिकांश लाभ समाप्त हो गया। सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एसबीआई एसएमबीसी को 20 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने में रुचि रखती है। एसबीआई की येस बैंक में 23.97 प्रतिशत हिस्सेदारी है। एसबीआई उन बैंकों के संघ का हिस्सा था, जिन्होंने 2020 में येस बैंक को बचाने के लिए हिस्सेदारी खरीदी थी, जब यह पतन के कगार पर था।




■ येस बैंक में अतिरिक्त 26 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए एक खुली पेशकश शुरू होने की उम्मीद

यह कदम आरबीआई द्वारा उठाया गया था, जिसने प्रमोटर से जुड़े वित्तीय घोटाले के मद्देनजर नकदी संकट के बाद येस बैंक का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया था।

एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और एचडीएफसी बैंक जैसे दूसरे बैंकों से भी येस बैंक से बाहर निकलने के हिस्से के रूप में अपने कुछ शेयर एसएमबीसी को बेचने की उम्मीद है।

येस बैंक ने 31 मार्च 2025 को समाप्त चौथी तिमाही में सालाना आधार पर शुद्ध लाभ में 63.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो बढ़कर 738.1 करोड़ रुपए हो गया। यह पिछले साल की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 451.9 करोड़ रुपए रहा।

## भारत के सर्विस सेक्टर में अप्रैल में गतिविधियां बढ़ी

**नई दिल्ली।** भारत के सर्विस सेक्टर का परचेसिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) अप्रैल में बढ़कर 58.7 हो गया है, जो कि मार्च में 58.5 पर था। एचएसबीसी की रिपोर्ट में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। जब भी पीएमआई 50 के ऊपर होता है तो यह बढ़त को दर्शाता है। वहीं, 50 से नीचे का स्तर गिरावट का संकेत है। एचएसबीसी इंडिया की ओर से बताया गया कि नए बिजनेस ऑर्डर के चलते सर्विसेज सेक्टर में सुधार हुआ है।

■ कंपोजिट पीएमआई आठ महीने के उच्चतम स्तर पर

सर्वेक्षण में भाग लेने वाली कई कंपनियों ने बताया कि बाजार में मांग मजबूत बनी हुई है। फाइनेंस और इंश्योरेंस सेक्टर ने वृद्धि को लीड किया और आउटपुट एवं नए ऑर्डर दोनों में बढ़त दर्ज की गई है। सर्वेक्षण के मुताबिक, मार्च में आंशिक रूप से धीमापन आने के बाद निर्यात में रिकवरी देखने को मिली है। एशिया, यूरोप, पश्चिम एशिया और यूनाइटेड स्टेट्स से नए निर्यात ऑर्डर जुलाई 2024 के बाद सबसे तेजी से बढ़े हैं।

## यूपीआई क्यूआर कोड की संख्या बढ़कर 65.79 करोड़ हुई : आरबीआई

**मुंबई,** 6 मई (एजेंसियां)। देश में यूपीआई क्यूआर कोड की संख्या वित्त वर्ष 2024-25 में सालाना आधार पर 91.5 प्रतिशत बढ़कर 65.79 करोड़ हो गई है। यह जानकारी आरबीआई की ओर से दी गई। केंद्रीय बैंक के मुताबिक, यूपीआई क्यूआर कोड में वृद्धि के कारण क्रेडिट कार्ड लेनदेन की वृद्धि दर कम होकर 7.94 प्रतिशत रह गई है। डेबिट कार्ड की संख्या सालाना आधार पर 2.7 प्रतिशत बढ़कर 99 करोड़ पर पहुंच गई है। गूगल पे, पेटीएम और फोनपे जैसे प्लेटफार्मों की बढ़ती पहुंच के साथ यूपीआई क्यूआर कोड की संख्या में तेज वृद्धि हो रही है। बैंक अधिकारियों ने बताया कि यूपीआई नेटवर्क पर लाइव बैंकों की संख्या अप्रैल में 668 हो गई है। इससे लेनदेन की वैल्यू में भी वृद्धि होने की उम्मीद है। बीते महीने यूपीआई के जरिए होने वाले लेनदेन की संख्या सालाना आधार पर 34 प्रतिशत बढ़कर 17.89 अरब पर पहुंच गई है। साथ ही लेनदेन की वैल्यू सालाना आधार पर 22 प्रतिशत बढ़कर 23.95 लाख करोड़ रुपए हो गई है।



■ गूगल पे, पेटीएम व फोनपे के साथ यूपीआई क्यूआर कोड की संख्या में हो रही तेज वृद्धि

आरबीआई की वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में डिजिटल भुगतान के लिए सबसे ज्यादा यूपीआई का इस्तेमाल किया जाता है। हर पांच में चार डिजिटल लेनदेन यूपीआई के माध्यम से किए जा रहे हैं।

देश के डिजिटल पेमेंट्स में यूपीआई की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 24 में बढ़कर 79.7 प्रतिशत की हो गई, जो कि वित्त वर्ष 23 में 73.4 प्रतिशत थी। आरबीआई विभिन्न पहलों के माध्यम से डिजिटल भुगतान को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है, जिसमें हर भुगतान डिजिटल अभियान भी शामिल है, जिसका उद्देश्य भारत में हर व्यक्ति को डिजिटल भुगतान के बारे में जागरूक करना है।

## 2025 की पहली तिमाही में नौकरियों के आवेदन में 30 प्रतिशत उछाल

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। भारत का वर्कफोर्स परिदृश्य 2025 में एक मजबूत शुरुआत कर रहा है। जॉब मार्केट ने इस वर्ष की पहली तिमाही में नौकरियों के आवेदन को लेकर सालाना आधार पर 30 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। 1.81 करोड़ जॉब एप्लीकेशन के साथ यह वृद्धि महिलाओं और फ्रेशर्स की तेजी से बढ़ती भागीदारी की वजह से दर्ज की गई। यह जानकारी मंगलवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में दी गई। जॉब प्लेटफॉर्म 'अपना' की 'इंडिया एट वर्क-क्वाटर-1 2025 रिपोर्ट' के अनुसार, इस साल की पहली तिमाही में महिलाओं ने 62 लाख जॉब एप्लीकेशन सबमिट किए, जो कि पिछले वर्ष की समान अवधि से 23 प्रतिशत अधिक है।




■ महिलाओं व फ्रेशर्स की भागीदारी बढ़ी

महिलाओं के जॉब एप्लीकेशन को लेकर यह वृद्धि बीपीओ, फाइनेंस, एचआर और एजुकेशन जैसे सेक्टर में फ्लेक्सिबल वर्क ऑप्शन और जेंडर-इंक्लूसिव हायरिंग की वजह से दर्ज की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, चंडीगढ़, इंदौर और जमशेदपुर जैसे शहरों में महिलाओं के एप्लीकेशन दोगुने से अधिक हो गए, जो प्रमुख महानगरों की वृद्धि दर से अधिक है।

## जीईएम से सरकारी खरीद में हुआ सुधार, पारदर्शिता व दक्षता बढ़ी

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। सरकार ने गवर्नमेंट-ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) के माध्यम से सार्वजनिक खरीद प्रणाली में प्रमुख सुधारों पर जोर दिया है, जिसमें दक्षता, पारदर्शिता और ग्रोथ में सुधार के लिए मजबूत कार्टेल विरोधी सुरक्षा उपाय और विशेषज्ञों का हस्तक्षेप शामिल हैं। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जीईएम के प्रमुख अधिकारियों और पक्षकारों के साथ बैठक करते हुए इस मंच पर खरीदारों और विक्रेताओं दोनों को सशक्त बनाने पर जोर दिया।

केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि खरीद को बढ़ाने, राज्यवार विस्तार में तेजी लाने, लचीले भुगतान और समावेशी ऋण तक पहुंच की सुविधा पर केंद्रित एक




दूरदर्शी रोडमैप की रूपरेखा तैयार की गई, जिसका उद्देश्य प्लेटफॉर्म पर खरीदारों और विक्रेताओं दोनों को सशक्त बनाना है। गोयल ने आगे कहा कि बैठक में एंटी-कार्टेल सुरक्षा उपायों, अधिक यूजर-फ्रेंडली इंटरफेस और सार्वजनिक खरीद इकोसिस्टम में दक्षता, पारदर्शिता और विकास को और बेहतर बनाने के लिए विशेषज्ञ के हस्तक्षेप सहित प्रमुख सुधारों के कार्यान्वयन पर चर्चा की।

2016 में शुरू हुआ जीईएम सरकारी खरीदारों को किफायती दरों पर सार्वजनिक खरीद करने के लिए एक एंड-टू-एंड डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रदान करता है।

**डिजिटल खरीद प्लेटफॉर्म जीईएम ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में सरकारी संगठनों को दस लाख से अधिक मैनपावर की भर्ती की सुविधा प्रदान की है : वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत**

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने पिछले महीने कहा कि डिजिटल खरीद प्लेटफॉर्म जीईएम ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में सरकारी संगठनों को दस लाख से अधिक मैनपावर की भर्ती की सुविधा प्रदान की है।

# टैरिफ के संभावित प्रभावों की चिंता से गिरा बाजार

■ सेंसेक्स 155.77 अंक का गोता लगाकर 80,641.07 पर रहा


■ निफ्टी 81.55 अंक की गिरावट लेकर 24379.60 पर बंद

**मुंबई,** 6 मई (एजेंसियां)। टैरिफ और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर उसके संभावित प्रभावों को लेकर बढ़ती चिंताओं से वैश्विक बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर रियल्टी, इंडस्ट्रियल्स, यूटिलिटीज, तेल एवं गैस और सर्विसेज समेत 19 समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 155.77 अंक का गोता लगाकर 80,641.07 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 81.55 अंक की गिरावट लेकर 24379.60 अंक पर आ गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में अधिक बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 2.16 प्रतिशत लुढ़ककर 42,391.76 अंक और स्मॉलकैप 2.33 प्रतिशत टूटकर 46,834.91 अंक रह गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4072 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3167 में गिरावट जबकि 779 में तेजी रही वहीं 126 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2946 कंपनियों में से 2331 में बिकवाली जबकि 545 में लिवाली हुई वहीं 70 के भाव यथावत रहे।

बीएसई के 19 समूहों का रुझान नकारात्मक रहा।




इससे रियल्टी 3.49, पावर 2.64, सर्विसेज 2.53, यूटिलिटीज 2.36, तेल एवं गैस 2.09, कमोडिटीज 0.95, सीडी 1.38, ऊर्जा 1.79, एफएमसीजी 0.26, वित्तीय सेवाएं 1.31, हेल्थकेयर 0.87, इंडस्ट्रियल्स 2.00, आईटी 0.51, दूरसंचार 0.68, बैंकिंग 0.94, कैपिटल गुड्स 1.71, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.59, धातु 0.63 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.32 प्रतिशत लुढ़क गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.26 और जर्मनी का डैक्स 1.60 प्रतिशत टूट गया जबकि जापान का निक्केई 1.04, हांगकांग का हैंगसेंग 0.70 और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.13 प्रतिशत उछल गया।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 110 अंक की बढ़ोतरी लेकर 80,907.24 अंक पर खुला और लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 80,981.58 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 80,481.03 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 80,796.84 अंक के मुकाबले 0.19 प्रतिशत उतरकर 80,641.07 अंक रह गया।

इसी तरह निफ्टी भी 40 अंक बढ़कर 24,500.75 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,509.65 अंक के उच्चतम जबकि 24,331.80 अंक निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,461.15 अंक की तुलना में 0.33 प्रतिशत टूटकर 24,379.60 अंक पर रहा।इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में इटरनल 3.08, टाटा मोटर्स 2.09, एसबीआई 2.01, अदानी पोर्ट्स 1.96, एनटीपीसी 1.95, इंडसइंड बैंक 1.78, बजाज फाइनेंस 1.52, एक्सिस बैंक 1.06, सन फार्मा 0.89, एशियन पेंट 0.79, टाइटन 0.77, रिलायंस 0.74, कोटक बैंक 0.54, आईटीसी 0.33, एचडीएफसी बैंक 0.29, पावरग्रिड 0.28, टेक महिंद्रा 0.13, एलटी 0.10 और अल्ट्रासिम्को 0.06 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, भारती एयरटेल 1.66, टाटा स्टील 1.62, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.59, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.28, नेस्ले इंडिया 1.06, मारुति 0.65, एचसीएल टेक 0.64, इंफ़ोसिस 0.24, टीसीएस 0.11, बजाज फिनसर्व 0.07 और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 0.05 प्रतिशत लाभ में रहे।

## डिजिटलीकरण के पूर्ण लाभ के लिए डिजिटल अंतर को कम करने की जरूरत

**इटली,** 6 मई (एजेंसियां)। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) की एक नई रिपोर्ट के अनुसार डिजिटलीकरण एशिया और प्रशांत क्षेत्र में लगातार आर्थिक असमानता को कम करने में मदद करने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण हो सकता है लेकिन इसकी क्षमता का दोहन करने के लिए, सरकारों को बुनियादी ढांचे, पहुंच और कौशल में अंतर सहित 'डिजिटल अंतर' को कम करने की आवश्यकता है।



हालांकि विकासशील एशिया और प्रशांत क्षेत्र ने हाल के दशकों में डिजिटल विकास में अन्य क्षेत्रों को पीछे छोड़ दिया है, लेकिन लाभ समान रूप से साझा नहीं किए गए हैं। एशियाई विकास नीति रिपोर्ट 2025 हार्नेसिंग डिजिटल ट्रांसफ़ॉर्मेशन फ़ॉर गुड के अनुसार, पूरे क्षेत्र में इंटरनेट का उपयोग करने वाले निवासियों का प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहरी क्षेत्रों में 13 प्रतिशत अधिक है। शहरी क्षेत्रों में मोबाइल इंटरनेट डाउनलोड की गति भी ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में 38 प्रतिशत अधिक है। पिछले अध्ययनों में यह भी पाया गया है कि एशिया और प्रशांत क्षेत्र की कई विकासशील अर्थव्यवस्थाएं डिजिटल समावेशन के मामले में पिछड़ी हुई हैं और उनमें आम तौर पर डिजिटल कौशल का स्तर कम है। रिपोर्ट के अनुसार तेज़ विकास और वृद्धि के बावजूद, इस क्षेत्र में आर्थिक असमानता बनी हुई है।

## सार संक्षेप

### प्रेस्टीज ग्रुप का एनसीआर के रिहायशी बाजार में दस्तक

**नई दिल्ली।** रियल्टी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी प्रेस्टीज ग्रुप ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के रिहायशी बाजार में आधिकारिक रूप से प्रवेश करते हुए 'द प्रेस्टीज सिटी इंदिरापुरम एक्स' लांच करने की घोषणा की जो एक किफायती लक्जरी परियोजना होगी। कंपनी ने कहा कि अब तक तीन हजार करोड़ मूल्य के 12̀ से अधिक बुकिंग हो चुकी है। कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक इरफान रजाक ने कहा कि के पहले चरण में ओकवुड और मलबेरी का शुभारंभ किया गया है। सभी आवश्यक अनुमतियां प्राप्त करने के बाद, प्रेस्टीज ग्रुप ने ओकवुड और मलबेरी चरणों का विपणन शुरू कर दिया है, जिनकी कुल सकल विकास मूल्यांकन (जीडीवी) 9̀ करोड़ से अधिक है जिससे यह एनसीआर के रियल एस्टेट इतिहास की सबसे बड़ी शुरुआतों में से एक बन गई है। आगामी मेडफ्लावर चरण के लांच के साथ, इस सम्पूर्ण आवासीय विकास की कुल जीडीवी 12̀ करोड़ तक पहुंच जाएगी। ओकवुड और मलबेरी में कुल 19 टावर में 3,421 प्रीमियम आवास हैं, जिनमें 2 बीएचके, 3 बीएचके, 3 बीएचके के साथ होम ऑफिस और 4 बीएचके के साथ होम ऑफिस विकल्प उपलब्ध हैं।

### भारत में 2̀32 तक 123 मिलियन ईवी होने का अनुमान

**नई दिल्ली।** भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की संख्या में तेजी से वृद्धि होने जा रही है। देश की सड़कों पर 2̀32 तक 123 मिलियन ईवी होने का अनुमान है। यह जानकारी मंगलवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में दी गई। इंडिया एनर्जी स्टोरेज अलायंस (आईईएसए) और कस्टमाइज्ड एनर्जी सॉल्यूशन (सीईएस) की एक रिपोर्ट के अनुसार, सस्टेनेबल विकास और 2̀7 तक नेट शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने के लिए ईवी को अपनाने की जरूरत है। ईवी को अपनाया जाना भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर सकता है और साथ ही 2̀3 तक 3 प्रतिशत ईवी पेनिट्रेशन के लक्ष्य को प्राप्त करने में मददगार होगा। रिपोर्ट का अनुमान है कि भारत की संचयी ऑन-रोड लिथियम-आयन इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) लगभग बारह गुना बढ़ गए हैं।

### भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** मूडीज रेटिंग्स ने मंगलवार को 2̀25 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है और उम्मीद जताई है कि 2̀26 में देश की अर्थव्यवस्था में तेजी आएगी और यह 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज करेगी। मूडीज का पूर्वानुमान आईएमएफ के दृष्टिकोण के अनुरूप है, जो भारत को 2̀25 में 6 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर दर्ज करने वाली दुनिया की एकमात्र प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में देखता है। मूडीज ने अपने ग्लोबल मैक्रो आउटलुक के मई अपडेट में कहा कि वैश्विक आर्थिक नीतियों को लेकर अनिश्चितता का असर उपभोक्ता, व्यवसाय और वित्तीय गतिविधियों पर पड़ने की संभावना है।

# खाद्य तेलों के साथ ही सभी जिंसों के भाव यथावत

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में लगातार जारी गिरावट और स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही सभी जिंसों के भाव यथावत रहे।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 64 रिंगिट उतरकर 3825 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.06 सेंट की गिरावट लेकर 48.67 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पॉम आयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

# नकद खर्च मामले में पहली बार शीर्ष तीन में बिहार

**नई दिल्ली,** 6 मई (एजेंसियां)। बढ़ती आय और बदलते उपभोक्ता व्यवहार के बीच भारत में नकद आधारित खर्च के नए ट्रेंड सामने आए हैं, जिससे उपभोक्ता अब 'कंज्यूमर ड्यूरेबल्स' और एफएमसीजी जैसे क्षेत्र पर ज्यादा खर्च कर रहे हैं। वहीं बिहार ने पहली बार नकद खर्च करने के मामले में शीर्ष तीन राज्यों में जगह बनाई है।

कारोबार सलाहकार कंपनी सीएमएस इंफो सिस्टम्स की मंगलवार को जारी कंजम्पशन रिपोर्ट 2025 के अनुसार, उपभोक्ता अब 'कंज्यूमर ड्यूरेबल्स' और एफएमसीजी जैसे सेक्टर्स पर ज्यादा खर्च कर रहे हैं। वहीं, बिहार ने पहली बार नकद खर्च में शीर्ष तीन राज्यों में जगह बनाई है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय उपभोक्ताओं के खर्च करने के पैटर्न में उल्लेखनीय बदलाव आया है। रिपोर्ट का यह तीसरा संस्करण देशभर के 1.46 लाख बिजनेस प्वॉइंट्स से एकत्र किए गए डेटा पर आधारित है, जिसे सीएमएस कैश इंडेक्स के जरिए विश्लेषित किया गया।

रिपोर्ट के अनुसार, बढ़ती प्रति व्यक्ति आय और खर्च करने योग्य आय के चलते उपभोक्ता अब खासकर कंज्यूमर ड्यूरेबल्स (जैसे होम अप्लायंसेज और फर्नीचर) पर अधिक खर्च कर रहे हैं। वित्त वर्ष 25 में इस क्षेत्र में औसत मासिक खर्च 72 प्रतिशत बढ़ा, जो वित्त वर्ष 24 में महज छह था।



■ कंज्यूमर ड्यूरेबल्स पर खर्च में 72 फीसदी उछाल

■ भारतीय उपभोक्ताओं के खर्च करने के पैटर्न में आया उल्लेखनीय बदलाव

मल्टी-ब्रांड आउटलेट्स पर उपभोक्ता खर्च में भी जोरदार उछाल देखा गया। वित्त वर्ष 24 में जहां इसमें 29 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी, वहीं वित्त वर्ष 25 में 12 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हुई। इसका कारण प्रीमियम उत्पादों की ओर बढ़ती उपभोक्ता झुकाव और इन्हें खरीदने के लिए ऑफलाइन स्टोर विजिट की बढ़ती प्रवृत्ति है।

एफएमसीजी क्षेत्र, जो वित्त वर्ष 23 में 22 प्रतिशत की गिरावट झेल चुका था, अब धीरे-धीरे रिकवरी की ओर है। वित्त वर्ष 25 में इस क्षेत्र में चार प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जिससे यह स्पष्ट होता है कि उपभोक्ता अनुभव आधारित खर्चों के बावजूद जरूरी वस्तुओं पर निरंतर खर्च कर रहे हैं। रिपोर्ट का एक दिलचस्प पहलू यह है कि पहली बार बिहार नकद आधारित खर्च के मामले में शीर्ष तीन राज्यों में शामिल हुआ है जबकि दिल्ली और उत्तर प्रदेश अपनी स्थिति वित्त वर्ष 23 से बनाए हुए हैं। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे राज्य भी पहली बार शीर्ष नकद खर्च करने वाले राज्यों की सूची में शामिल हुए। एटीएम ट्रेंड की बात करें तो वित्त वर्ष 25 में प्रति एटीएम औसतन 1.3 करोड़ रुपए निकाले गए।

# सड़क-पोल में अवैध बैनर पोस्टर पूर्णतः प्रतिबंधित पाए जाने पर लगेगा हर फ्लेक्स के 5 हजार जुर्माना

**एमआइसी की बैठक में लिया गया निर्णय, निगम कमिश्नर ने कहा सख्ती से करेंगे लागू**

**अब फ्लेक्स में मुद्रक का नाम अनिवार्य,अवैध लगे पाए जाने पर मुद्रक से भी होगी वसूली**

**सभी जोन और अतिक्रमण शाखा को तत्काल प्रभाव से अभियान छेड़ने के निर्देश**

**सभी शासकीय संपति को अवैध बैनर पोस्टर से मुक्त करने निर्देश**

**राजनीतिक दल,प्रिंटर्स,टेंट व्यावसायी को जानकारी देने बुलाई गई बैठक**

**बिलासपुर,** 6 मई (देशबन्धु)। सड़क,चौक-चौराहे,डिवाइडर और विद्युत खंभों समेत किसी भी शासकीय संपत्ति पर अब फ्लेक्स,बैनर,पोस्टर लगाने वालों की खैर नहीं। ऐसे अवैध बैनर पोस्टर लगाने वालों के खिलाफ नगर निगम कड़ी कार्रवाई करते हुए प्रति फ्लेक्स पांच हजार रूपये जुर्माना वसूलेगी और वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी ,साथ ही प्रिंटिंग करने वाले का नाम अब हर फलेक्स में मुद्रक के रूप में देना होगा,अवैध लगाए पाये जाने जुर्माना राशि का 50 प्रतिशत मुद्रक से वसूला जाएगा और 50 प्रतिशत फ्लेक्स छपवाने और लगाने वाले से। इस संबध में आज एमआईसी की बैठक में निर्णय लेकर प्रस्ताव पास किया गया। इसके अलावा दुकानों के बाहर दुकानदारों द्वारा सड़क पर बोर्ड स्थायी रूप से लगाया गया है,उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

शहर के मार्ग,चौक,डिवाइडर,खंभे, सड़क किनारे अवैध रूप से बैनर,पोस्टर लगाकर आवागमन को बाधित कर दिया जाता है इसके साथ ही दुर्घटना की संभावना भी काफी बढ़ जाती है। अवैध बैनर पोस्टर ना सिर्फ शहर की सुंदरता को खराब कर रहे हैं बल्कि शासकीय संपत्ति को भी विरूपित किया जा रहा है। इस कृत्य पर लगाम लगाने और कार्रवाई करने के लिए आज महापौर श्रीमती पूजा विधानी की अध्यक्षता में हुई एमआइसी की बैठक में सभी शासकीय संपत्तियों से अवैध बैनर पोस्टर निकालने और इसके खिलाफ लगातार अभियान चलाए जाने के साथ ही हर फ्लेक्स पर पांच हजार रूपये जुर्माना लगाने को लेकर निर्णय लिया गया।



## आज बुलाई गई बैठक

एमआइसी की बैठक में लिए गए निर्णय से अवगत कराने और सहयोग करने के संदर्भ बुधवार को शहर के सभी प्रिंटर्स,टेंट व्यावसायी,राजनीतिक दलों के पदाधिकारी समेत अन्य विज्ञापन कर्ता व्यवसायी और संस्थाओं की बैठक विकास भवन में बुलाई गई है।

## निगरानी और कार्रवाई के लिए टीम

एमआइसी की बैठक के बाद निगम कमिश्नर अमित कुमार ने आला अधिकारियों और सभी जोन कमिश्नरों की बैठक लेकर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए है। निगम कमिश्नर ने कहा की तत्काल प्रभाव से शहर के सभी शासकीय संपत्तियों को अवैध बैनर पोस्टर से मुक्त कराएं और ऐसा कृत्य करने वाले के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूल करें। निगम कमिश्नर ने सभी जोन स्तर पर इसकी निगरानी और कार्रवाई के लिए टीम गठित करने के भी निर्देश दिए है। निगम कमिश्नर ने सख्त निर्देश देते हुए कहा की नियमों के उल्लंघन अगर कहीं होता है तो जोन कमिश्नर और अतिक्रमण शाखा प्रभारी उसके जिम्मेदार होंगे।

## अवैध विज्ञापन बोर्ड लगाने पर आचार्य इंस्टीट्यूट को 50 हजार का जुर्माना

**24 घंटे के भीतर भुगतान करने के निर्देश**

बिलासपुरः नगर निगम ने आचार्य इंस्टीट्यूट पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। आचार्य इंस्टीट्यूट द्वारा बिना नगर निगम से अनुमति लिए ही शहर के बिजली और स्ट्रीट लाइट के खंभों के साथ ही अन्य सार्वजनिक स्थलों में अपने इंस्टीट्यूट का विज्ञापन किया जा रहा था। इंस्टीट्यूट द्वारा होर्डिंग्स, बैनर,पोस्टर के माध्यम से अपने संस्था का प्रचार प्रसार किया जा रहा था।

संस्था द्वारा बैनर, पोस्टर, होर्डिंग्स बनवाकर खंभों, सार्वजनिक स्थलों के साथ सरकारी संपत्तियों का उपयोग विज्ञापन के लिए जा रहा था। आचार्य इंस्टीट्यूट को भेजे नोटिस में निगम ने कहा है की आपके द्वारा नगर पालिक निगम बिलासपुर क्षेत्रांतर्गत शहर के विभिन्न चौक चौराहों, पेड़-पोधों एवं शासकीय संपत्तियों में बिना नगर निगम के अनुमति के अवैध रूप से विज्ञापन होर्डिंग्स /विज्ञापन बोर्ड / फलैक्स/बैनर लगाकर विज्ञापन कार्य किया जा रहा है, जो कि विज्ञापन (पंजीयन एवं विनियमन) आदर्श उपविधि 2012 का सरासर उल्लंघन है तथा शासकीय / सार्वजनिक संपत्तियों को विरूपित करने का कार्य किया गया है।

आपके द्वारा बिलासपुर शहर के शासकीय/ सार्वजनिक संपत्तियों पर लगाये गये समस्त अवैध विज्ञापन होर्डिंग्स /विज्ञापन बोर्ड/फलैक्स/बैनर को नगर निगम द्वारा अपने संसाधन / श्रमिकों के माध्यम से हटाया गया है जिसके लिए आपके उपर रूपये 50000/- (पचास हजार) की जुर्माना राशी लगायी जाती है एवं आपको चेतावनी दी जाती है कि आपके द्वारा इस प्रकार का कृत्य भविष्य में न किया जावे।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि 24 घण्टे के अंदर उपरोक्त जुर्माना राशि निगम कोष में जमा कराया जाना सुनिश्चित करें, अन्यथा आपके विरूद्ध विज्ञापन (पंजीयन एवं विनियमन) आदर्श उपविधि 2012 एवं नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 में निहित धाराओं के तहत आपके संस्थान/कार्य क्षेत्र को सील करने एवं अन्य विधिक कार्यवाही की जावेगी,।

**आईजी ने गंभीर शिकायतों पर की कार्रवाई**

# टीआई कलीम खान को किया पदावनत,एसआई बना दिया

**धोखाधड़ी के केस को कमजोर करने के लिए पैसों की मांग और आरोपी की पत्नी से यौन शोषण के थे आरोप**

**पांच साल पुरानी शिकायतों पर चार एसपी ने कराई जांच**

**बिलासपुर,** 6 मई (देशबन्धु)। एक समय दबंग पुलिस अधिकारी,व्यवहारिक, बेहतर लीडर,सुपर कॉप ,घर घुसकर अपराधी पकड़ने वाले जैसे शब्दों से नवाजे जा चुके चर्चित टीआई कलीम खान पर चार साल पुरानी गंभीर शिकायत में कार्रवाई हुई है। उन पर एक धोखाधड़ी के आरोपी से न केवल केस को कमजोर करने के लिए पैसों की मांग करने, बल्कि आरोपी की पत्नी से यौन शोषण के आरोप भी लगे थे। मामले की जांच के बाद आईजी संजीव शुक्ला ने उन्हें टीआई पद से पदावनत कर एक साल के लिए सब इंस्पेक्टर बना दिया है।



उल्लेखनीय है कि कलीम खान बिलासपुर जिले में विभिन्न थानों चकरभाठा, तारबाहर, सिविल लाइन, कोतवाली और साइबर सेल में तैनात थे। अपने कार्यकाल में उन्होंने कई हाई-प्रोफाइल केस सुलझाए, जिनमें विराट अपहरणकांड उल्लेखनीय है। हालांकि, कलीम खान हमेशा विवादों से घिरे रहे, और उनका तत्कालीन विधायक शैलेश पांडे से टकराव भी सुर्खियों में रहा। फिलहाल, कलीम खान अंबिकापुर के रेंज साइबर थाने में पदस्थ हैं, लेकिन अब वह आई जी के आदेश के बाद सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्य करेंगे।

बिलासपुर जिले में पदस्थ रहने के दौरान धोखाधड़ी के एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने कलीम खान अपनी टीम के साथ दिल्ली गए हुए थे। इस दौरान आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उसकी पत्नी को फोन और मैसेज के माध्यम से बुलवा केस कमजोर करने और जमानत दिलवाने के नाम पर रुपयों की मांग का आरोप कलीम खान पर लगा था। इसके अलावा आरोपी की पत्नी ने पति को छोड़ने की एवज में यौन शोषण का आरोप भी टीआई कलीम खान पर लगाया था। एसपी प्रशांत अग्रवाल के कार्यकाल के दौरान आरोपी पकड़ने जाने और रुपयों की मांग तथा यौन शोषण की शिकायत अगले एसपी दीपक झा की पदस्थापना के दौरान हुई थी। शिकायत मिलने पर एसपी दीपक झा ने डीएसपी स्तर के अधिकारी से मामले की प्रारंभिक जांच करवाई। प्रारंभिक जांच में मामला प्रमाणित हुआ। इस बीच एसपी दीपक झा का भी तबादला हो गया। दीपक झा के तबादले के बाद बिलासपुर एसपी पारुल माथुर ने प्रारंभिक जांच प्रमाणित होने के चलते विभागीय जांच के आदेश दिए थे। विभागीय जांच पर मामला प्रमाणित हो गया।

एकत्र जानकारी के मुताबिक यह पूरा मामला 5 साल पुराना है। वर्ष 2025 में जब मेडिकल कॉलेज में दाखिला दिलवाने के नाम पर तीन आरोपियों ने मिलकर 82 लाख रुपये की ठगी की थी। इस मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के करीब सात माह बाद, वर्ष 2021 में एक आरोपी की पत्नी ने तत्कालीन थाना प्रभारी (टीआई) कलीम खान पर पैसे मांगने और शारीरिक शोषण का आरोप लगाया। उस समय जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) प्रशांत अग्रवाल थे। यह शिकायत उनके कार्यकाल के दौरान दर्ज की गई थी। उनके स्थानांतरण के बाद दीपक झा ने एसपी पद का कार्यभार संभाला और उन्होंने मामले में प्रारंभिक जांच करवाई।

जांच में आरोप प्रथम दृष्टया प्रमाणित पाए गए, लेकिन जांच पूरी होने से पहले उनका भी तबादला हो गया। इसके पश्चात एसपी पारुल माथुर ने पदभार ग्रहण किया और पूर्व जांच रिपोर्ट के आधार पर विभागीय जांच के आदेश दिए। उनके बाद एसपी संतोष सिंह और फिर रजनेश सिंह ने पदभार संभाला। विभागीय जांच की प्रक्रिया इन सभी के कार्यकाल के दौरान जारी रही। अब विभागीय जांच में आरोप सिद्ध हो जाने के बाद, आईजी संजीव शुक्ला ने निरीक्षक कलीम खान को पदावनत करते हुए एक वर्ष के लिए उप निरीक्षक (सब-इंस्पेक्टर) बना दिया है।

## जानें क्या है पूरा मामला

पूरा मामला कोनी थाने से जुड़ा हुआ है। वर्ष 2020 में प्रार्थी तरुण साहू ने एफआईआर करवाते हुए बताया है कि उनकी बेटी और रायगढ़ के उनके मित्र दीपक शर्मा की बेटी को पश्चिम बंगाल के एक निजी मेडिकल कॉलेज में एडमिशन करवाने के सिलसिले में दोनों 18 अक्टूबर 2020 को दिल्ली गए थे। इस दौरान उनकी आरोपियों से मुलाकात हुई। आरोपियों ने उन्हें रकम मिलने पर एडमिशन करवा देने का आश्वासन दिया।

तब तरुण साहू ने अपने झारखंड के टाटानगर निवासी परिचित भागवत वर्मा को भी इसकी जानकारी दी। उनकी बेटी को भी एमबीबीएस में एडमिशन चाहिए था। तरुण साहू, भागवत वर्मा और दीपक शर्मा ने अपने बच्चों का मेडिकल कॉलेज में एडमिशन करवाने के लिए आरोपियों को 82 लाख रुपए दिया था। पर तीनों के बच्चों का मेडिकल कॉलेज में एडमिशन नहीं हुआ और ना हीं ठगों ने रकम लौटाई।

जिस आरोपी को गिरफ्तार करने पर लेनदेन के आरोप में मिली सजा, वह कोरोना में पैरोल लेकर हो गया। फरार धोखाधड़ी के आरोपी की गिरफ्तारी के सात माह बाद उसकी पत्नी ने टीआई कलीम खान के खिलाफ शिकायत की। वही आरोपी खुद कोरोना के समय पैरोल लेकर जेल से निकला था और फरार हो गया। जिसकी गिरफ्तारी अब तक नहीं हो पाई है।

## आउट ऑफ टर्न पदोन्नति भी

रायपुर में एक चर्चित मामले का खुलासा कर आरोपी की गिरफ्तारी करने पर कलीम खान को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन दिया गया था, जिसके तहत उन्हें उप निरीक्षक से पदोन्नत कर निरीक्षक बनाया गया। उप निरीक्षक स्तर पर यह संभवतः प्रदेश का पहला ऐसा मामला था जिसमें मैदानी क्षेत्र में किए गए कार्य के लिए, नक्सल प्रभावित क्षेत्र के बाहर, ओटी प्रमोशन प्रदान किया गया था। हालांकि, अब उन्हें पुनः निरीक्षक से एक वर्ष के लिए उप निरीक्षक पद पर वापस कर दिया गया है। आई जी के इस आदेश पर पूरे पुलिस महकमे में व्यापक चर्चा है।

# रायपुर रेल मंडल को मिला ईट राइट कैंपस का प्रतिष्ठित खिताब

**बिलासपुर,** 6 मई (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा ईट राइट कैंपस का खिताब प्रदान किया गया है। यह उपलब्धि स्वास्थ्य, स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा के उच्चतम मानकों को अपनाने का प्रमाण है।



इस सम्मान के अंतर्गत रायपुर मंडल के रनिंग रूम रायपुर, रनिंग रूम भिलाई, रनिंग रूम दुर्ग तथा मंडल रेल प्रबंधक स्टाफ कैंटीन शामिल हैं। इससे पूर्व, बिलासपुर जोन के बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग एवं गोंदिया रेलवे स्टेशनों को पहले ही ईट राइट स्टेशन का प्रमाणन प्राप्त हो चुका है।

यह उल्लेखनीय उपलब्धि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के चिकित्सा विभाग तथा भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के बीच हुए समन्वय एवं सतत प्रयासों का परिणाम है। यह प्रमाणन न केवल कर्मचारियों के स्वास्थ्य एवं कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है, बल्कि रेलवे की भोजन व्यवस्था में पारदर्शिता और गुणवत्ता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

## प्रमुख विशेषताएं

**खाद्य लाइसेंस अनुपालन-** सभी इकाइयों ने आवश्यक खाद्य लाइसेंस प्राप्त कर लिए हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि खाद्य विक्रेता के निर्धारित मानकों का पालन करते हैं।

**स्वास्थ्य परीक्षण-** सभी खाद्य सेवा कर्मियों का व्यापक चिकित्सीय परीक्षण कर उनकी स्वास्थ्य स्थिति का सत्यापन किया गया।

**प्रशिक्षण-** सभी संबंधित कर्मचारियों को खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण और प्रमाणन के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता का व्यापक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

**ऑडिट प्रक्रिया-** मान्यता प्राप्त ऑडिट संस्थाओं के माध्यम से सभी इकाइयों का गहन मूल्यांकन कर ईट राइट कैंपस का प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक का कुशल मार्गदर्शन और सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे भविष्य में भी अपने कर्मचारियों एवं यात्रियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता रहेगा।

## त्वरित रूप से काम हो जाने पर खुश हैं विमला बाई

**बिलासपुर**, 6 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में आयोजित प्रदेश व्यापी सुशासन तिहार अब ग्रामीण अंचलों के लिए केवल एक सरकारी अभियान नहीं, बल्कि लोगों की ज़िंदगी में बदलाव लाने वाली पहल बनती जा रही है। ऐसा ही एक उदाहरण देखने को मिला विकासखंड मस्तूरी के ग्राम जैतपुरी में जहां लघु किसान बिमलाबाई मानिकपुरी को वर्षों की प्रतीक्षा के बाद आखिरकार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिल पाया। बिमलाबाई, जो एक लघु कृषक हैं और पति के निधन के बाद अकेले ही परिवार की जिम्मेदारियाँ निभा रही हैं।



## रेलवे सुरक्षा बल द्वारा फ्लैग मार्च के माध्यम से यात्रियों को कराया गया सुरक्षित यात्रा का एहसास

**बिलासपुर,** 6 मई (देशबन्धु)। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं उनके मन में विश्वास व सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने हेतु रेलवे सुरक्षा बल बिलासपुर द्वारा कल सोमवार को सप्ताह के पहले दिन की शुरूवात फ्लैग मार्च से की गई। रेलवे सुरक्षा बल बिलासपुर के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त श्री मुनव्वर खुर्शीद के मार्गदर्शन एवं उप महानिरीक्षक मोहम्मद शाकिब के कुशल नेतृत्व में सुबह 07 बजे महाप्रबंधक कार्यालय परिसर में बिलासपुर के आरपीएफ के अधिकारी व जवान एकत्रित हुये तथा रेलवे परिक्षेत्र, स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से महाप्रबंधक कार्यालय बिलासपुर से तितली चौक-रेलवे कालोनी-गिरजा चौक होते हुए बिलासपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे।

फ्लैग मार्च के दौरान वरिष्ठ मंडल सुरक्षा अधिकारी दिनेश सिंह तोमर व आरपीएफ के जवानों ने अनुशासित एवं सशक्त उपस्थिति के साथ स्टेशन परिसर, प्लेटफार्म, यात्री प्रतीक्षालय एवं ट्रेनों में भ्रमण कर यात्रियों को सुरक्षित यात्रा का एहसास कराया। यात्रियों को जागरूक करने के लिए सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रदान की गई, साथ ही संदिग्ध गतिविधियों पर नजर भी रखी गई एवं यात्रियों को किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में हेल्पलाइन नंबर 139 पर संपर्क करने के लिए जागरूक किया गया। इस फलैग मार्च में 100 से अधिक अधिकारी व जवान शामिल हुये।

यह फ्लैग मार्च यात्रियों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। ग्रीष्मकालीन के दौरान यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए आरपीएफ सतर्क है और हर संभव कदम उठा रही है ताकि किसी भी प्रकार की अवांछनीय घटना को रोका जा सके। रेल प्रशासन यात्रियों से आग्रह करता है कि वे अपनी यात्रा के दौरान सतर्क रहें, संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की जानकारी तुरंत आरपीएफ को दें और सहयोग बनाए रखें।

# बिलासपुर के शातिर और पेशेवर बकरी चोर गिरोह के 7 लोग पड़ोसी जिले में पकड़े गए

**बिलासपुर**, 6 मई (देशबन्धु)। बिलासपुर शहर और आसपास के आधा दर्जन पेशेवर बकरी चोरों ने पड़ोसी जिले कबीर धाम पहुंच कर एक दो नहीं बल्कि 80 बकरी पार कर दिए लेकिन वहां की पुलिस से वे बच नहीं पाए। पुलिस ने बिलासपुर के 7 बकरी चोरों को गिरफ्तार कर चोरी किए बकरियों को उनके कंधे में लाद कर जुलूस निकाल दिया । ये बकरी चोर इतने पेशेवर कि चोरी की बकरियों को आसानी से ले जाने के लिए एक इनोवा वाहन को मोडिफाई करवा रखा था । पुलिस इनोवा को भी जब्त कर लिया है ।



बिलासपुर के पेशेवर बकरी चोर गिरोह के आरोपियों के पास से पुलिस ने चोरी की 16 बकरियाँ बरामद करने के साथ ही बकरी चोरी के लिए उपयोग किए जाने वाले मॉडिफाइड इनोवा को भी जब्त किया गया है।

कबीरधाम जिले के कुकदूर, पंडरिया और कवर्धा थाना क्षेत्रों में रात के समय बकरी चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही थी। तकनीकी साक्ष्य और सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण से पता चला कि बिलासपुर के मोपका, मंगला और मगरपारा से संचालित एक गिरोह कबीरधाम के दूरस्थ ग्रामीण इलाकों को निशाना बना रहा था। गिरोह अब तक 80 से अधिक बकरियों की चोरी कर चुका है। चुराई गई अधिकांश बकरियां बिलासपुर शनिचरी बाजार के मटन दुकानों में बेच दी गईं जबकि 16 बकरियां आरोपियों से बरामद की गईं।

आरोपी चोरी के लिए विशेष रूप से मॉडिफाइड इनोवा गाड़ी का इस्तेमाल करते थे, जिसमें बकरियों को आसानी से छिपाकर ले जाया जा सके। पुलिस ने आरोपियों को बकरियों के साथ शहर में जुलूस भी निकाला। बकरियों को कंधे पर लदवाकर शहर में घूमाया गया। इसके बाद कोर्ट में पेश किया गया। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वे बकरियों को चुराने के बाद रात में ही बिलासपुर ले जाकर मटन दुकानों में बेच देते थे। गिरोह का तरीका सुनियोजित था, जिसमें तेज गति से वाहन का उपयोग, मोबाइल का सीमित प्रयोग और तकनीकी निगरानी से बचने की रणनीति शामिल थी। हालांकि कबीरधाम पुलिस की सजगता और समन्वय से उन्हें पकड़ लिया गया।

## गिरफ्तार आरोपी

शब्बीर खान, पिता रहीम खान, उम्र 20 वर्ष, वार्ड क्रमांक 47, मोपका चिल्हाटी, बिलासपुर। गौरव धूरी, पिता दिनेश धूरी, उम्र 20 वर्ष, मोपका चिल्हाटी, बिलासपुर। मनीष पटेल, पिता गेंदराम पटेल, उम्र 25 वर्ष, मगरपारा, बिलासपुर। सोहेल खान, पिता शेख अब्दुल्ला, उम्र 20 वर्ष, मंगला चौक, बिलासपुर। अजय सोनवानी, पिता राजेंद्र सोनवानी, उम्र 29 वर्ष, बजरंग चौक, बिलासपुर। सहबान खान, पिता अब्दुल रहमान, उम्र 27 वर्ष, चिल्हाटी, बिलासपुर। शाहीद खान, पिता अब्दुल रहमान, उम्र 19 वर्ष, चिल्हाटी, बिलासपुर।

## समाधान शिविर में मनीष यादव को तत्काल मिला श्रमिक कार्ड

**बिलासपुर**, 6 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जन सरोकार से जुड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में सकरी में आयोजित समाधान शिविर में श्री मनीष यादव की समस्या का भी तत्काल समाधान हुआ। उन्हें विधायक श्री धर्मजीत सिंह ने श्रमिक कार्ड दिया। श्रमिक कार्ड मिलने पर सकरी निवासी श्री मनीष यादव ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि उन्होंने श्रमिक कार्ड बनवाने के लिए सुशासन तिहार में आवेदन दिया था। श्रम विभाग द्वारा तत्काल पंजीयन कर श्रमिक कार्ड दिया गया। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार सरकार की बहुत अच्छी पहल है। अब वे श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे।

**NECC**

| 07.05.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 501 | 65 | 135 |
| चिल्हर | 6.00 | 90 | 160 |
| डिलीवरी | 516 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 70 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

CSPFA

## दर्शनीय स्थल में अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाला गिरफ्तार

**बिलासपुर**, 6 मई (देशबन्धु)। चेतना विरुद्ध नशा व प्रहार अभियान के तहत अवैध शराब बिक्री करने वाले के विरुद्ध कार्यवाही हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा निर्देशित किया गया है। मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम भनवारटंक रेल्वे स्टेशन के पास में अवैध रूप से धनार्जन करने के उद्देश्य से कच्ची महुआ शराब बिक्री कर रहे हैं। सूचना से वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया जिनके निर्देशानुसार व श्रीमती अर्चना झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं श्रीमती नुपूर उपाध्याय अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोटा के मार्गदर्शन में टीम गठित कर ग्राम भनवारटंक रेल्वे स्टेशन के पास अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले पर रेड कार्रवाई कर आरोपी राकेश सारथी पिता घनश्याम सारथी उम्र 25 वर्ष निवासी सारधा थाना लोरमी जिला मुंगेली हाल मुकाम भनवारटंक के कब्जे से अलग अलग प्लास्टिक डिब्बा में कुल 15 लीटर कच्ची महुआ शराब, बिक्री रकम 120 रू.कीमती 3000 रु को विधिवत जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2), 34(1)ख आबकारी एक्ट की कार्यवाही करते हुये आरोपी को 06.05.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।

देशबन्धु बिलासपुर संस्करण के 35वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई ....





राकेश श्रीवास्तव
सांसद प्रतिनिधि
चिरमिरी एसईसीएल

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 फोन- 07752 422771